www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

वर्ष 31 अंक 248 | जबलपुर, मंगलवार दिनांक 03 मार्च 2026 | पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 3.00



## होली की आभा बनी रहे

होली रंग-उमंग ही नहीं, मेल-मिलाप और आत्मीयता को बल देने वाला ऐसा सहज त्योहार है जिसमें मनुष्य अपना संकोच त्यागकर आनंद भाव से भर उठता है। होली न केवल जीवन के परंपरागत ढर्रे को तोड़ती है, बल्कि हर किसी को अपना बनाने-समझने का संदेश भी देती है। इसी कारण यह एक अनूठा त्योहार है। होली मन के उल्लास के साथ प्रेम भाव को व्यक्त करने वाला पर्व है। चूंकि होली हर तरह के सामाजिक भेद को मिटाती है इसीलिए उसे उमंग, उल्लास, रोमांच और प्रेम के आह्वान के पर्व के रूप में अधिक जाना जाता है। कलुषित भावनाओं का दहन कर नेह की ज्योति जलाने और सभी को एक रंग में रंगकर बंधुत्व को बढ़ाने वाले इस त्योहार को मनाने के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन उसका एक ही संदेश है- प्रेम, बंधुत्व के साथ प्रकृति की महत्ता। होली शीत ॠतु की विदाई और ग्रीष्म के आगमन का सांकेतिक पर्व भी है। बसंत के बाद इस समय पतझड़ के कारण साख से पत्ते टूटकर दूर हो रहे होते हैं। ऐसे में परस्पर एकता, लगाव और मैत्री को एक सूत्र में बांधने का संदेशवाहक यह पर्व पूरे परिवेश को एक अलग उमंग से भर देता है। बुराई की प्रतीक होलिका अच्छाई के प्रतीक और ईश्वर श्रद्धा के अनुपम उदाहरण प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं कर सकी। होली यही संदेश देती है कि बुराई भले कितनी ही बुरी क्यों न हो पर अच्छाई के आगे उसका मिटना तय है। हमारे अन्य पर्वों की तरह होली भी हमें अपनी परंपराओं से जुड़ने को कहती है। इन परंपराओं को पुष्ट किया जाना चाहिए और इस पर विचार होना चाहिए कि आखिर फागुन के प्राचीन उपमा-अलंकार कहां गए? मदन मंजरियों का क्या हुआ? ढोलक की गूंज के साथ फाग गायन को सुनने के लिए अब कान क्यों तरसते हैं? आधुनिकता और संचार क्रांति के इस युग में होली खुले मैदान, गली-मोहल्लों से निकलकर मोबाइल स्क्रीन पर सिमट रही है। हमें सुनिश्चित करना होगा कि होली वाट्सएप-फेसबुक के संदेशों तक सिमटकर न रह जाए। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि मेल-मिलाप और खुशियों की सौगात देने वाली होली अपनी उसी आभा के साथ मनाई जाए जिसके लिए वह सदियों से जानी जाती रही है। आप सभी को रंगोत्सव की हार्दिक शुभकामनाएं। -राजेन्द्र मिश्रा

# किसान कल्याण वर्ष में हर अंचल में होगी कृषि कैबिनेट

## पहली कृषि कैबिनेट में कृषि विकास और सिंचाई योजनाओं के लिए 27 हजार 500 करोड़ मंजूर

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में सोमवार को हुई पहली कृषि कैबिनेट में कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता से संबंधित 27 हजार 500 करोड़ रूपये की विभिन्न योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। किसान कल्याण वर्ष में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट में किसानों और विभिन्न उत्पादक गतिविधियों में लगे लोगों के लिए 25 हजार 678 करोड़ रूपये की योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कृषि कैबिनेट में नर्मदा नियत्रंण मण्डल की बैठक में बड़वानी जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए 2,068 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इन योजनाओं में स्वीकृत की गई राशि अगले 5 वर्षों में व्यय की जायेगी। जनजातीय अंचल में मंत्रि-परिषद के सभी सदस्यों ने जनजातीय परंपरागत वस्त्रों को धारण कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अभ्युदय मध्यप्रदेश में जनजातीय वर्ग के सम्मान और कल्याण का सशक्त संदेश दिया। मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश एकीकृत मत्स्य उद्योग नीति-2026 को स्वीकृति दी। इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपये 3 हजार करोड़ का निवेश एवं लगभग 20 हजार रोजगार (10 हजार




प्रत्यक्ष एवं 10 हजार अप्रत्यक्ष) सृजित होंगे। इस नीति में 18 करोड़ 50 लाख रूपये के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई। इसमें केज कल्चर को आधुनिक स्वरुप में बढ़ावा देते हुए लगभग एक लाख केज स्थापित किये जायेंगे। इस नीति में मछली पालन संबंधी गतिविधि के साथ ईको-टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी को शामिल करते हुये बहुउद्देशीय आजीविका मॉडल के रुप में कार्य होगा। मंत्रि-परिषद ने पशु चिकित्सालय एवं अन्य भवनों के अधोसंरचनात्मक विकास के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में अगले 5 वर्षों तक पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल कें लिए 610 करोड़ 51 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की। यह कार्य वर्ष 2026 से 2031 तक निरंतर जारी रहेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रूपये की स्वीकृति, राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन को आगामी 5 वर्षों की निरंतरता के लिए 1150 करोड़ रूपये की स्वीकृति, सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए 1,375 करोड़ रूपये की स्वीकृति, पौधशाला उद्यान के लिए 1 हजार 739 करोड़ रूपये, किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 20 परियोजनाओं के लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपये, सहकारी बैंकों के अंश पूंजी सहायता योजना के लिए 1 हजार 975 करोड़ रूपये, कृषकों को अल्पकालीन ॠण पर ब्याज अनुदान योजना के लिए 3 हजार 909 करोड़ रूपये, सहकारी संस्थाओं के कुशल संचालन के लिए 1, 073 करोड़ रूपये, पशुधन विकास के लिए 656 करोड़ रूपये, पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र की 11 योजनाओं के लिए 6 हजार 518 करोड़ रूपये तथा बड़वानी जिले की 2 सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए 2067.97 करोड़ रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# जंग में यूरोपीय देश भी कूदने को तैयार

## ईरान में तीसरे दिन भी हमले जारी, 555 लोगों की मौत

तेहरान (वार्ता)

इजरायल तथा अमेरिका का ईरान पर संयुक्त हमला और उसकी जवाबी कार्रवाई सोमवार को तीसरे दिन भी जारी रही जिसमें अब तक ईरान में करीब 555 लोगों की मौत हो गयी है। ईरान की जवाबी कार्रवाई में पड़ोसी देशों में अमेरिकी सैन्य अड्डो को आज भी निशाना बनाया गया। इस बीच सैन्य कार्रवाई में मारे गये ईरान के नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की घायल पत्नी की मौत हो गयी। सरकारी टीवी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए उन्हें शहीद करार दिया। इजरालय ने ईरान के साथ साथ लेबनान को भी निशाना बनाया और दावा किया कि उसने वहां सक्रिय आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के खुफिया प्रमुख हुसैन माकलेद को मार डाला है। इससे पहले लेबनान ने कहा कि दक्षिणी इलाकों और राजधानी बेरूत पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 31 लोग मारे गए और डेढ़ सौ से अधिक घायल हो गए। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिजबुल्ला की सैन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए इजरायल के साथ बढ़ते तनाव के बीच संगठन से अपने हथियार सौंपने का आग्रह किया है। इस जंग में यूरोपीय देशों ने भी हस्तक्षेप करने का ऐलान कर दिया है। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच कहा है कि वे ईरान के खिलाफ आवश्यक और आनुपातिक रक्षात्मक कार्रवाई के लिए तैयार हैं। तीनों देशों की ओर से जारी संयुक्त बयान में कहा गया, हम क्षेत्र में अपने और अपने सहयोगियों के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएंगे, ताकि ईरान की मिसाइल और ड्रोन दागने की क्षमता को उनके स्त्रोत पर नष्ट किया जा सके। बयान में कहा गया कि इस मुद्दे पर तीनों देश अमेरिका और क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ब्रिटेन ने अमेरिकी अनुरोध स्वीकार करते हुए अपने ठिकानों के उपयोग की अनुमति विशिष्ट और सीमित रक्षात्मक उद्देश्य के लिए दी है।




### 168 छात्राएं मारी गयीं

रेड क्रेसेंट सोसाइटी के अनुसार, अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले शुरू होने के बाद से ईरान में कम से कम 555 लोग मारे गए हैं। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, एक लड़कियों के प्राथमिक विद्यालय पर हुए हमले में कम से कम 168 छात्राएं मारी गयीं, जबकि राजधानी और उत्तरी ईरान में अलग-अलग हमलों में तीन अन्य छात्र मारे गए। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान में एक चीनी नागरिक भी मारा गया है। साइप्रस के दक्षिणी तट पर अक्रोटिरी में ब्रिटिश एयरबेस पर सोमवार सुबह एक ड्रोन ने हमला किया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### इजरायल में 10 लोग मारे गए

यूरोपीय यूनियन की अध्यक्ष उर्सूला वान डेर लेयेन ने कहा है कि पश्चिम एशिया की स्थिति अब भी अस्थिर बनी हुई है, लेकिन ईरान के लंबे समय से पीड़ित लोगों के लिए एक नयी उम्मीद जगी है। इजरायल के अनुसार, ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से इजरायल में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 200 से अधिक घायल हुए हैं। इराक के पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (एक ईरान समर्थित अर्धसैनिक समूह) के चार सदस्य एक अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूएई में तीन लोग मारे गए हैं।

### गलती से मार गिराया लड़ाकू विमान

इसके अलावा कुवैत में एक संदिग्ध ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सेवा सदस्य मारे गए। बहरीन की सरकारी मीडिया ने बताया कि सलमान इंडस्ट्रियल सिटी में एक रोके गए मिसाइल के मलबे से एक विदेशी जहाज पर आग लग जाने के बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई। इससे इतर पाकिस्तान के कुछ शहरों में ईरान समर्थकों पर पुलिस की गोलीबारी में 23 लोगों की मौत की खबर भी है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार तीन अमेरिकी लड़ाकू विमान कुवैत की ओर से गलती से हुए हमले में गिर गए हैं। सेंटकॉम के बयान के अनुसार, कुवैती हवाई रक्षा प्रणाली ने सोमवार को गलती से एफ-15 स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमानों को मार गिराया।

### ट्रंप के साथ बातचीत से इनकार

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के नये नेतृत्व के साथ परमाणु वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमति जतायी है। ट्रम्प ने कहा है कि वे बातचीत करना चाहते हैं और मैंने बातचीत के लिए सहमति दे दी है, इसलिए मैं उनसे बात करूंगा। उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि वे किससे बात करेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी नयी बातचीत से इनकार कर दिया है।

### ईरान के हमले में एक भारतीय की मौत

ओमान बंदरगाह के निकट एक तेल टैंकर एमकेडी व्योम पर ईरान के हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हुई है। पश्चिम एशिया में पिछले तीन दिन से अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी लड़ाई में किसी भारतीय नागरिक की मौत की यह पहली घटना है। ओमान में भारतीय दूतावास ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। दूतावास ने कहा, भारतीय दूतावास एमकेडी व्योम पर सवार एक भारतीय नागरिक के दुखद निधन पर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त करता है।

## एआई जेनरेटेड सबूतों के आधार पर फैसला गलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से तैयार सबूतों के आधार पर फैसला लिखना गलत है। जस्टिस



पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि यह साधारण गलती नहीं हो सकती। कोर्ट ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी। दरअसल अगस्त 2023 में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी केस में,ढ्ढ से बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया। इसके खिलाफ आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई, जिसे जनवरी 2024 में खारिज कर दिया गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। 17 फरवरी को भी कोर्ट ने,ढ्ढ टूल से तैयार पिटीशन फाइल करने के बढ़ते ट्रेंड पर चिंता जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि अगर किसी फैसले का आधार नकली या गैर-मौजूद सबूत हैं तो यह गंभीर मिसकंडक्ट है। इसका सीधा असर न्याय देने की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर पड़ता है। ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया गया है कि स्पेशल लीव पिटीशन के निपटारे तक एडवोकेट-कमिश्नर की रिपोर्ट के आधार पर आगे न बढ़े। यह टिप्पणी वकीलों और न्यायपालिका दोनों के लिए चेतावनी मानी जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने जवाबदेही की जांच की बात कही है। संभव है कि कोर्ट न्यायिक प्रक्रिया में एआई के उपयोग को लेकर दिशा-निर्देश तय करे। बार काउंसिल की भूमिका भी अहम होगी। यदि जरूरत पड़ी तो पेशेवर आचरण के नियमों में संशोधन हो सकता है। कोर्ट ने कहा, एआई से बनी सामग्री को बिना जांच सबूत न मानें, कोर्ट में पेश दस्तावेज़ प्रमाणिक

### कार में जिंदा जले पिता-पुत्र

छिंदवाड़ा (स्वतंत्र मत)। मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में बोलेरो से टकराकर कार के सीएनजी टैंक में ब्लास्ट होने से आग लग गई। भीषण हादसे में पिता-पिता पुत्र की कार के अंदर की जलकर मौके पर मौत हो गई। कार में जिंदा जलने का वीडियो भी सामने आया है। हादसा कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के सिवनी रोड पर हुआ है। मृतकों की पहचान 61 वर्षीय अमृत सिंह और 22 वर्षीय पुत्र अरुण सिंह के रूप में की गई है। वह डब्ल्यूसीएल के रिटायर्ड कर्मचारी थे।

### केमिकल प्लांट से ओलियम गैस का रिसाव

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट से ओलियम गैस के रिसाव की घटना सामने आई है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही संबंधित एजेंसियां और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गईं। फिलहाल स्थिति पर नजर रखी जा रही है और रिसाव को नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं। एहतियात के तौर पर आसपास के इलाके से करीब 2600 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। घटना में किसी के हताहत होने की अब तक जानकारी नहीं मिली है।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस के एमडी आलोक सिंह का इस्तीफा 19 को

नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक सिंह 19 मार्च को अपने पद इस्तीफा देगें। वह जल्द ही अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले हैं। आलोक सिंह के नेतृत्व में एयरलाइन ने कई महत्वपूर्ण बदलाव और विस्तार देखे हैं। कंपनी ने उनके अगले उत्तराधिकारी के नाम की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

### भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है।

### अवकाश सूचना

समस्त पाठकों, विज्ञापन दाताओं तथा शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि होली पर्व के अवसर पर 3 एवं 4 मार्च 2026 को दैनिक स्वतंत्र मत कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होगा।

– संपादक

## कनाडा जैसा ही अमेरिका के साथ समझौते का भाजपा ने किया था विरोध: जयराम रमेश

नई दिल्ली (वार्ता)



कांग्रेस ने कहा है कि यूरेनियम आपूर्ति और स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर सहयोग का जो समझौता मोदी सरकार ने कनाडा के साथ किया है 2008 में अमेरिका के साथ इसी तरह के समझौते का भाजपा ने कड़ा विरोध किया था। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां एक बयान में भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि जब डॉ मनमोहन सिंह की सरकार ने 2008 में अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते किया था तो भाजपा ने उसका जोरदार विरोध किया था लेकिन आज भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार उसी तरह के समझौते पर कनाडा के साथ हस्तक्षर कर रही है। उनका यह भी कहना था कि 2008 में हुए समझौते की बदौलत कनाडा के साथ परमाणु सहयोग समझौता हुआ है। भारत और कनाडा ने यूरेनियम की आपूर्ति और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के निर्माण में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका की कंपनी जीई द्वारा तारापुर में भारत के पहले वाणिज्यिक परमाणु रिएक्टर की आपूर्ति के बाद, कनाडा कलपक्कम और अन्य स्थानों पर भारी जल रिएक्टर स्थापित करने में भारत की सहायता कर रहा था। उससे पहले 18 मई 1974 को पोखरण में हुए शांतिपूर्ण परमाणु विस्फोट के बाद यह सहायता बंद कर दी गई थी। इन रिएक्टरों को वास्तव में कनाडा ड्यूटेरियम यूरेनियम रिएक्टर कहा जाता था। उन्होंने कहा कि कनाडा और भारत के बीच आज जो समझौता हुआ है, वह केवल अक्टूबर 2008 में हुए भारत-अमेरिका परमाणु समझौते के कारण ही संभव हो पाया है। तब पूरी तरह से यह समझौता डॉ. मनमोहन सिंह के आग्रह और दृढ़ता के कारण संभव हुआ था। उस समय भाजपा ने इस समझौते का कड़ा विरोध किया था। पार्टी ने कहा कि यूरेनियम आपूर्ति के साथ-साथ एसएमआर तकनीक में सहयोग पर सहमति बनी है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह समझौता भारत की ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। कांग्रेस ने कहा कि यह घटनाक्रम इस बात का उदाहरण है कि 2008 का परमाणु समझौता भारत की दीर्घकालिक रणनीतिक और ऊर्जा हितों के लिए कितना निर्णायक था।

## महिलाएं हर क्षेत्र में नयी ऊंचाईयों को छू रही: मुर्मू

नई दिल्ली (वार्ता)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं और वे राजनीति, समाज सेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में नई ऊंचाईयों को छू रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को यहां सशक्त नारी समृद्ध दिल्ली के दिल्ली सरकार की महिलाओं से संबंधित चार योजनाओं का शुभारंभ करने के बाद कहा कि आज यहां कहा कि महिलाएं समाज का अहम हिस्सा हैं। उनका सम्मान, सशक्तीकरण सभ्य समाज की निशानी है। भारत का इतिहास महिलाओं की साहस, वीरता और त्याग और बलिदान की अनगिनत कथाओं से भरा हुआ है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के कुशल प्रशासन, न्याय परायणता एवं कल्याणकारी कार्यों का आज भी गुणगान किया जाता है। रानी लक्ष्मीबाई का साहस, मातृभूमि के लिए उनका बलिदान आज भी हम सभी देशवासियों के हृदय में प्रेरणा के दीप जलाते हैं।



सावित्री बाई फुले ने महिला शिक्षा की ज्योति जगायी थी। रानी गाइदिन्ल्यू और सरोजनी नायडू जैसी महिला स्वाधीनता सेनानियों ने भारत माता का गौरव बढाया है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ रही है। सैनिक के रूप में देश की सीमाओं की सेवा कर रही है। वैज्ञानिक के रुप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही है। खेल प्रतिस्पर्धा में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का तिरंगा लहरा रही है। राजनीति, समाज सेवा तथा प्रशासन तथा व्यापार जगत समेत सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई उंचाई को छू रही है। उन्होंने कहा कि देश भर के दीक्षांत समारोहों में उपाधि और पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में बेटियों की बढती संख्या हमारे लिए प्रेरणा दायक दृश्य प्रस्तुत करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन सबके बावजूद यह भी एक सच्चाई है कि महिलाएं आज भी हिंसा, आर्थिक असमानता और सामाजिक रुढियां और स्वास्थ्य संबधी उपेक्षाओं का सामना कर रही है। इन बाधाओं को दूर करके ही महिला सशक्तीकरण के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। वास्तव में महिला तब सशक्त होंगी जब उसमें स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने की क्षमता हो और आत्मसम्मान के साथ जीवन जीने की आकांक्षा हो और समान अवसर एवं सुरक्षा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सशक्त महिला न केवल अपना जीवन बल्कि समाज और आने वाली पीढियों की दिशा बदल सकती है।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं, विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े प्रकरणों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दिव्यांशु चौधरी, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत श्री पंकज जैन, एसडीएम बजाग श्री रामबाबू देवांगन, एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर श्री वैधनाथ वासनिक, सुश्री प्रियांशी जैन एवं श्री अक्षय डिगरसे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों की गहन समीक्षा करते हुए 50 से 100 दिवस से अधिक समय से लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिन विभागों की सीएम हेल्पलाइन नॉन-अटेंड पाई गई है एवं कार्य में लापरवाही बरती गई है, ऐसे ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व एवं संस्थागत वित्त विभाग को प्रति शिकायत 1 हजार रुपये के मान से सैनिक कल्याण राहत कोष में चालान या बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से राशि जमा करने के निर्देश दिए गए।

जल संसाधन विभाग के सी-ग्रेड पर होने एवं समस्याओं के निराकरण में ढिलाई बरतने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत पुरानी डिंडौरी के तालाब में सीवर लाइन लीकेज संबंधी समाचार के प्रकाशन पर जांच हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी श्री अफजल इमामउल्ला खान को जिम्मेदारी सौंपी गई, जिन्हें दो दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन शौचालय, सड़क एवं ग्राम पंचायत स्तर पर किए जा रहे विकास कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। साथ ही शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम 20 अप्रैल 2026 को करंजिया/बजाग, 28 अप्रैल 2026 को डिंडौरी, 7 मई 2026 को शहपुरा तथा 14 मई 2026 को अमरपुर/समनापुर में आयोजित किए जाने की जानकारी दी। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों सहित सामाजिक न्याय विभाग से संपर्क कर योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए। जबलपुर से अमरकंटक मार्ग निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त पाइपलाइन, आम रास्ते, नहर, पुल-पुलिया आदि का शीघ्र सुधार किया जाए, जिससे आमजन को असुविधा न हो। कलेक्टर ने आरटीओ विभाग को बिना परमिट, रोड टैक्स एवं फिटनेस प्रमाण पत्र के संचालित हो रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं पीएचई विभाग को 31 मार्च तक नल-जल योजना से संबंधित सभी निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शाला जुनवानी में कम उपस्थिति एवं छात्रों के पास कॉपी-किताब न होने तथा शिक्षा स्तर संतोषजनक न पाए जाने पर कलेक्टर ने शाला प्रभारी एवं संबंधित शिक्षक को सख्त निर्देश दिए। बीईओ, बीआरसी एवं डीपीसी द्वारा निरीक्षण न किए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा नियमित भ्रमण कर शिक्षा स्तर में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के आयोजन को रंगपंचमी के कारण 10 एवं 11 मार्च 2026 को आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को होलिका दहन सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए। केवल कंडों के उपयोग से पर्यावरण अनुकूल होलिका दहन करने वाली समितियों को राष्ट्रीय पर्व पर पुरस्कृत करने की बात कही। बैठक में न्यायालयीन प्रकरण, समग्र आईडी, ई-केवाईसी, सीपी ग्राम, पीएम जनमन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, स्कूलों में शौचालयों की साफ-सफाई, नगरीय निर्माण कार्यों की प्रगति एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, नामांतरण, फौतीनामा एवं राजस्व वसूली के मामलों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# मिठाई के नाम पर सेहत से खिलवाड़! खाद्य विभाग की छापेमार कार्रवाई में कई दुकानों की पोल खुली... नोटिस जारी

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)



कलेक्टर अंजू भदौरिया के निर्देशन एवं अभिहित अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों, मिष्ठान भंडारों एवं होटलों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

औचक निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए। मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि जिले में आसपास के जिलों से निर्मित मिठाइयों, दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की आपूर्ति होती है, जिसको देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

निरीक्षण के दौरान न्यू खेतेश्वर राजस्थान स्वीट्स में बड़ी मात्रा में चिप्स, नूडल्स एवं किशमिश के एक्सपायरी पैकेट पाए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। संबंधित प्रतिष्ठान को सुधार हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस जारी की गई।

इसी क्रम में गाड़ा सरई स्थित गुरु कृपा चाय कॉफी सेंटर एवं स्वीट्स और ,1 बेकरी का निरीक्षण किया गया, जहां एक्सपायरी नमकीन, डोनट्स और ब्रेड जब्त कर नष्ट कराए गए। जय मां अंबे किराना स्टोर से भी एक्सपायरी टोस्ट और पापड़ जब्त कर नष्ट किए गए, वहीं काजू कतली, घी, पनीर, बादाम बर्फी और तेल के नमूने जांच हेतु संग्रहित किए गए।

शहपुरा क्षेत्र में भी त्योहार को देखते हुए सघन जांच की गई। शिव की रसोई होटल से खोवे की बर्फी एवं लड्डू के नमूने लिए गए। पटेल दूध डेरी से मिक्स मिल्क तथा जोधपुर मिष्ठान भंडार से मलाई चाप एवं नमकीन के नमूने संग्रहित किए गए।

मुख्यालय खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रभा सिंह तेकाम ने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच में यदि नमूने अवमानक पाए जाते हैं तो खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 के तहत संबंधित विक्रेताओं पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने हेतु यह अभियान आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा।

# जिले में होली पर बुधवार को शाम 5 बजे तक शुष्क दिवस घोषित



**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार, होली (धुरेडी) पर्व के अवसर पर जिले में बुधवार को शाम 5ः00 बजे तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, शुष्क दिवस की अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, देशी मद्य भाण्डागार डिण्डौरी तथा हेरिटेज मदिरा विनिर्माणी इकाई, ग्राम भाखामाल, विकासखंड अमरपुर पूर्णतः बंद रहेंगी। इस अवधि के दौरान जिले में मदिरा का विक्रय, भंडारण,संग्रहण, परिवहन तथा आयात-निर्यात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 47 भोपाल दिनांक 14 फरवरी 2025 एवं क्रमांक 48 के प्रावधान के तहत यह आदेश जारी किया गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इस दिन किसी भी प्रकार की मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा तथा सभी संबंधित दुकानों का संचालन बंद रखना अनिवार्य होगा।

# 5 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के प्रकरण क्रमांक आरसीटी नंबर 1549/2021, अपराध क्रमांक 464/2021 धारा 379, 414 भादवि एवं 3/118, 5/180 मोटर व्हीकल एक्ट के आरोपी बब्बू मौर्य पिता लाले मौर्य उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम लोढी थाना गोहपारू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध पूर्व से प्रकरण दर्ज होकर विचाराधीन था। न्यायालय से जारी स्थाई वारंट के पालन में पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक सम्पन्न, कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए गए निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी, अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डिण्डौरी, शहपुरा एवं बजाग, तहसीलदार डिण्डौरी एवं बजाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, जिला परिवहन अधिकारी डिण्डौरी, सहायक यंत्री मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक यंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना डिण्डौरी, जिला यातायात प्रभारी तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम के बेहतर क्रियान्वयन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए गए। बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति का अधिकतम 7 दिन अथवा 1.50 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार आयुष्मान भारत योजना के तहत अनुबंधित देश के किसी भी निजी अस्पताल में कराया जा सकता है।

योजना के तहत दवाइयों, एम्बुलेंस, इमरजेंसी सेवाओं, आवश्यक जांच एवं सर्जरी का व्यय भी शामिल रहेगा। दुर्घटना में घायल व्यक्ति अथवा उसके परिजनों को अस्पताल में कोई भुगतान नहीं करना होगा। अस्पतालों के बिलों का भुगतान शासन द्वारा किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर उपचार उपलब्ध कराकर उसकी जान बचाना है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पीड़ित पक्ष को केवल पुलिस को सूचना देना आवश्यक होगा। पुलिस द्वारा सूचना का सत्यापन कर प्रकरण अग्रेषित किया जाएगा, जिसके पश्चात बिना किसी बीमा कार्ड के भी अनुबंधित निजी अस्पताल में निःशुल्क उपचार प्रारंभ किया जा सकेगा। कलेक्टर ने योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले के सभी अस्पतालों, सार्वजनिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टैंड, ढाबा, पेट्रोल पंप आदि में योजना संबंधी बैनर लगाए जाने तथा पंपलेट वितरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल या ट्रॉमा सेंटर पहुँचाने वाले नागरिक को राहवीर योजना के तहत राह-वीर की उपाधि, 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। मदद करने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा और पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। एक व्यक्ति को वर्ष में अधिकतम 5 बार सम्मानित किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्तर पर 10 सर्वश्रेष्ठ राहवीरों को 1 लाख रुपये, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

# खुशी की लहर, सुजल केशरवानी बने चार्टर्ड अकाउंटेंट

शहडोल (स्वतंत्रमत)।



जिले के लिए गर्व का क्षण है। केशरवानी ट्रेडिंग के संचालक मनोज केशरवानी के पुत्र सुजल केशरवानी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सुजल की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में हर्ष का माहौल है, बल्कि समाज और जिले का नाम भी रोशन हुआ है। शुभचिंतकों, व्यापारिक वर्ग और मित्रों ने सुजल को बधाइयाँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। परिवारजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की है कि सुजल केशरवानी निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें और अपने कार्यक्षेत्र में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करें।

# अवैध रेत उत्खनन पर की गई कार्यवाही, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

शहडोल (स्वतंत्रमत)



थाना देवलोंद पुलिस द्वारा झिरिया घाट सोन नदी, जो सोन घड़ियाल प्रतिबंधित क्षेत्र में आता है, से एक हरे रंग का जॉनडियर कंपनी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा सोन नदी झिरिया रेत उत्खनन घाट पर दबिश दी गई। मौके पर कि ट्रैक्टर चालक पुलिस को देखते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। जॉनडियर कंपनी का हरे रंग का बिना नंबर का ट्रैक्टर, ट्रॉली में अवैध रेत भरी हुई थी, को जप्त किया गया। जप्त वाहन एवं रेत की कुल अनुमानित कीमत लगभग 4,83,500 रुपये आंकी गई है, जिसमें ट्रैक्टर की कीमत लगभग 4,80,000 रुपये एवं रेत की कीमत लगभग 3,500 रुपये है। उक्त विवेचना कार्यवाही के दौरान अज्ञात ट्रैक्टर चालक एवं वाहन स्वामी रामकल्याण वैस पिता मगलदीन वैस निवासी झिरिया बुडवा थाना देवलोंद द्वारा धारा बी.एन.एस. खनिज अधिनियम, वन्य जीव संरक्षण अधिनियम, भारतीय वन अधिनियम एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध कारित किया गया देवलोंद पुलिस द्वारा अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। फरार आरोपी की तलाश जारी है।

# शहरी अजिविका मिशन योजना के अंतर्गत कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा हर्बल उत्पादों का स्टॉल लगाया गया

शहडोल (स्वतंत्रमत)




राष्ट्रीय शहरी अजिविका मिशन योजना अंतर्गत गठित एवं संचालित कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा नगर पालिका कार्यालय के समीप हर्बल रंगोली एवं हर्बल साबुन का स्टॉल स्थापित किया गया है। समूह की महिला सदस्यों द्वारा प्राकृतिक एवं पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों का निर्माण कर आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल की जा रही है। समूह द्वारा निर्मित हर्बल रंगोली एवं हर्बल साबुन पूर्णतः प्राकृतिक तत्वों से तैयार किए गए हैं, जो स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं। यह पहल न केवल स्वदेशी एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देती है, बल्कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। नगर पालिका परिषद शहडोल ने सभी नगरवासियों से अपील की है कि वे कुबेर स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित हर्बल उत्पादों का अधिक से अधिक क्रय करें, जिससे समूह की महिलाओं को आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके एवं उनके आत्मनिर्भर बनने के प्रयासों को बल मिले। नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा स्वसहायता समूहों को निरंतर प्रोत्साहन प्रदान किया जा रहा है, ताकि वे स्वरोजगार के माध्यम से अपनी आजीविका सुदृढ़ कर सकें एवं आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

# कलेक्टर ने 3 मार्च को घोषित किया शुष्क दिवस

शहडोल (स्वतंत्रमत)



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.केदार सिंह ने होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 3 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने होली त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था तथा लोक शांति बनाये रखने के लिये मदिरा का क्रय विक्रय प्रतिबंधित करने हेतु जिले की समस्त कम्पोजिट देशी,विदेशी मदिरा दुकानें, होटलबार (एफ.एल.-2, एफ.एल.-3 एवं एफ.एल.-3 ए), रिटेल आउटलेट (वाईन शाप) एवं मद्यभाण्डागार (देशी/विदेशी) आदि 2 मार्च को रात्रि 11:30 बजे से 3 मार्च को सायंकाल 05:00 बजे तक के लिए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त अवधि में जिले के अन्तर्गत मदिरा का क्रय, विक्रय,

# कलेक्टर ने की सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

## लंबित शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश

शहडोल (स्वतंत्रमत)



कलेक्टर डॉ. केदार सिंह द्वारा कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा के पत्रों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन में 100 दिवस या उससे अधिक समय से लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निराकरण केवल औपचारिक न होकर नागरिकों की संतुष्टि को ध्यान में रखते हुए किया जाए। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन की नियमित मॉनिटरिंग जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं करें तथा शिकायतों के निराकरण से संबंधित जवाब एल-1 अधिकारियों के माध्यम से अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेड न रहे, इसके लिए मैदानी अमले को भी जिम्मेदारी सौंपी जाए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जो विभाग सी या डी श्रेणी में हैं वे सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के निराकरण में प्रगति लाएं तथा ए श्रेणी में आने के लिए रणनीति बनाकर कार्य करें। लगातार सी एवं डी श्रेणी में आने वाले विभागों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के भी उन्होंने निर्देश दिए। जिन विभागों में शिकायतों की संख्या कम है, वहां शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, डिप्टी कलेक्टर अन्तोनिआ एक्का, अर्चना मिश्रा, गैलेक्सी नागपुरे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों की समीक्षा, बैठक में लिए गए अहम निर्णय

शहडोल (स्वतंत्रमत)



रोटरी राहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों को अंतिम रूप देने एवं अब तक की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु 1 मार्च को स्थानीय होटल कृष्णा में रोटरी क्लब की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता ने की, जिसमें बड़ी संख्या में रोटेरियन सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष एवं राहत शिविर के संयोजक राजेश गुप्ता ने शिविर से संबंधित अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान रोटेरियन साथियों द्वारा दिए गए सुझावों को भी सम्मिलित करने पर सहमति बनी तथा उनके क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया। क्लब सचिव विनोद प्रधान ने बताया कि शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। शीघ्र ही शहर के विभिन्न प्रवेश स्थलों पर जेट्री के माध्यम से आमजन को शिविर की जानकारी दी जाएगी। शिविर के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर उनके दायित्व तय किए गए हैं। साथ ही सभी रोटेरियन सदस्यों से संपूर्ण शिविर अवधि में पूर्ण समर्पण के साथ जिम्मेदारियों के निर्वहन की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि शिविर के दौरान विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन किए जाएंगे, जिसके लिए रक्त की आवश्यकता होगी। इस उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा शिविर के पूर्व एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। इस मेगा शिविर में देश के विभिन्न स्थानों से विख्यात चिकित्सक एवं उनकी टीम इलाज और सर्जरी के लिए उपलब्ध रहेंगी, जिसका लाभ आमजन को मिलेगा। कोषाध्यक्ष रविशंकर पाठक ने जानकारी दी कि शिविर के लिए सहयोग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस क्रम में व्यवसायी एवं रोटेरियन विवेक खोडियार ने आर्थिक सहयोग की घोषणा की। वहीं सहारा ट्रैवल के संचालक रोटेरियन गोपाल शर्मा ने मरीजों के इलाज हेतु अपने तीन वातानुकूलित वाहन निःशुल्क उपलब्ध कराने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त ब्राइटन स्कूल के संचालक रोटेरियन अजय विजरा एवं मनीष केजरीवाल द्वारा शिविर अवधि के लिए छह बसें निःशुल्क देने की घोषणा की गई। बैठक के अंत में रोटरी परिवार में नए सदस्य के रूप में अमित बजाज को सदस्यता दिलाई।

# रसरंग महोत्सव में बिखरी रंगों की छटा नृत्यों की प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक





## गुंजन कला सदन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

धर्म, वर्ग एवं राजनीतिक भेदभाव से परे गुंजन कला सदन द्वारा आयोजित होली का कार्यक्रम अपनी विशिष्टताओं के कारण दूर दूर तक चर्चित है। उपरोक्त आशय के विचार शहीद स्मारक भवन में सम्पन्न रसरंग महोत्सव के अवसर पर अतिथियों एवं दर्शकों ने व्यक्त किए । लोकगायक मिठाईलाल चक्रवर्ती के गीतों एवं नृत्य निर्देशक मोती शिवहरे के निर्देशन में प्रस्तुत विविध क्षेत्रों के होली नृत्यों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर किन्नर नायक एवं पूर्व पार्षद हीरा बाई के मार्ग दर्शन में किन्नरों की टोली द्वारा विशेष आकर्षक परिधानों में किए गए सांस्कृतिक नृत्यों से दर्शक झूम उठे । किन्नरों की टोली में बबली, काजल, नेहा, राधिका एवं काजल नायक शामिल थे ढोलक पर मास्टर अमित एवं कलीम ने साथ दिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में शहीद स्मारक भवन के मुख्य द्वार पर सुरेश सराफ, लायन नरेन्द्र जैन, श्याम चौदहा, अभय जैन, संजय जैन कीपी, हिमांशु तिवारी सहित सुनील मंघरानी, राजीव गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, कौशल यादव, विक्रम परवार, विवेक सोनी, अखिल मदान, अभिजीत राय, हेमंत अरोरा ने दुलदुल घोड़ी के नृत्य के मध्य आमंत्रित अतिथियों एवं श्रोता-दर्शकों को माला और साफा पहनाकर उन्हें दूल्हा वेश में सजाया। लोगों ने बग्घी एवं घोड़ों पर बैठने का आनंद लिया। प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ संस्था के सांसद आशीष दुबे, संरक्षक अजय विश्नोई विधायक, जगत बहादुर अन्नू महापौर, रिंकू विज, रत्नेश सोनकर, सौरभ शर्मा, नित्यरंजन खम्परिया सहित अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया ।

### वरिष्ठ सदस्यों को किया सम्मानित

अतिथि स्वागत डॉ रजनीश गर्ग, विजय जायसवाल, कमलेश रावत, डॉ. सत्येंद्र जैन, जादूगर एस.के. निगम, यशवंत सेंगर, राजेन्द्र टहनगुरिया,हरी भाई पटेल,आई एस राजपूत, डॉ. मितेश पटेल ने किया । प्रांतीय अध्यक्ष डॉ आनंद तिवारी की शुभकामनाओं का वाचन अभय जैन ने किया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्यों अजय विश्नोई, गौरीशंकर केसरवानी, डी.सी. जैन, रुद्रदत्त दुबे करुण, गुरवचन सिंह चौपरा, नरेन्द्र जैन एनसी, लायन राजीव अग्रवाल, अजय अग्रवाल, मनोरमा तिवारी, डॉ. अनामिका तिवारी को गुंजन आजीवन उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया । सर्वसमाज की सेवा भावना के कारण किन्नर नायक एवं पूर्व पार्षद हीरा बाई को भी अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया । युवा गुंजन के सहयोगी जीपी सिंह, राजेश गुप्ता, एसबी चौबे, अभय पचौरी, नितिन पांडे, निखिल तिवारी, कमलेश चढ़ार आदि उपस्थित रहे। संस्था का परिचय एवं संचालन प्रतुल श्रीवास्तव एवं राजेश पाठक प्रवीण ने तथा आभार लायन नरेन्द्र जैन ने व्यक्त किया ।

फोटो : अनिल तिवारी

# आज चंद्रग्रहण, कल मनाया जाएगा रंगों का महापर्व

## होलिका का हुआ दहन, रंगों-पिचकारियों से गुलजार हुए बाजार





जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

शहर भर में विगत 2 मार्च को जगह-जगह पर होलिका दहन का आयोजन किया गया। आज चंद्रग्रहण पढ़ने के कारण होली पर्व आज नहीं, कल यानी 4 मार्च को मनाया जाएगा। ज्योतिषचार्यो के अनुसार आज 3 मार्च को चंद्रग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा। ग्रहण दोपहर 3.21 बजे से शाम 6.47 मिनट तक रहेगा। सूतक और ग्रहण के प्रभाव में रंग-गुलाल खेलना शुभ नहीं माना जाता, इसलिए 3 मार्च को रंगों की होली नहीं खेली जाएगी। शाम को ग्रहण समाप्त होने के बाद शुद्धिकरण और स्नान किया जाएगा। इसके अगले दिन 4 मार्च को रंगों की होली का उत्सव मनाया जाएगा। ग्रहण और सूतक के समय में शुभ कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए कुछ ज्योतिषियों का मानना है कि 3 मार्च को रंग-गुलाल नहीं खेलना चाहिए। सूतक के समय में मंत्र जप, दान-पुण्य करना चाहिए। ग्रहण और सूतक की वजह से 4 मार्च को रंगों की होली (धुलंडी) मनाई जाने की सलाह दी जा रही है।

### बाजारों में बिक रहीं आकर्षक सामग्रियां

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होलाष्टक लगते ही और होली का त्यौहार नजदीक आते ही बाजार में रंग गुलाल पिचकारी की दुकाने सज गई हैं। बाजारों में सुबह से लेकर रात तक गुलाल, पिचकारी खरीदने वाले ग्राहकों की काफी भीड़ दिखाई नजर आ रही है। दुकानों में रंग गुलाल पेस्ट मुखौटा रंग-बिरंगे बैलून सतरंगी गुलाले कलर गन पिचकारी टोपी व अनेक प्रकार की सामग्री बाजारों में देखने को मिल रही है। शहर के मुख्य बाजार बड़ा फुहारा, मालवीय चौक, सदर बाजार, गोरखपुर आदि क्षेत्रों में सामग्रियों की खरीदी करने के लिए बच्चे सुबह से लेकर देर रात तक बाजार में हलचल करते नजर आ रहे है।

फोटो : अनिल तिवारी

# राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर विविध आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** महाकौशल प्रान्त में मातृभाषा के सम्मान, संरक्षण एवं व्यवहारिक प्रयोग को जन आंदोलन का रूप देने की दिशा में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस से प्रारंभ कर विविध विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में गरिमामय एवं प्रेरणास्पद कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इस आयोजन का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी मातृभाषा के प्रति आत्मगौरव, आत्मीयता और सांस्कृतिक चेतना का संचार करना रहा। यह संपूर्ण अभियान शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सह संयोजक ओम शर्मा एवं क्षेत्र सह संयोजक अजय तिवारी के मार्गदर्शन तथा प्रांतीय वैदिक गणित संयोजक डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव के प्रभावी समन्वय में लगातार जारी है। इस कड़ी में जिले के कुल 9 शिक्षण संस्थानों ने सक्रिय सहभागिता कर इस आयोजन को जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रमों के अंतर्गत भाषण, काव्यपाठ, वाद विवाद, निबंध लेखन एवं व्याख्यान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए भारतीय भाषाओं की समृद्धि, वैज्ञानिकता और सांस्कृतिक महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

# एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में होली मिलन समारोह का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव व कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंधक तुलसी दास द्रविड ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजीत श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, पार्षद अमरचंद बावरिया, संतोष विनोदिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारम्भ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन अर्चन के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय डिग्री प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, एमपी बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सीबीएसई प्रभारी प्राचार्य करन खुराना ने किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने सभी को होली की शुभकामनाये देते हुये कहा कि, हमारे देश के सभी त्यौहार आपसी सदभाव एवं भाईचारे का संदेश देते है, हम सभी को पूर्ण शालीनता के साथ त्यौहार मनाते हुये सदभाव पूर्ण वातावरण बनाये रखना चाहिये। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका प्रेरणा पाण्डे के कुशल मंच संचालन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें दलीप कोरी, नीति तंगादुरई, भुवनेश्वरी सिंह ने होली के शानदार गीतो की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंतराष्ट्रीय हास्य कलाकार केके नायकर ने अपने लतीफों के माध्यम से सभी को ठहाके लगाने पर विवश कर दिया। संस्था द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया।




# रंग-गुलाल उड़ाते हुए निकली मां नर्मदा की पंचकोशी परिक्रमा यात्रा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट में माघ पूर्णिमा के अवसर पर आज सुबह 5 बजे से 500 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट में विभिन्न संकीर्तन मंडलों के साथ संपन्न हुई संतो ने कहा जो भक्त पूरी परिक्रमा नहीं कर पाते वह पंचकोशी परिक्रमा करके पुण्य लाभ कमाते हैं। भक्त हाथों में गुलाल फूल लेकर एक दूसरे को लगाते हुए नर्मदे हर का उद्घोष करते हुए निकले ज्ञात हो पंचकोसी परिक्रमा सैकड़ो वर्षों से निकाली जा रही है। परिक्रमा का नेतृत्व संघ प्रचारक अमित दवे लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश के सदस्य डॉ नरेंद्र कोष्टी बड़ी खेरमाई ट्रस्ट के अध्यक्ष शरद अग्रवाल के सानिध्य में निकाली गई। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज ने बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण प्रसाद स्वरूप वितरण किया। नर्मदा पंचकोशी पंचवटी 64 योगिनी धुआंधार कल्याण तपोवन लम्हेटा घाट नाव पार करके शनि मंदिर डुडुवारा इमलिया न्यू भेड़ाघाट होते हुए सिद्धन माता के सामने से नाव पार करके हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल, संरक्षक सुषमाशंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल, मीना पटेल आदि उपस्थित रहीं।





## आईटीआई से दीनदयाल तक जल्द बनेगा ओवरब्रिज, सुगम होगी ट्रैफिक व्यवस्था

### विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने बजट सत्र में उठाए गंभीर मुद्दे, जल्द होगा अमल

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ. अभिलाष पाण्डेय ने विधानसभा में किए गए प्रश्नों एवं उपलब्धियों को लेकर सोमवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। विधायक डॉ. पाण्डेय ने बताया कि मेहता पेट्रोल पंप से अग्रसेन चौक तक 17 करोड़ रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा, जिससे आवागमन में सुगमता होगी और ट्रैफिक दबाव कम होगा।पिछले बजट में आईटीआई से दीनदयाल ओवरब्रिज के लिए 371 करोड़ रुपये पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं, जिसका काम जल्द ही शुरू होगा।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर वैज्ञानिक सीवी रमन की वैज्ञानिक परंपरा एवं उनके अनुसंधान-आदर्शों से विद्यार्थियों को प्रेरित करने के उद्देश्य से एक जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के उत्प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान द्वारा आयोजित की जा रही है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 की घोषित थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत हेतु उत्प्रेरक पर आधारित इस प्रतियोगिता में जबलपुर जिले के समस्त महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागियों को उक्त विषय पर लगभग 1000 शब्दों में निबंध तैयार कर उसकी सॉफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी दिनांक 06 मार्च तक निर्धारित प्राधिकारी के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।



## अमृत बेला में जुटे मां नर्मदा के भक्त हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अखिल भारतीय मां नर्मदा चैतन्य महाप्रभु लोक कल्याण समिति द्वारा प्रत्येक माह की पूर्णिमा में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि में सीताराम आश्रम भेड़ाघाट सरस्वतीघाट में महंत श्री बाल्ययोगी कृष्णदास महात्यागी, नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा संस्थापक संकीर्तनाचार्य पं मनमोहन दुबे महाराज के सानिध्य में एवं कार्यक्रम के मुख्य संचालक पवन पुत्र हनुमानजी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति में प्रात: 8 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। आयोजन में हजारों धर्मानुरागियों की तादात में मां नर्मदा भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल ने बताया कि यदि नर्मदा भक्त पूर्णिमा के पवित्र के अवसर पर प्रात: ब्रह्म मुहूर्त की अमृत बेला में मां नर्मदा मैया के बीज मंत्र ह्रीं श्रीं नर्मदायै नम: का जाप करता है। मां नर्मदा मैया उसके जीवन से समस्त प्रकार के संकट का नाश कर सुख शांति अपूर्व समृद्धि प्रदान करती हैं और उस भक्त के आवास में हमेशा मां लक्ष्मी का वास रहता है। आयोजन में सर्वप्रथम जगत जननी पतित पावनी मां नर्मदा की आरती के पश्चात पूजन अर्चन कर नर्मदा मैया को भोग लगाकर विशाल भंडारा संपन्न किया गया। इस अवसर समिति के अध्यक्ष श्याम मनोहर पटेल, उपाध्यक्ष मोहित तिवारी, सचिव संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा, दुर्गेश कुमार, रोहित पटेल, प्रमोद पटेल, अशोक पटेल, नितिन चौबे, लालजी पटेल, नरेश गुजराती प्रभाकर चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# 9 दिन बाद पकड़ा गया राज्यसभा सांसद के वाहन को टक्कर मारने वाला कार चालक

### पुलिस लिखे स्टीकर से हुई पहचान, रांझी थाना क्षेत्र का मामला

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने वाले युवक को रांझी पुलिस ने पकड़ लिया लिया है। दरअसल यह घटना विगत 20 फरवरी की है, जब गोकलपुर के पास राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि की गाड़ी को अपनी तेज रफ्तार कार से उस समय पीछे से टक्कर मार दी थी, जब वे अपने गनमैन और पीए के साथ अपने निवास रांझी जा रही थीं। इस घटना में कोई जनहानि तो नहीं हुई थी पर टक्कर के बाद से वाल्मीकि की तबीयत बिगड़ी हुई है। उनके ड्राइवर विलास सेन की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने गोकलपुर से रांझी के बीच के करीब 40 सीसीटीवी कैमरे खंगाल डाले पर कार की रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर




ट्रेस नहीं हुआ। हालांकि पीछे लगे पुलिस लिखे स्टीकर ने पुलिस की मदद की और चालक पकड़ा गया।

### शादी समारोह से लौट रही थीं राज्यसभा सदस्य

सांसद वाल्मीकि की कार को टक्कर मारने के बाद कार सवार चालक मौके से फरार हो गया। रफ्तार अधिक होने के कारण कार का नंबर भी चालक, गनमैन नहीं देख पाए। पुलिस ने 3 किलोमीटर के भीतर लगे 40 से अधिक कैमरे भी खंगाल डाले, पर रफ्तार अधिक होने के कारण नंबर ट्रेस नहीं हो पाया। पुलिस ने कार की 10 से अधिक फोटो लीं, जिनमें पुलिस लिखा स्टीकर लगा हुआ दिखा। रांझी सीएसपी सतीष साहू के साथ थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी और उनकी टीम ने रांझी, खमरिया में 20 से अधिक स्विफ्ट कार को तलाश डाला, पर सफलता हाथ नहीं लगी।

### चालक का नहीं है कोई आपराधिक रिकॉर्ड

टक्कर राज्यसभा सदस्य की कार को लगी थी, लिहाजा रांझी थाना पुलिस ने घटना को गंभीरता से लिया और लगातार अज्ञात कार की तलाश में जुटी रही। रविवार शाम को जानकारी लगी कि एक सफेद कार, जिसमें कि पुलिस का स्टीकर भी लगा हुआ है, वह मनमोहन नगर रांझी बड़ा पत्थर के पास खड़ी हुई है। टीआई टीम के साथ फौरन मौके पर पहुंची और कार को जब्त किया।पूछताछ के दौरान पता चला कि कार का मालिक मनीष धनधारिया है, जो कि प्राइवेट जॉब करता है। उसने बताया कि 20 फरवरी की रात को सीनियर स्टाफ क्लब में हुई पार्टी से वापस घर लौट रहा था। गोकलपुर के पास उसकी कार का राज्यसभा सदस्य की गाड़ी से टक्कर हो गई थी।

पुलिस को उसने बताया कि वह घटना के बाद से बहुत डर गया था, जिस कारण से सीधे घर आया और कार को ढककर रख दिया था। थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि मनीष धनधारिया एक कंपनी में प्राइवेट जॉब करता है, जबकि उसके पिता छठवीं बटालियन पुलिस में पदस्थ हैं। जांच की गई तो पता चला कि मनीष का कोई भी आपराधिक रिकार्ड नहीं है। मनीष का कहना था कि कार की रफ्तार अधिक होने के कारण टक्कर हो गई थी। फिलहाल पुलिस ने कार को जब्त करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

उमरिया (स्वतंत्रमत)

सोमवार 2 मार्च को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि रोगी कल्याण समिति का उदेश्य स्वास्थ्य संस्थाओं के बेहतर प्रबंधन बनाने में जनसहयोग एवं स्वयंसेवी संगठनों की मदद लेना एवं संबधित शासकीय विभागो से समन्वय स्थापित करना, अस्पताल परिसर में स्वयं सेवी संगठनों की सहायता से कल्याण गतिविधियों जैसे मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, मरीजों के परिजनों के ठहरने की व्यवस्था, अस्पताल को स्वच्छ बनाये रखने के लिए जागरूकता बढाने का प्रयास करना, जनसहयोग से समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाना एवं कायाकल्प मापदण्ड के अनुरूप व्यवस्था , अस्पताल की अनुपयोगी



सामग्री, निष्क्रीय उपकरण, रिकार्ड स्वच्छ पेयजल, साफ सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था किया जाना, अस्पताल में चिकित्सकीय व्यवस्था में निरंतर सुधार के प्रयास करना, अस्पताल परिसर में आने वाने सभी व्यक्तियों से पान, बीडी, सिगरेट, गुटखा लाने पर दण्डात्मक शुल्क अधिरोपित करना, अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में औषधियों की उपलब्धता तथा पैथालॉजी जाँच की व्यवस्था, जिला चिकित्सालय उमरिया में कार्यकारिणी की बैठक कम से कम 03 माह में एक बार आयोजित किया जाना है। कलेक्टर ने कहा कि जिला चिकित्सालय परिसर मे मरीजो के लिए कैंटीन की व्यवस्था के लिए टेंडर आमंत्रित किए जाए। जिला चिकित्सालय उमरिया अंतर्गत प्रायवेट का शुल्क जो 250 से से बढाकर 500 किया जाना है, उसे 250 से 300 रूपये तक किया जाए। ओपीडी का शुल्क 10 रूपये 20 रूपये तक के स्थान में 10 से 15 रूपये तक किया जाए। जिला चिकित्सालय उमरिया के कैंपस एरिया को बढाए जाने के लिए एरिया अनुसार प्रापोजल बनाने के निर्देश दिए गए। जिला चिकित्सालय उमरिया अंतर्गत नई बिल्डिंग का अप्रैल तक पूरा करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही जिला चिकित्सालय उमरिया के अनुपयोगी पेडो को छटवाने, कटवाने, पार्किग व्यवस्था का सुद्रढ़ीकरण किए जाने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्हीएस चंदेल, सिविल सर्जन डॉ. केसी सोनी, आरएमओ डॉ. संदीप सिंह, सीएमओ किशन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित अन्य, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कंचन ओपन खदान में उत्पादन लक्ष्य से भटकाव, ठेका व्यवस्था पर उठे सवाल..!

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिले के नौरोजाबाद अंतर्गत एसईसीएल के कंचन ओपन खदान में निर्धारित मानक मूल्यों और तय समय-सीमा के अनुरूप कोयला उत्पादन नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के अनुसार पिछले तीन से चार महीनों में लक्ष्य के मुकाबले एक तिहाई उत्पादन भी नहीं हो सका है, जिससे एस.ई.सी.एल.कोल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं।जानकारी के मुताबिक डीएनसी हैदराबाद को निविदा प्रक्रिया के तहत 400म400 वर्ग मीटर क्षेत्र में कोयला उत्खनन का कार्य आवंटित किया गया था।कंपनी ने उक्त कार्य आराध्या इंटरप्राइजेज, रतलाम को सौंप दिया है,जो इस परियोजना में पेटी ठेकेदार के रूप में काम कर रही है।बहु-स्तरीय ठेका व्यवस्था के चलते कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों प्रभावित होने की चर्चाएं हैं।खबर यह भी सामने आई है कि होली के पावन पर्व पर कई मजदूरों को समय पर वेतन भुगतान नहीं हो सका, जिससे श्रमिकों में असंतोष की स्थिति बनी हुई है। वही मशीन,ट्रिपर और फयूल सप्लायर का भुगतान भी लंबित है।लक्ष्य के अनुरूप उत्पादन न होने के पीछे मशीनरी की कमी, जिम्मेदार अधिकारियों और निविदाकार के बीच समुचित समन्वय का अभाव तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग में कमी जैसे कारण बताए जा रहे हैं। कुल मिलाकर अपेक्षित कोयला उत्पादन न होने से कोल इंडिया को प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। अब देखना होगा कि प्रबंधन इस स्थिति में सुधार के लिए क्या ठोस कदम उठाता है!

# एम्बुलेंस में जन्मा बेटा अस्पताल पहुंचते ही मां की मौत

बालाघाट(स्वतंत्र मत)

जिले से एक बेहद मार्मिक और झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां जिंदगी देने के संघर्ष



में एक 30 वर्षीय मां अपनी ही जिंदगी नहीं बचा सकी। बिरसा थाना क्षेत्र के माटे अंतर्गत छोटी परसाही गांव की निवासी संपतीन (पति अशोक पंचतिलक) को रविवार रात प्रसव पीड़ा होने पर एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था। गांव जिला मुख्यालय से करीब 120 किलोमीटर दूर स्थित है। रास्ते में भंडेरी के पास प्रसव पीड़ा अचानक तेज हो गई और एम्बुलेंस में ही संपतीन ने एक बेटे को जन्म दिया। लेकिन एम्बुलेंस में न तो कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद था और न ही आपात प्रसव के लिए जरूरी सुविधाएं। सामान्य प्रसव के तुरंत बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा, जिससे उसकी हालत बिगड़ती चली गई। देर रात करीब 12 से 1 बजे के बीच जब एम्बुलेंस जिला अस्पताल पहुंची, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद प्रसूता को मृत घोषित कर दिया। वहीं नवजात बच्चे की हालत भी नाजुक बनी हुई है और उसका उपचार एसएनसीयू में जारी है। बताया कि मृतिका की पहले से दो बेटियां हैं। यह उसका तीसरा प्रसव था। सोमवार 2 मार्च को पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद प्रात: 11 बजे क़रीब पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। यह घटना न सिर्फ एक परिवार का गहरा दुख है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्था और लंबी दूरी की चिकित्सा सुविधाओं पर भी गंभीर सवाल खड़े करती। अस्पताल चौकी पुलिस प्रभारी शिवदयाल पटले ने बताया कि मृतिका की पहले से दो बेटियां हैं। यह उसका तीसरा प्रसव था। महिला ने एम्बुलेंस में नवजात को जन्म दिया, जिसके बाद मां और बच्चे को जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने प्रसूता को मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा गया है। मामले की आगे की जांच संबंधित थाना पुलिस करेगी।

### अज्ञात पिक-अप ने बाइक को करीब सौ मीटर घसीटा बाइक सवार की मौत

**कटंगी।** कटंगी से बोनकट्टा मुख्य सड़क मार्ग भीषण सड़क हादसा हुआ है। यहां बोनकट्टा से सादाबोड़ी को जोड़ने वाले मार्ग के नजदीक एक अज्ञात पिक-अप वाहन ने बाइक को करीब 100 मीटर तक घसीटा जिससे बाइक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास हुआ है। सड़क हादसे के बाद करीब आधा घंटे तक युवक सड़क पर ही गिरा पड़ा रहा। एक जागरूक राहगीर ने इसकी सुध ली और पुलिस को सूचना दी। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर डॉयल 112 घटनास्थल पर पहुंची किंतु इससे पहले ही कुछ युवाओं ने मानवता का परिचय देते हुए बाइक चालक को कटंगी अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी अनुसार सड़क हादसे में भंडारा निवासी शंकर भलावी की मौत हुई है। जो करीब 01 माह से कोहका में अपनी बहन के यहां आया हुआ था।

# संदेश नाटय मंच द्वारा स्वांग मल्टीनेशनल का मंचन

उमरिया (स्वतंत्रमत)

संदेश नाटय मंच अपने तीस वर्ष सक्रिय रंगमंचन कला के प्रदर्शन के पूरे होने पर जबलपुर की सांस्कृतिक टीम के द्वारा रविवार 1 मार्च को नगर के सिंधी धर्मशाला में स्वांग मल्टीनेशनल नाटक का मंचन किया गया।विधायक शिवनारायण सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभाराम्भ किया। संदेश नाट्य मंच उमरिया द्वारा नाट्यलोक संस्था जबलपुर की प्रस्तुति स्वांग मल्टीनेशनल निर्देशक जिसके निर्देशक संजय गर्ग व लेखक अलखनंदन रहे। नाटक बुंदेलखंड की लोकनाट्य परंपरा स्वांग पर आधारित एक सशक्त व्यंग्यात्मक नाटक है।जो विश्वप्रसिद्ध कथाकार हैंस क्रिस्चियन एंडरसन की बाल कथा से लिया गया है। सभी कलाकारों ने ईतना शसक्त नाटय मंचन किया



कि दर्शक आश्चर्य व व्यंग से ओतप्रोत हर्षित हो गये। नाटक में किस तरह मल्टीनेशनल कम्पनियां अलग अलग प्रातां के दो राजाओं को बेवकूफ बनाती है दिखाया गया है। राजा को हर समय अपना चोगा बदलने का शौक था इसका फायदा उठा कर उन्हे जादुई कपड़े बना कर पहनाने का अवसर दिया जाता है और अंत में राजा के सब कपड़े उतारकर वस्त्रहीन कर दिया जाता है। उमरिया वासी अभिनेता पंकज दुबे ने संदेश नाटय मंच का परिचय देने के साथ उमरिया नाटय थियेटर की कमी को पूरा करने का आग्रह विधायक शिवनारायण सिंह व कलेक्टर धरणेन्द्र जैन के समक्ष रखा व तत्काल रूप में मंगल भवन के पीछे स्टेज के लिये चबूतरा बनाने का प्रस्ताव रखा जिससे आने वाली पीढियां विन्ध्य क्षेत्र की लोक संस्कृति में आगे बढ़ते रहे। शायोप्रस के विजय जोशी ने कहा कि संदेश नाटय मंच सफलता के अपने तीस वर्ष पूरे होने पर जबलपुर की टीम द्वारा नाटय मंचन कराया वह अत्यंत काबिलेतारीफ है और कहा कि पंकज दुबे रामलीला नौटंकी से लेकर अपनी होमबाउंड फिल्म को आस्कर तक नामिनेटेड कराने में भूमिका निभाई है उनकी मांग को प्रशासन को अवश्य पूरी करनी चाहिये जो कि जायज भी है।गौरतलब है कि अभी कुछ दिनों पहले ही विन्ध्य क्षेत्र रीवां के विश्वप्रसिद्ध साहित्यकार ज्ञान चतुर्वेदी का उपन्यास स्वांग प्रकाशित हुआ है जिसकी रिकार्डतोड़ बिक्री हो रही है। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक व समाजसेवी प्रदीप सिंह गहलौत ने अत्यंत सारगर्भित तरीके से किया और बीच बीच में संदेश नाटय मंच की स्थापना से अब तक के सफर को दर्शकों को रूबरू भी कराते रहे।

# लालबर्रा में जारी है अराजकता और भ्रष्टाचार का बोलबाला विधायक अनुभा मुंजारे त्यागपत्र दें : प्रसन्न अवधिया

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के संरक्षण में लालबर्रा और बालाघाट विधानसभा क्षेत्र भ्रष्टाचार और अराजकता का केंद्र बन गया है। विधायक के करीबी और प्रतिनिधि सरेआम अवैध वसूली और अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, जिससे क्षेत्र की जनता में भारी रोष है। इन गंभीर आरोपों के साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने नैतिकता के आधार पर विधायक से तत्काल इस्तीफे की मांग की है। भाजपा द्वारा लालबर्रा स्थित विश्राम गृह में 02 मार्च सोमवार को शाम 05 बजे प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रेस वार्ता को लालबर्रा भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व पूर्व मण्डल अध्यक्ष किशोर पालीवाल, मोहगांव धपेरा भाजपा मण्डल अध्यक्ष पंकज खोखले व लालबर्रा भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष संजू अवधिया ने सम्बोधित किया। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया ने कहा कि विधायक कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है। उन्होंने पूर्व में विधायक के निज सहायक निराला सिंह बघेले के वायरल ऑडियो का हवाला देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में कमीशनखोरी की बात अब जगजाहिर है। हालांकि,



बाद में उन्हें पद से हटा दिया गया, लेकिन यह केवल जनता की आंखों में धूल झोंकने जैसी कार्रवाई थी। वहीं, हाल ही में विधायक प्रतिनिधि अबू शाह और किसान कांग्रेस अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के बीच हुए विवादित ऑडियो ने आग में घी डालने का काम किया है। भाजपा का आरोप है कि विधायक के नाम का दुरुपयोग कर अपनों को ही डराया-धमकाया जा रहा है और अवैध वसूली का खेल जारी है।

**विकास कार्यों में गुणवत्ता की अनदेखी**- भाजपा नेताओं ने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों पर भी गंभीर सवाल उठाए। प्रसन्न अवधिया ने बताया कि क्षेत्र में वितरित किए गए पानी के टैंकरों में भारी घोटाला हुआ है। घटिया क्वालिटी के टैंकरों की आपूर्ति कर जनता के पैसों की बर्बादी की गई है। साथ ही, स्वागत द्वारों (तोरण गेट) के निर्माण में भी भ्रष्टाचार के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सभा मंच और अन्य निर्माण कार्यों की एजेंसी नियम विरुद्ध तरीके से ग्राम पंचायतों से छीनकर आरईएस विभाग को दी जा रही है, जो सीधे तौर पर पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने की साजिश है।

**उच्च स्तरीय जांच और एफआईआर की मांग**- प्रेस वार्ता के माध्यम से भाजपा ने स्पष्ट मांग की है कि वायरल ऑडियो में शामिल ठेकेदार पर तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही पानी टैंकरों और स्वागत गेट निर्माण की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि जनता के हितों के साथ खिलवाड़ बंद नहीं हुआ, तो आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

**वरिष्ठ भाजपा नेताओं की उपस्थिति**- इस प्रेसवार्ता में मुख्य रूप से जनपद पंचायत लालबर्रा उपाध्यक्ष व पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर पालीवाल, मोहगांव धपेरा मंडल अध्यक्ष पंकज खोखले और लालबर्रा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष संजू अवधिया ने भी अपनी बात रखी। इस अवसर पर लालबर्रा जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, जनपद सदस्य कुंवरसिंह बिसेन, हरीशंकर बनवारी, पूर्व सरपंच ठानेन्द्र ठाकरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय व्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ

उमरिया (स्वतंत्रमत)

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अजमेर राजस्थान से सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय व्यापी एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान महिला सशक्तिकरण एवं महिला स्वास्थ्य के दिशा में एक अभिन्न प्रयास होगा। सोमवार 2 मार्च को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी एस चंदेल ने बताया कि जिले में यह अभियान प्रारंभ कर दिया गया है एवं एचपीवी वैक्सीन 14 वर्ष में प्रारंभ एवं 15 वर्ष पूर्ण न किया हो ऐसी किशोरी बालिकाओं को आशा एवं समुदाय में चिन्हित कर लगाया जाना है जो मुख्य रूप से प्रशिक्षित डॉक्टर सीएचओ एएनएम एवं वैक्सीनेटर की



निगरानी में किया जा रहा है। यह वैक्सीन निशुल्क प्रदान कि जा रही है। जिले में जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली मानपुर चंदिया में उपलब्ध है। जिला उमरिया में शुभारंभ जिला चिकित्सालय में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ ऋचा गुप्ता. डॉ केसी सोनी. आरएमओ डॉ. संदीप सिंह. डॉ. सीपी शाक्य जिला किशोर स्वास्थ्य समन्वयक नर्सिंग ऑफिसर एएनएम एवं मनीष विश्वकर्मा की उपस्थिति में मीणा रविदास जरहा, खान दिव्य दिगर को वैक्सीनेशन किया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी द्वारा बताया गया कि हितग्राही किशोरी एचपीवी वैक्सीनेशन कराए जाने हेतु पालक की सहमति एवं उम्र को अंकित करने संबंधित दस्तावेज साथ में लेकर आना अनिवार्य होगा जिसकी एंट्री एवं यू विन पोर्टल पर भी किया जाएगा।

# गांव में घुसा तेंदुआ, 3 बकरियों का किया शिकार

## ग्रामीणों में दहशत का माहौल, वन विभाग कर रहा सतर्क रहने की अपील

कटंगी (स्वतंत्र मत)

तहसील मुख्यालय कटंगी से करीब 10 किमी. दूर ग्राम घुनाड़ी में वन्य प्राणी तेंदुए ने गांव के भीतर एक घर में घुसकर पालतू मवेशी 03 बकरियों का शिकार किया है। 10 दिनों के भीतर शिकार की यह दूसरी बड़ी घटना है। घुनाड़ी सरपंच कपूरचंद पटले ने बताया कि रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि तेंदुए ने गांव में टीकाराम पटले के घर में घूसकर 03 बकरियों का शिकार कर लिया। वहीं बीते दिनों 22 फरवरी ऐशन लाल राहंगडाले के घर में घूसकर भैंस के बच्चे की शिकार की घटना हई थी। इन दो घटनाओं के अलावा और भी छूट-मुट घटनाएं सामने आते ही रहती है। इस तरह की घटनाओं से ग्रामीणों का पशुपालन करना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों की माने तो वन्य प्राणियों की शिकार की घटनाओं के डर से जंगल में जाकर मवेशी चराना पहले से ही मुश्किल हो गया है और अब गांव के भीतर तक वन्य प्राणी की चहलकदमी से पशुपालक परेशान है। पशुपालकों का



कहना है कि इस तरह की घटनाओं से केवल पशुओं के मारे जाने का डर नहीं बल्कि घर परिवार के छोटे-बड़े सभी सदस्यों की सुरक्षा की भी चिंता का विषय है। शाम ढलते ही घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों ने इन घटनाओं के बाद वन विभाग और सरकार से वन्य प्राणियों के लिए जंगल के ही और अधिक अच्छे प्राकृतिक आवास और भोजन की व्यवस्था बनाने की मांग रखी है। पशुपालकों का कहना है कि जंगली सुअर गांव में खेतों तक आ रही है और इसके पीछे बाघ गांव में आ रहा है। चीतल, सांभर जैसे शाकाहार वन्य प्राणी भी भोजन की तलाश में गांव तक आ रहे है और इनके पीछे बाघ-तेंदुआ गांव में आ रहे है। मांसाहार वन्य प्राणी शाकाहार प्राणी का शिकार नहीं कर पाते तो फिर पालतू मवेशियों को आसानी से अपना शिकार बना रहे है। गौरतलब हो कि दक्षिण सामान्य वन मंडल बालाघाट के वन परिक्षेत्र कटंगी, वारासिवनी और लालबर्रा में तेजी से बढ़ती वन्य प्राणी बाघ और तेंदुओं की संख्या अच्छी खबर तो है ही मगर, इसने वन विभाग के लिए मुसीबतें खड़ी कर दी है। यह वन्य प्राणी आसानी से मिलने वाले भोजन की तलाश में मानव आबादी के बेहद नजदीक आ रहे है और आए दिन गांव के भीतर घरों में घूसकर पालतू मवेशियों का शिकार कर रहे है। जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है वहीं उनमें वन विभाग के प्रति भयंकर आक्रोश देखने को मिल रहा है। यहीं कारण है कि जब कभी वन्य प्राणी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देता तो आक्रोशित भीड़ वन कर्मचारियों को दोषी ठहराते हुए उनके साथ मारपीट करती है। हाल ही के दिनों में ग्राम बालापुर बीसापुर में यहीं देखने को मिला। जिसके बाद वन कर्मी ने अपने साथ हुई मारपीट की थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। हालांकि इस तरह की शिकायत के बाद वनकर्मी का उस बीट में कार्य करना बेहद चुनौती का काम होता है। इन चुनौतियां के बावजूद वनकर्मी अपने कार्य के प्रति पूरी जवाबदारी से कार्य कर रहे है। इन जटिलताओं से निपटने के लिए राज्य सरकार को शीघ्र ही कोई ठोस कारगार उपाय करने की जरूरत है।

# जालसाज को मानपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ से लाकर जिला न्यायालय में किया पेश



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** सैकड़ों एकड़ जमीन के हेरफेर में कई जिलो के वांटेड जालसाज को मानपुर पुलिस ने छत्तीसगढ़ से लाकर जिला न्यायालय में पेश किया। मानपुर थाना प्रभारी ने बताया कि थाना मानपुर जिला उमरिया के अपराध क्रमाँक 341ध्2020 धारा 420 भादवि. के आरोपी रणविजय सिंह पिता कृष्णप्रताप सिंह निवासी सेमरपाथा थाना ब्यौहारी जिला शहडोल को माननीय न्यायालय जेएमएफसी महोदय मानपुर द्वारा जारीशुदा प्रोटेक्शन वारंट पर आरोपी को जिला जेल महासमुन्द (छ.ग.) से प्राप्त कर माननीय न्यायालय उमरिया से 01 दिवस पीआर. प्राप्त कर आरोपी से पूछताछ कर प्रकरण में विवेचना कार्यवाही कर आरोपी को गुरुवार 26 फरवरी को माननीय न्यायालय उमरिया पेश किया गया है। आरोपी को छत्तीसगढ़ से लाने में उनि. मुकेश मर्सकोले (विवेचक) थाना प्रभारी,उनि. राजेन्द्र यादव, सउनि. आनंद केदार, प्र आर 191 आकाश दास, प्र.आर. 28 मनोज पटेल, प्र.आर. 256 विकास मिश्रा, आर. 311 छोटू कुमार, आर. 325 होमसिंह गर्ग, आर. 320 प्रवेश कुमार, 06 अभिषेक परौहा का सराहनीय योगदान रहा।

# कलेक्टर ने महिष्मति घाट में किया होलिका दहन: रंगों की बौछार, उल्लास और उमंग के साथ मनाई जाएगी होली





मण्डला(स्वतंत्रमत)।

जिले में रंगों का महापर्व होली पूरे हर्षोल्लास और परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाई जा रही है। बीती रात विधि-विधान से होलिका दहन संपन्न हुआ जहां लोगों ने अग्नि के समक्ष सुख-समृद्धि शांति और परिवार की मंगलकामना की। शहर से लेकर गांव-कस्बों तक श्रृद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। होलिका दहन के अवसर पर मोहल्लों और चौक-चौराहों पर विशेष सजावट की गई थी। महिलाओं ने पूजा अर्चना कर परिक्रमा की और नई फसल की बालियां अग्नि में अर्पित कर अच्छी फसल होने कामना की। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह नजर आया। ढोल नगाड़ों और पारंपरिक गीतों के बीच होलिका दहन का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। जिलेभर में रंग गुलाल की फुहारें बीती रात से ही उड़ती दिखाई देने लगी हैं। लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिल रहे हैं और बुरा न मानो होली है के उल्लासपूर्ण स्वर गूंज रहे हैं। बाजारों में पहले से ही रंग, पिचकारी, गुलाल और मिठाइयों की जमकर बिक्री हुई है। गुझिया, मालपुआ और अन्य पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू घर-घर में महक रही है।

## कंडो से किया होलिका दहन

इस बार महिष्मति घाट में होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला प्रशासन की पहल पर महिष्मति घाट में प्रतित्माक रूप से होलिका की स्थापना की गई और विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए कंडो से होलिका दहन किया गया। यहां पर पंचचौंकी महाआरती के बाद होलिका दहन हुआ और फूलों से होली खेली गई। यहां पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा, एसडीएम, सीएमओ नगर पालिका व जनप्रतिनिधि सहित समाजसेवी व नर्मदा भक्तों ने एक दूसरों का तिलक वंदन करते हुए होली की शुभकामनाएं दी। कलेक्टर एसपी ने जमकर होली खेली साथ ही वे श्रृद्धालुओं के साथ जमकर नाचते नजर आए। इस दौरान यहां पर पुष्पों की वर्षा की गई साथ ही रंग गुलाल भी उडाया गया।

## पंचचौकी महाआरती में दिखा उत्साह

महिष्मति घाट में संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती में मां नर्मदा की महाआरती की गई और आर्शीवाद लिया गया। इस दौरान यहां पर आतिशबाजी की गई। पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौंक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। माहिष्मती घाट में अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, श्रृद्धालु, पत्रकार और नागरिकगणों ने पंचचौकी महाआरती में सहभागिता की। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक गान पदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे नर्मदा जी की आरती उतारी गई इसके बाद ऊँ जय जगदा नंदी आरती गाया गया। जय-जय नर्मदे, हर-हर गंगे, जय राधेकृष्णा, जय श्री राम और जय-जयकार किया गया। आरती समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में प्रसादी का वितरण किया गया।

## वैदिक परंपराओं से होलिका दहन

वैदिक परिवार द्वारा अग्रसेन चौक तहसील चौराहा में विशाल एवं विशेष होलिका दहन समारोह का आयोजन किया गया। वर्ष 2016 से निरंतर आयोजित हो रहा यह पावन धार्मिक अनुष्ठान इस वर्ष अपने 11 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। आयोजन को लेकर श्रृद्धालुओं में गहरी आस्था और उत्साह का वातावरण व्याप्त है हिंदू धर्म में होलिका दहन केवल एक परंपरा नहीं बल्कि गहन आध्यात्मिक और धार्मिक संदेश का प्रतीक है। इस वर्ष गोबर से निर्मित प्रतिमा के माध्यम से एक अभिनव पर्यावरण हितैषी और सनातन परंपरा आधारित प्रयोग किया गया है जो धार्मिक आस्था और प्रकृति संरक्षण का सुंदर संगम प्रस्तुत करता है प्रतिमा निर्माण में मंडला के बॉटल आर्ट के महारथी त्रिलोक सिंधिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




## महिलाओं ने किया होलिका पूजन

रंगों के पर्व होली की पारंपरिक पूजा के अंतर्गत धुरेडी पर्व के पूर्व सिंधी समाज की महिलाओं ने प्रतिवर्ष की तरह सामूहिक रूप से होलिका माता की पूजा की,इसमें पारंपरिक व्यंजन मीठी रोटी,सिंधी गीयर,गुलाब जामुन,भजिया,रेवड़ी आदि का भोग लगाया गया परंपरा के अनुसार इस पूजा में मीठी रोटी जो कि होलिका माता का प्रतीक है इसके ऊपर धागा बांधा गया, इसमें धागा भक्त प्रहलाद का प्रतीक है इसमें मीठी रोटी को अग्नि दी गई,इसमें मीठी रोटी जल जाती है और धागा जो कि भक्त प्रहलाद का प्रतीक है वह शेष रह जाता है। इसका आशय यह है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और हम इसे परंपरा के तौर पर पूजन करते हैं महिलाओं ने सामूहिक रूप से पल्लव पूजा के साथ सभी परिवारों की खुशहाली के लिए कामना की इस अवसर पर सामाजिक महिलाओं ने उपवास रखा और पूजन अर्चन के बाद ही प्रसादी ग्रहण की, महिलाओं ने बताया कि इस पूजन सामग्री को परंपरागत पूजन के पश्चात तीसरे दिन ठंडा करते हैं सभी महिलाओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## खंड ग्रास चंद्र ग्रहण 3 को

3 मार्च 2026 ई.फाल्गुन शुक्ल 15 मंगलवार को पू.फा.नक्षत्र सिंह राशि में खण्ड ग्रास चंद्र ग्रहण लग रहा है। ग्रहण एक द्रस्य पर्व है जो भारत में दिखेगा। इस ग्रहण का जबलपुर संभाग,मंडला में सूतक, वैध, तीन प्रहर पहले अर्थात दिन में 9 बजकर 14 मिनट सुबह से लगेगा। वैध के समय से मोक्ष के समय तक शास्त्रीय मतानुसार मूर्ति स्पर्श शयन एवं भोजन नहीं करना चाहिए बालक वृद्ध रोगियों को भोजन के लिए निषेध नहीं है। इस ग्रहण का फल पू.फा.नक्षत्र सिंस राशि वालों के लिए विशेष अनिष्ट कारक रहेगा। मेष, वृष ,कर्क,कन्या,धनु,मकर,कुंभ राशि वालों को अशुभ मिथुन,तुला, वृश्चिक और मीन राशि वालों को शुभ रहेगा।

## पंचमी तक रहेगा उत्सव

जिले में होली केवल एक दिन का उत्सव नहीं बल्कि पांच दिनों तक चलने वाला सांस्कृतिक पर्व है। रंगपंचमी तक गांवों में फाग गीत, नृत्य और पारंपरिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है। ग्रामीण अंचलों में ढोलक की थाप पर फाग गाते बुजुर्ग और नाचते युवा इस पर्व की सांस्कृतिक समृद्धि को जीवंत कर देते हैं। आदिवासी समाज में भी होली का विशेष महत्व है जहां पारंपरिक वेशभूषा में सामूहिक नृत्य और लोकगीतों के साथ उत्सव मनाया जाता है। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों और कॉलोनियों में युवाओं द्वारा डीजे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारियां की गई हैं।

## पुलिस प्रशासन ने की अपील

प्रशासन ने भी शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण होली के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पुलिस बल तैनात कर दिया है। ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि रासायनिक रंगों से बचें और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। होली के इस पावन अवसर पर सामाजिक समरसता का सुंदर उदाहरण भी देखने को मिलता है। विभिन्न समुदायों के लोग आपसी भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे के घर पहुंचते हैं और मिठाई खिलाकर भाईचारे का संदेश देते हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद और बच्चों की किलकारियां पूरे वातावरण को आनंदमय बना देती हैं। मंडला जिले में आज रंग, उमंग और उत्साह की ऐसी बयार बहेगी, जिसमें हर कोई सराबोर नजर आएगा। पांच दिनों तक चलने वाला यह रंगोत्सव जिले की सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर एक बार फिर लोगों के दिलों में खुशियों के रंग भर देगा।



# हेल्थ केयर स्वास्थ्य सेवा का भरोसेमंद नाम

मण्डला(स्वतंत्रमत)।

शहर के बिंझिया जबलपुर रोड स्थित एसबीआई रीजनल ऑफिस रिलायंस स्मार्ट पॉइंट और रिलायंस ट्रेंड्स के पास संचालित टीम हेल्थ केयर हॉस्पिटल क्षेत्र में किफायती सुरक्षित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेजी से पहचान बना रहा है। अनुभवी सर्जन डॉ. गुरूमोहन सिंह सर्जन के मार्गदर्शन में अस्पताल में मरीजों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही हैं अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य है हर मरीज को समय पर सटीक और सुलभ उपचार अस्पताल में विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन एवं सर्जरी की सुविधाएं उपलब्ध हैं यहां पर पाइल्स, फिशर, फिस्टूला एवं अन्य गुदा रोग, हर्निया एवं हाइड्रोसिल ऑपरेशन, स्तन की गठान एवं स्तन कैंसर स्क्रीनिंग एवं उपचार, पेट से संबंधित ऑपरेशन अल्सर फटना, अपेंडिक्स आदि शरीर में किसी भी प्रकार की गठान का ऑपरेशन गर्भाशय से संबंधित समस्त ऑपरेशन ओवेरियन सिस्ट सर्जरी डिलीवरी ऑपरेशन एवं नार्मल डिलीवरी टी.टी. ऑपरेशन एवं टी.टी. खोलना समस्त प्रकार के स्त्री रोग उपचार हड्डी रोग उपचार फ्रैक्चर, रोड एक्सीडेंट, सिर की चोट आदि आधुनिक जांच एवं डायग्नो स्टिक सुविधाएं टीम हेल्थ केयर हॉस्पिटल में अत्याधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं पैथोलॉजी सभी प्रकार की रक्त जांचें डिजिटल एक्स-रे ईसीजी सभी प्रकार की सोनोग्राफी वीडियो एंडोस्कोपी मंडला में सर्वप्रथम सुविधा, अन्य विशेष सुविधाएं, 24 घंटे आकस्मिक चिकित्सा सेवा 24 घंटे फार्मेसी सभी दवाइयां उपलब्ध, मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर मंडला में सर्वप्रथम, प्राइवेट रूम, सेमी प्राइवेट रूम, एसी रूम एवं जनरल वार्ड फुल इलेक्ट्रिकल पावर बैकअप सुरक्षित एवं शांत वातावरण फायर सेफ्टी व्यवस्था प्रशिक्षित एवं अनुभवी स्टाफ सेवा, सुरक्षा और संवेदनशीलता का संगम टीम हेल्थ केयर हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधा स्वच्छता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाता है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के लोगों को बड़े शहरों जैसी चिकित्सा सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना ही उनका मुख्य उद्देश्य है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में विश्वास, अनुभव और आधुनिक तकनीक के साथ टीम हेल्थ केयर हॉस्पिटल जिले के लिए एक सशक्त स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उभर रहा है।




## भाजपा कार्यकर्ताओं की प्रशिक्षण कार्यशाला

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला भाजपा कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला कार्ययोजना बैठक एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम भाजपा संगठन जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक रमेश भटेरे तथा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति पूर्ण समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने का संकल्प लिया। जिला प्रभारी रमेश भटेरे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण महाअभियान केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं बल्कि संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाने का माध्यम है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति निर्माण से संगठन निर्माण और संगठन निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मूल मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है।

# संगम घाट से मिट्टी हटाने सौंपा ज्ञापन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिले का प्रमुख धार्मिक एवं आस्था का केंद्र त्रिवेणी संगम महाराजपुर इन दिनों बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है इसी समस्या को लेकर संगम घाट में से मिट्टी को हटवाने के लिए मां नर्मदा सार्वजनिक महाआरती सेवा समिति महाराजपुर के सदस्यों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सम्पूर्ण घाट में से मिट्टी हटाने की बात कही गई है जिस पर कलेक्टर ने इस विषय पर आश्वासन दिया है समिति के सदस्य रोहित दुबे ने बताया कि सामाजिक कुंभ के समय इन तटों का निर्माण किया गया था जो प्रशासनिक देखरेख के आभाव एंव विगत 10 वर्षों से बाढ़ में इकट्ठी हुई मिट्टी के कारण समस्या बढ गई हैं समिति की श्रीमती कंचन कसार ने बताया कि त्रिवेणी संगम केवल जिले से ही नहीं बल्कि बालाघाट सिवनी छिंदवाड़ा सहित आसपास के जिलों तथा छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रृद्धालु त्रिवेणी संगम में स्नान के लिए रोजाना आते हैं।

मां नर्मदा महाआरती सेवा समिति ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मिट्टी हटवाई जाए जिससे श्रृद्धालुओं को स्नान करने में असुविधा न हो।

## पुलिस ने किया जागरूक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रोबीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों महिलाओं एवं युवाओं को सुरक्षा एवं जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई अभियान के अंतर्गत थाना बिछिया सुराला, चागरिया, थाना टिकरिया गढ़ार, थाना मवई कुम्हली, थाना मोहगांव कौआ डोंगरी, थाना निवास फड़की महल एवं चौकी पांडीवारा पीपरदोन , चौकी पिंडरई रखरी, चौकी मनेरी मनेरी टोला क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

# सिंधी समाज की महिलाओं ने की होलिका पूजन

मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।

सिंधी समाज की महिलाओं ने होलिका माता पूजन विधि विधान से किया। रंगों के पर्व होली की पारंपरिक पूजा के अंतर्गत धुरेडी पर्व के पूर्व सिंधी समाज की महिलाओं ने प्रतिवर्ष की तरह सामूहिक रूप से होलिका माता की पूजा की। इसमें पारंपरिक व्यंजन मीठी रोटी, सिंधी गीयर, गुलाब जामुन, भजिया, रेवड़ी आदि का भोग लगाया गया। परंपरा के अनुसार इस पूजा में मीठी रोटी जो कि होलिका माता का प्रतीक है इसके ऊपर धागा बांधा गया इसमें धागा भक्त प्रहलाद का प्रतीक है इसमें मीठी रोटी को अग्नि दी गई



इसमें मीठी रोटी जल जाती है और धागा जो कि भक्त प्रहलाद का प्रतीक है वह शेष रह जाता है। इसका आशय यह है कि बुराई पर अच्छाई की जीत और हम इसे परंपरा के तौर पर पूजन करते हैं। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पल्लव पूजा के साथ सभी परिवारों की खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर पर सामाजिक महिलाओं ने उपवास रखा और पूजन अर्चन के बाद ही प्रसादी ग्रहण की। महिलाओं ने बताया कि इस पूजन सामग्री को परंपरागत पूजन के पश्चात तीसरे दिन ठंडा करते हैं। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को होली पर्व की शुभकामनाएं दी।

## मधुमक्खियों की चपेट में आया युवक

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** बिछिया से दानीटोला मार्ग पर स्थित नाग-नागिन हनुमान मंदिर के पास मधुमक्खियों के झुंड ने एक युवक पर अचानक हमला कर दिया। हमले में घायल युवक की पहचान बरिहा निवासी गुन्नू सिंह के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुन्नू सिंह मंदिर के पास खड़े थे तभी अचानक मधुमक्खियों का झुंड उनकी ओर आ गया और उन पर टूट पड़ा। देखते ही देखते मधुमक्खियों ने उन्हें कई जगह डंक मार दिए जिससे वे घबरा गए और मदद के लिए चिल्लाने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत स्थिति को समझते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत एंबुलेंस को फोन कर बुलाया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिछिया में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने बताया कि युवक की हालत अब स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं। एहतियातन उन्हें निगरानी में रखा गया है। स्थानीय नागरिकों द्वारा गुन्नू सिंह के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई जिसके बाद परिवारजन अस्पताल पहुंच गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मधुमक्खियों के छत्तों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### रामनगर में शिविर 9 को

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत 9 मार्च को बिछिया जनपद पंचायत के रामनगर कलस्टर ग्राम पंचायत 10 मार्च को मंडला के पौंड़ी महाराजपुर, 11 मार्च को मंडला के फूलसागर ग्राम मवई के ग्राम मोती नाला निवास के बिसौरा ग्राम पंचायत में शिविर लगाया जायेगा।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ




**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा किशोरी बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को जिला चिकित्सालय में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद कछवाहा और जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस अभियान का औपचारिक शुरुआत की। अभियान की जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ. डीजे मोहंती ने बताया कि भारत सरकार का यह अभियान 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को भविष्य में बच्चेदानी के कैंसर जैसी घातक बीमारियों से बचाने के लिए शुरू किया गया है। पहले यह वैक्सीन निजी अस्पतालों में उपलब्ध होतीं थी। महंगी होने के कारण आम लोगों को यह नहीं मिल पाती थी। सरकार के इस अभियान के माध्यम से यह वैक्सीन लगाई जा रही है जिले में कुल 12661 किशोरी बालिकाओं को यह टीका लगाया जाएगा इस दौरान उपस्थित बालिकाओं और आमजन को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत सदस्य शैलेष मिश्रा और नगर पालिका अध्यक्ष कछवाहा ने भी संबोधित करते हुए टीकाकरण अभियान के विषय में संबोधित किया इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. विजय धुर्वे, सहायक संचालक जनजातीय कार्य रंजीत गुप्ता, डीपीसी कुलदीप कठल, डीपीएम स्वास्थ्य मिशन शैलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पेयजल आपूर्ति पुनः प्रारंभ

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मंडला अंतर्गत ग्राम इमलीगोहन में 24 फरवरी को पेयजल प्रदाय योजना के बाधित होने की सूचना लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत आपूर्ति में व्यवधान तथा पाईपलाइन में लीकेज के कारण पेयजल वितरण प्रभावित हो गया था जिससे ग्रामवासियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था सूचना प्राप्त होते ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभागखंड मंडला द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए तकनीकी अमले को स्थल निरीक्षण के लिए भेजा गया। निरीक्षण उपरांत पाया गया कि ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी एवं वितरण पाईपलाइन में लीकेज के कारण योजना बाधित थी उक्त स्थिति के निराकरण के लिए विभाग द्वारा विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर ट्रांसफार्मर में आवश्यक सुधार कार्य शीघ्रता से कराया गया साथ ही पाईपलाइन के लीकेज को दुरुस्त कर जल प्रदाय व्यवस्था को पुनः सुचारु रूप से प्रारंभ कर दिया गया।

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**मण्डला/बम्हनी(स्वतंत्रमत)।** आगामी होली के त्यौहार को मद्देनजर रखते हुए बम्हनी बंजर थाना में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में सर्व सम्मति से आगामी दिनों में सम्पन्न होने वाले होली त्यौहार और ईद के पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में आपसी सौहार्द के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी नायब तहसीलदार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद बम्हनी,नगर के गणमान्य नागरिक सभी समाज के बंधुओं और पत्रकार बंधुओं की उपस्थिति रही।

संपादकीय

# पूरी दुनिया टेंशन में

इजरायल और ईरान के बीच भीषण युद्ध छिड़ा हुआ है। इस युद्ध में अमेरिका भी इजरायल का साथ दे रहा है। पहले ही दिन अमेरिका-इजरायल ने ईरान के राष्ट्रपति भवन, खुफिया एजेंसी और सैनिक स्थल समेत 30 ठिकानों पर हमला किया। हवाई और समुद्र दोनों मार्गों से ईरान पर हमले जारी हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ तौर पर कहा गया है कि हम किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति नहीं बनने देंगे। इस बीच, ईरान ने भी इजरायल पर पलटवार किया है। यह अटैक धीरे-धीरे भीषण जंग में तब्दील हो रहा है, जो भारत समेत पूरी दुनिया के लिए टेंशन पैदा कर सकती है। खासकर कच्चे तेल के आयात के संबंध में महत्वपूर्ण चुनौतियां पैदा हो सकती हैं।

इस युद्ध से कच्चे तेल की कीमतों में तगड़ा इजाफा हो सकता है। साथ ही इसके सप्लाई चेन में भी बाधा आ सकती है, क्योंकि दुनिया का 40 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य जलमार्ग से आता है। यह दुनिया का सबसे व्यस्त तेल मार्ग है और यह ईरान के अधीन आता है। भारत-चीन समेत दुनिया के ज्यादातर देश इसी मार्ग से कच्चा तेल आयात करते हैं। यह मार्ग खाड़ी देशों के कच्चे तेल निर्यातकों को वैश्विक बाजारों से जोड़ता है। अगर ईरान इसे बंद करता है तो दुनिया का ज्यादातर कच्चा तेल बाधित हो सकता है, जिसका दुनिया की इकोनॉमी पर गहरा असर पड़ सकता है। यही नहीं कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें देश में पेट्रोल-डीजल के भाव पर असर डालकर महंगाई में इजाफा कर सकती हैं। आंकड़े बताते हैं कि तेल के कुल आयात में भारत की निर्भरता इस होर्मुज चोकपॉइंट पर बढ़कर 50 फीसदी हो चुकी है और हाल ही के महीनों में इसमें ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। भारत ने इस साल 24 फरवरी तक भारत ने खाड़ी देशों से लगभग 2.6 मिलियन बैरल प्रति दिन तेल का आयात किया है, जो यह बताता है कि खाड़ी देशों से कितनी बड़ी आपूर्ति भारत की हो रही है। होर्मुज जलडमरूमध्य सबसे संवेदनशील चोकपॉइंट है। इस संकरे कॉरिडोर से पूरी दुनिया का करीब 20 फीसदी क्रूड ऑयल गुजरता है। यहां पर कच्चे तेल का प्रवाह मुख्य रूप से खाड़ी उत्पादक देशों सऊदी अरब, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और कतर से आता है और यह तेल चीन, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे प्रमुख एशियाई बाजारों में आता है, जो करीब 40 फीसदी है।

अमेरिका स्थित ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुसार 2024 में होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले सभी कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का 69 प्रतिशत हिस्सा इन्हीं रास्ते से आता है। लिहाजा होर्मुज में किसी भी प्रकार की बाधा से ऑयल सप्लाई में कमी, माल ढुलाई और बीमा लागत में इजाफा होगा। इससे भारत का तेल आयात की लागत भी बढ़ सकती है। एक्सपर्ट्स की बात माने तो भारत कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85-90 प्रतिशत आयात करता है। ऐसे में किसी भी तरह की रुकावट भारत के लिए लागत बढ़ा सकती है। इधर, भारत ने अब अपना तेल आयात रूस, इराक, सऊदी अरब, यूएई, पश्चिम अफ्रीका, दक्षिण और मध्य अमेरिका, अमेरिका, कुवैत, मध्य पूर्व के बाकी देश, मैक्सिको, यूरोप ऊत्तरी अफ्रीका, एशिया प्रशांत और कनाडा से मंगाना शुरू कर दिया है। इस प्रकार भारत ने वक्त के तकाजे को भांपते हुये कुछ सालों में अपनी तेल आपूर्ति में विविधता लाई है।

# होली और चंद्रग्रहण के साथ परीक्षा: संतुलित तैयारी की प्रभावी रणनीति



कृष्णकांत शर्मा
विधि अधिकारी
शिक्षा विभाग

होली जैसे उल्लासपूर्ण पर्व और चंद्रग्रहण जैसे खगोलीय घटनाक्रम के बीच परीक्षा का पड़ना विद्यार्थियों के लिए चुनौतीपूर्ण स्थिति बन सकता है। एक ओर पारिवारिक, सामाजिक और सांस्कृतिक वातावरण का आकर्षण होता है, तो दूसरी ओर परीक्षा का दबाव और भविष्य की चिंता। ऐसे समय में घबराने या पढ़ाई छोड़ देने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि संतुलित योजना और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर विद्यार्थी न केवल त्योहार का आनंद ले सकते हैं, बल्कि परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन भी कर सकते हैं। प्रस्तुत लेख में होली और चंद्रग्रहण के दौरान प्रभावी अध्ययन की एक व्यावहारिक, मानक और सभी कक्षाओं के लिए उपयोगी रणनीति प्रस्तुत की जा रही है।

## 1. मानसिक तैयारी- सफलता की पहली सीढ़ी

किसी भी परिस्थिति में सफलता का आधार मानसिक दृढ़ता होती है। विद्यार्थियों को सबसे पहले यह स्वीकार करना चाहिए कि त्योहार और ग्रहण दोनों अस्थायी हैं, जबकि परीक्षा का परिणाम दीर्घकालिक प्रभाव डालता है। इसलिए मन में स्पष्ट प्राथमिकता तय करना आवश्यक है-पहले पढ़ाई, फिर त्योहार। इसका अर्थ त्योहार का त्याग नहीं, बल्कि संतुलित दृष्टिकोण अपनाना है। सकारात्मक सोच बनाए रखना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। यदि विद्यार्थी स्वयं को यह विश्वास दिला दें कि सीमित समय में भी प्रभावी पढ़ाई संभव है, तो आधी समस्या स्वत: समाप्त हो जाती है। घबराहट की बजाय योजना पर ध्यान देना ही सफलता का मूल मंत्र है।

## 2. समय प्रबंधन- कम समय में अधिक परिणाम

त्योहार और ग्रहण के दौरान लंबी पढ़ाई की बजाय छोटे-छोटे अध्ययन सत्र अधिक प्रभावी सिद्ध होते हैं। 40 से 60 मिनट के अध्ययन और 10 मिनट के विश्राम का मॉडल अत्यंत उपयोगी है। इससे मानसिक थकान कम होती है और एकाग्रता बनी रहती है।

विशेष रूप से होली के दिन सुबह का समय अत्यंत उपयोगी माना जाता है। प्रात:कालीन अध्ययन में दिमाग अपेक्षाकृत शांत और ग्रहणशील होता है। इसलिए कठिन विषय, गणितीय अभ्यास, विज्ञान के सिद्धांत या व्याकरण जैसे विषय सुबह ही पढ़ने चाहिए। दोपहर में हल्की पुनरावृत्ति और शाम को सीमित समय के लिए त्योहार में सहभागिता एक संतुलित दिनचर्या बनाती है।

## 3. प्राथमिकता निर्धारण-क्या पढ़ें, क्या छोड़ें

परीक्षा से ठीक पहले नया पाठ्यक्रम प्रारंभ करना अक्सर तनाव बढ़ाता है। ऐसे समय में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण विषयों और बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्नों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। शॉर्ट नोट्स, सूत्र, परिभाषाएँ, प्रमुख तिथियाँ और मुख्य बिंदुओं की पुनरावृत्ति अधिक उपयोगी होती है।

कम पढ़ो, लेकिन पक्का पढ़ो की रणनीति इस समय अत्यंत प्रभावी होती है। बार-बार पढ़ने से स्मरण शक्ति मजबूत होती है और परीक्षा में आत्मविश्वास बढ़ता है।

## 4. चंद्रग्रहण के दौरान अध्ययन की रणनीति

कई परिवारों में चंद्रग्रहण से जुड़ी पारंपरिक मान्यताएँ होती हैं। ऐसे में विद्यार्थियों को पारिवारिक भावनाओं का सम्मान करते हुए अध्ययन की योजना बनानी चाहिए।

**ग्रहण से पहले**- ग्रहण आरंभ होने से पहले मुख्य अध्ययन कार्य पूर्ण कर लेना चाहिए। कठिन विषय, सूत्र आधारित पाठ और लिखित अभ्यास इस समय कर लेना अधिक उपयुक्त रहता है।

**ग्रहण के दौरान**- यदि घर में ग्रहण के दौरान लिखने-पढ़ने की परंपरागत सीमाएँ हों, तो भी अध्ययन पूर्णत: बंद करने की आवश्यकता नहीं है। इस समय मौखिक पुनरावृत्ति, फ्लैश कार्ड, ऑडियो नोट्स, रिकॉर्डेड व्याख्यान या मानसिक अभ्यास किया जा सकता है। यह समय स्मरण आधारित अध्ययन के लिए उपयुक्त होता है।

**ग्रहण के बाद**- ग्रहण समाप्ति के बाद आवश्यक धार्मिक या पारंपरिक क्रियाओं के पश्चात हल्का अध्ययन पुन: प्रारंभ किया जा सकता है। मॉडल पेपर देखना, महत्वपूर्ण प्रश्नों की पुनरावृत्ति या अगले पेपर की योजना बनाना लाभदायक रहता है।

## 5. होली के दिन संतुलन- आनंद भी, अनुशासन भी

होली एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव है, इसलिए इसे पूर्णत: त्यागना आवश्यक नहीं है। किंतु अति उत्साह पढ़ाई को प्रभावित कर सकता है। विद्यार्थियों को रंग खेलने का समय सीमित रखना चाहिए, आदर्शत: 1-2 घंटे पर्याप्त होते हैं।

अत्यधिक भीगने, देर तक बाहर रहने या अस्वस्थ खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए, क्योंकि बीमार पड़ने पर आगामी परीक्षाएँ प्रभावित हो सकती हैं। सुरक्षित और संयमित उत्सव ही समझदारी का परिचायक है।

## 6. विषयानुसार अध्ययन रणनीति

**गणित**- गणित में नियमित अभ्यास ही सफलता की कुंजी है। प्रतिदिन 10-15 प्रश्न हल करना, सूत्रों की अलग कॉपी बनाना और गलत प्रश्नों को पुन: हल करना अत्यंत लाभदायक होता है। इससे परीक्षा में त्रुटियाँ कम होती हैं।

**विज्ञान**- विज्ञान में चित्र, परिभाषाएँ और प्रमुख शब्द अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। प्रत्येक अध्याय का एक पृष्ठीय सार तैयार करना और आरेखों का अभ्यास करना स्मरण शक्ति को मजबूत बनाता है।

**सामाजिक विज्ञान**- इतिहास, भूगोल और नागरिक शास्त्र में तिथियाँ, घटनाएँ और मानचित्र कार्य महत्वपूर्ण होते हैं। शॉर्ट नोट्स बनाकर पढ़ना और मैप वर्क का अभ्यास करना अच्छे अंक दिला सकता है।

**भाषाएँ (हिंदी, अंग्रेज़ी, संस्कृत)**- भाषा विषयों में लेखन शैली महत्वपूर्ण होती है। निबंध की शुरुआत, पत्र लेखन का प्रारूप, व्याकरण के नियम और गद्यांशों की समझ पर विशेष ध्यान देना चाहिए। प्रतिदिन 15 मिनट व्याकरण अभ्यास अत्यंत उपयोगी रहता है।

## 7. ध्यान और एकाग्रता के सरल उपाय

त्योहारों के दौरान मन का विचलित होना स्वाभाविक है, परंतु कुछ सरल उपाय एकाग्रता बनाए रखने में सहायक होते हैं। सुबह 5ङ्क10 मिनट प्राणायाम या गहरी श्वास लेने से मानसिक स्पष्टता बढ़ती है। पढ़ाई के समय मोबाइल फोन को दूर रखना और रात में सोने से पहले दिन भर पढ़े गए विषयों की संक्षिप्त पुनरावृत्ति करना स्मरण शक्ति को मजबूत करता है।

## 8. स्वास्थ्य का ध्यान- सफलता का आधार

त्योहारों के समय खान-पान और दिनचर्या में बदलाव सामान्य है, परंतु विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। अत्यधिक मिठाई या तले हुए खाद्य पदार्थ नींद और आलस्य बढ़ा सकते हैं। पर्याप्त जल सेवन, संतुलित आहार और पर्याप्त नींद परीक्षा प्रदर्शन को बेहतर बनाते हैं। रात देर तक जागना और सुबह देर से उठना पूरे अध्ययन चक्र को प्रभावित करता है। इसलिए नियमित दिनचर्या बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

## 9. डिजिटल अनुशासन-आधुनिक चुनौती का समाधान

त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया और मोबाइल का उपयोग बढ़ जाता है, जिससे अध्ययन समय प्रभावित होता है। विद्यार्थियों को अध्ययन के समय डिजिटल डिटॉक्स अपनाना चाहिए। केवल आवश्यक शैक्षणिक उपयोग तक ही मोबाइल सीमित रखना बेहतर होता है। यदि आवश्यक हो तो अध्ययन समय के दौरान नोटिफिकेशन बंद करना या मोबाइल किसी अन्य कमरे में रखना उपयोगी रणनीति हो सकती है।

## 10. टॉपर्स की प्रभावी आदतें

सफल विद्यार्थियों की कुछ सामान्य आदतें होती हैं, जिन्हें अपनाकर कोई भी विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकता है-

- सुबह अध्ययन और रात में पुनरावृत्ति
- बार-बार पढ़ने की आदत
- लिखकर याद करना
- सीमित लेकिन केंद्रित अध्ययन
- तनाव की बजाय योजना पर ध्यान

ये आदतें परीक्षा के साथ-साथ जीवन में भी सफलता दिलाती हैं।

## 11. अभिभावकों की भूमिका

इस समय अभिभावकों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। उन्हें विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव डालने की बजाय सहयोगात्मक वातावरण प्रदान करना चाहिए। त्योहार में सीमित सहभागिता की अनुमति देना और अध्ययन के लिए शांत वातावरण उपलब्ध कराना विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाता है।

## 12. संतुलन का सिद्धांत- सफलता का मूल मंत्र

जीवन में संतुलन बनाए रखना ही वास्तविक सफलता है। त्योहार सामाजिक जीवन का हिस्सा हैं और परीक्षाएँ शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण चरण। यदि विद्यार्थी दोनों के बीच संतुलन स्थापित कर लेते हैं, तो वे न केवल अच्छे अंक प्राप्त करते हैं, बल्कि जीवन प्रबंधन की महत्वपूर्ण कला भी सीखते हैं।

यह समझना आवश्यक है कि होली हर वर्ष आती है, किंतु परीक्षा का परिणाम भविष्य की दिशा निर्धारित कर सकता है। इसलिए संयमित आनंद और केंद्रित अध्ययन ही उचित मार्ग है।

**निष्कर्ष**- होली और चंद्रग्रहण के साथ परीक्षा का पड़ना चुनौती अवश्य है, परंतु यह असंभव स्थिति नहीं है। उचित मानसिक तैयारी, सुव्यवस्थित समय प्रबंधन, विषयानुसार रणनीति और संतुलित दृष्टिकोण अपनाकर विद्यार्थी इस परिस्थिति को अवसर में बदल सकते हैं।

त्योहार का आनंद लें, परंतु परीक्षा को केंद्र में रखें। अनुशासन और संतुलन के साथ किया गया अध्ययन न केवल अच्छे परिणाम देता है, बल्कि आत्मविश्वास और जीवन कौशल भी विकसित करता है। अंतत: वही विद्यार्थी सफल होते हैं जो परिस्थितियों को बाधा नहीं, बल्कि अवसर के रूप में देखते हैं। संतुलन, अनुशासन और सकारात्मक सोच – यही सफलता का वास्तविक सूत्र है।

# अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा और भारत : जोखिम, अवसर और रणनीतिक संतुलन



भूपेन्द्र गुप्ता

21वीं सदी की वैश्विक राजनीति का केंद्रीय अक्ष आज अमेरिका और चीन के बीच बढ़ती रणनीतिक प्रतिस्पर्धा है। यह प्रतिस्पर्धा केवल सैन्य शक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीक, व्यापार, आपूर्ति-श्रृंखला, समुद्री मार्गों और वैश्विक संस्थानों के प्रभाव तक फैली हुई है। ऐसे समय में भारत के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए इस टकराव से कैसे अवसर भी निकाले।

सबसे पहले, यह समझना आवश्यक है कि अमेरिका-चीन संबंध प्रत्यक्ष युद्ध की दिशा में नहीं, बल्कि रणनीतिक प्रतिस्पर्धा की दिशा में बढ़ रहे हैं। इंडो-पैसिफिक क्षेत्र, दक्षिण चीन सागर और ताइवान जलडमरूमध्य जैसे मुद्दे तनाव के केंद्र हैं। अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखना चाहता है, जबकि चीन आर्थिक और सैन्य शक्ति के आधार पर अपना प्रभाव बढ़ा रहा है। इसी संदर्भ में भारत, अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे मंच उभरे हैं, जिनका उद्देश्य मुक्त और समावेशी इंडो-पैसिफिक की अवधारणा को मजबूत करना है।

भारत के लिए यह स्थिति एक दोधारी तलवार है। एक ओर, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर तनाव ने भारत को सुरक्षा दृष्टि से अधिक सतर्क बना दिया है। रक्षा सहयोग, संयुक्त सैन्य अभ्यास और तकनीकी साझेदारी के माध्यम से अमेरिका के साथ संबंधों में गहराई आई है। इससे भारत की सामरिक क्षमता और समुद्री सुरक्षा मजबूत हुई है। दूसरी ओर, भारत को यह भी सुनिश्चित करना है कि वह पूरी तरह किसी एक ध्रुव में न बंधे, क्योंकि उसकी विदेश नीति की आधारशिला रणनीतिक स्वायत्तता रही है। आर्थिक दृष्टि से देखें तो अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा भारत के लिए अवसरों का द्वार भी खोलती है। चाइना+1 रणनीति के तहत कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपनी आपूर्ति-श्रृंखला का विविधीकरण कर रही हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, रक्षा विनिर्माण और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारत निवेश आकर्षित कर सकता है। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाएँ इसी दिशा में एक प्रयास हैं। यदि भारत बुनियादी ढाँचे, श्रम-कौशल और लॉजिस्टिक्स में सुधार करता है, तो वह वैश्विक विनिर्माण का महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है।तकनीकी क्षेत्र में भी प्रतिस्पर्धा स्पष्ट है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 5 प्रतिशत, चिप निर्माण और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में नियम और मानक तय करने की होड़ है। भारत ने डिजिटल सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कुछ चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध तो लगाया है और डेटा संप्रभुता पर जोर दिया है। किंतु यह भी सच है कि भारत का पूरा डाटा संसार एनड्रॉयड के आंगन में खेल रहा है।हम अभी भी 35-40 साल पुराने विनडोज और माईक्रोसाफ्ट पर निर्भर हैं। किसी भी दिन हमें फ्रीज किया जा सकता है। हालांकि उन्नत तकनीक में पश्चिमी देशों के साथ सहयोग के नए अवसर भी सामने आए हैं। परंतु भारत को आत्मनिर्भर तकनीकी आधार विकसित करने की दिशा में निरंतर निवेश करना होगा, ताकि वह केवल उपभोक्ता न रहे, बल्कि आत्मनिर्भर नवाचार का केंद्र भी बने। प्रत्पिरधी देशों की ऊर्जा नाकेबंदी,ईधन की सप्लाई में अवरोध और परिवहन पर नियंत्रण इस युद्ध का एक संभावित लक्ष्य हो सकता है।भारतीय नेतृत्व भी इस दबाव का शिकार हो सकता है। ऊर्जा और समुद्री मार्गों का प्रश्न भी महत्वपूर्ण है। खाड़ी क्षेत्र और दक्षिण चीन सागर में किसी भी प्रकार का तनाव भारत के व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है। इसलिए भारत के लिए समुद्री सुरक्षा सहयोग, ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार की मजबूती आवश्यक है।

अंतत:, अमेरिका-चीन की प्रतिस्पर्धा भारत के लिए केवल चुनौती नहीं, बल्कि अवसर भी है। यदि भारत संतुलित कूटनीति, आर्थिक सुधार और तकनीकी क्षमता निर्माण पर ध्यान दे, तो वह इस वैश्विक शक्ति-संतुलन में एक स्वतंत्र और प्रभावशाली ध्रुव के रूप में उभर सकता है। भारत की ताकत उसकी बहु-सरेखीय विदेश नीति, लोकतांत्रिक मूल्यों और बढ़ती आर्थिक क्षमता में निहित है। यही संतुलन भविष्य में उसे वैश्विक राजनीति के इस जटिल दौर में स्थिर और सशक्त बना सकता है।तटस्थ और निर्गुट नीति से ही यह हासिल हो सकता है। क्या हम कायम रह सकते हैं।

## ईरान पर हमला.चीन तक धमक



बात पते की

# कितना खाओगे...कुछ तो शर्म करो



देव शंकर अवस्थी

पिसनहारी मढ़िया से मेडिकल आई टाइप कॉलोनी होते हुए धनवंतरि नगर तक बनने वाली सीमेंट सड़क को जब बनते देखा तो मॉडल रोड की याद आ गई। इस सड़क को जिस सलीके से बनाया और पकाया गया, उससे लगा कि सड़क इसी तरह से बनना चाहिए। भोपाल एनएच में शहपुरा के पास ओवरब्रिज क्या भसका कि सरकारी निर्माण कार्यों की जगह-जगह चर्चा हो पड़ी। एनएच में जिस तरीके से निर्माण कार्य हुए, उससे एक दिन तो ऐसा होना ही था। एनएच पर कटनी रोड पर जाएं या फिर भोपाल की तरफ, नईनवेली सड़क पर इतनी थिगड़पट्टी मिलेगी कि आपका माथा घूम जाए। लंबी-लंबी दरारों को लेप से भरा गया है। जगह-जगह थिगड़ों की भरमार है। कई जगह तो दरारें इतनी खतरनाक हैं कि वाहन ही बहक जाए। कई जगह सड़क की इतनी सत्यानाशी हो चुकी है कि पूरे ब्लॉक को ही फिर से बनाया गया। मंडला रोड में भ्रष्टाचार जगह-जगह ऐसा फटा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा अधिकारियों को जमकर दुत्कारा गया। कई हिस्सों को दोबारा बनाने के निर्देश दिए गए। डामर रोड दो-तीन साल में उखड़े तो भी चल जाए, सीमेंट रोड के यदि परखच्चे उड़ें तो समझ जाइए कितनी निर्ममता से खाइबाजी हुई है। चार साल पहले बने शहपुरा के ओवरब्रिज भसकने की घटना राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुई। निर्माण कार्य में दोषी पूर्व अधिकारियों पर एफआइआर, उनकी पेंशन रोकने जैसी कार्रवाई होगी। कुछ साल मामला चलेगा, फिर सब ठीक हो जाएगा। अभी तो यह भसकने की शुरुआत है, आगे बहुत कुछ भसकेगा। चूंकि कार्रवाई प्रभावी नहीं होती इसलिए भसकने वाले निर्माण कार्य होते ही रहेंगे।

## शहर का नाम डुबा दिया

चोर किसी के सगे नहीं होते। उन्हें किसी के सम्मान से कुछ लेना-देना नहीं होता। चोरी की ही एक ऐसी घटना ने शहर का नाम कलंकित कर दिया। बात पिछले दिनों की है, जब पांच मोटरसाइकिलों पर नर्मदा परिक्रमावासी मेडिकल कॉलेज स्थित एक लॉज में रुके। सुबह देखा तो उनकी सभी मोटरसाइकिलों से पेट्रोल चोरी हो गया। इस बात का पता चला तो उन्होंने लॉज संचालक से शिकायत की। सीसीटीवी में देखा तो चोरों के चेहरे समझ में नहीं आए लेकिन चार युवक थे, जो सटक और कुप्पियां लेकर आए और सभी मोटरसाइकिलों का पेट्रोल निकाल लिया। मोटरसाइकिल की सजावट देखकर ही लग रहा था यह परिक्रमावासियों की हैं, फिरभी चोरों को पेट्रोल चुराने में शर्म नहीं आई। इन चोरों ने शहर का नाम कलंकित कर दिया। दूसरे शहरों में लोग परिक्रमावासियों का पलकपांवड़े बिछाकर स्वागत करते हैं और यहां कलंकियों ने गाड़ियों का पेट्रोल भी नहीं छोड़ा। परिक्रमावासी अपने शहरों में जाकर जबलपुर की इस घटना की चर्चा सालों साल करना नहीं भूलेंगे।

## ... और अंत में

हम भाइयों ने माताजी की संभवत: ठीक सेवा की इसलिए आज 89 की आयु तक वे काफी अच्छी अवस्था में हैं। एक सज्जन एक दिन हमारे घर आए, उन्होंने मां-बाप की सेवा का लंबा-चौड़ा ज्ञान दिया। सही बात यह है कि उन सज्जन ने खुद अपने माता-पिता को बुढ़ापे में कभी एक गिलास पानी तक नहीं दिया।

# ये विधायक तो 'बाबा रामदेव' की दुकान बंद करवा कर छोड़ेगा .....

अभी तक तो अपने को ये मालूम था कि योग के सबसे प्रकांड विद्वान बाबा रामदेव हैं जिनका कहना है की योग से सारे रोग दूर हो जाते हैं लेकिन वही बाबा रामदेव हर रोग की दवा बनाकर करोड़ों रुपयों में खेल रहे हैं। एलोपैथी को गलत बताते हुए आयुर्वेद को महत्व देने वाले वे और उनके साथी बालकृष्ण जी जब बीमार पड़े तो अस्पताल में ही भर्ती हुए और एलोपैथी की दवा खाकर स्वस्थ हो पाए। योग के नाम पर बाबा रामदेव ने जो जलवा खींचा है और जो दुकान चलाई है उस दुकान को बंद करने का जुम्मा अब कांग्रेस के श्योपुर विधायक बाबू झंडेल ने ले लिया है। विधानसभा के सामने अपने खिलाफ एफआईआर को निरस्त करवाने के लिए उन्होंने शीर्षासन शुरू कर दिया ,अभी तक टीवी वाले माइक जमीन से पांच फुट ऊपर हुआ करते थे लेकिन बाबू साहब ने इन टीवी चैनलों के रिपोर्टरों को भी घुटनों के बल ला दिया और उनके माइक जमीन पर आ गए क्योंकि भाई साहब शीर्षासन करते-करते अपना बयान दे रहे थे ,उनका कहना था कि ये सरकार उनको मारना चाहती है लेकिन वे इतने कमजोर नहीं है जैसे वे शीर्षासन कर रहे हैं वैसा ही शीर्षासन वे इस सरकार को करवा देंगे। बाबू साहब ने शिव पार्वती विवाह के दौरान खुश होकर फायरिंग कर दी अब चाहे फायरिंग हर्ष फायरिंग हो या दुख फायरिंग मामला तो बनता है सो पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली जैसे ही बाबू जी को पता लगा उन्होंने तुरंत अपनी एफ आई आर के खिलाफ शीर्षासन शुरू कर दिया, कई मिनट तक सर नीचे और पैर ऊपर करके खड़े रहे और देखते ही देखते पूरे प्रदेश में उनकी तस्वीर वायरल हो गई वैसे बाबू साहब ऐसे करतब दिखाते रहे हैं एक बार एक एसआई लेडी को भयंकर गालियां दी उस पर भी एफआईआर दर्ज हुई , फिर एक बार गोविंदा की तर्ज पर अपना कुर्ता फाड़ दिया एक बार बिजली संकट को देखते हुए खंभे पर चढ़कर बिजली जोड़ दी यानी जितनी नौटंकी हो सकती हैं वो सब बाबू साहब कर चुके हैं लेकिन यदि उनके शीर्षासन से घबराकर सरकार ने उनकी एफआईआर रद्द करवाने के आदेश दे दिए तो फिर हर अपराधी जिसके भी खिलाफ एफआईआर होगी इसी तरह पुलिस थाने के सामने शीर्षासन करके अपनी एफआईआर कटवा लेगा,




लेकिन उनके शीर्षासन को देखकर बाबा रामदेव भारी चिंतित हैं क्योंकि अभी तक उन्हीं की योग की दुकान चल रही थी लेकिन जब से लोगों ने बाबू जी का शीर्षासन देखा है तब से उनको समझ में आ गया कि योग का ठेका अकेला बाबा रामदेव के पास नहीं है हमारे विधायक भी योग पंडित है अपना तो बाबा रामदेव जी से कहना है कि बाबा जी बाबू साहब को अपने हरिद्वार के आश्रम में बुला लो और हेड योगाचार्य बना दो इसके साथ-साथ बाबू जी को भी अपनी एक सलाह है देखो योग के नाम पर बाबा अरबपति बन गया है आप भी विधायकी का चक्कर छोड़ो और योग की दुकान खोल लो दो-चार साल में आप भी अरबपति ना बन जाओ तो कहना।

## आलसियों के लिए खुशखबरी

एक रिपोर्ट अभी सामने आई है जिसमें यह बताया गया है कि सूर्योदय से पहले उठकर घूमने फिरने से कोई फायदा नहीं होता इस रिपोर्ट का कहना है कि हर शरीर की प्राकृतिक घड़ी अलग-अलग तरह की होती है और अलग-अलग समय बताती है ऐसे में यदि हर कोई सूर्योदय के पहले उठ जाता है तो जरूरी नहीं कि उसको स्वास्थ्य में कोई बड़ा फायदा हो जाए। रिपोर्ट में कहा गया कि हर व्यक्ति को अपने शरीर के हिसाब से ही सो कर उठना चाहिए, जब से रिपोर्ट से सामने आई है तमाम आलसी भारी खुश हैं क्योंकि जब भी वे सुबह नहीं उठते थे तो उन्हें आलसी कहा जाता था और यह कहा जाता था कि अगर सुबह उठकर घूमोगे फिरोगे तो स्वास्थ अच्छा होगा लेकिन इस रिपोर्ट ने सारी बातें इन आलसियों के पक्ष में कर दी। अब वे छाती ठोक कर दोपहर बारह बजे सो कर उठ रहे हैं और यदि उनसे कोई कहता है कि भैया जल्दी उठना स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है तो उस रिपोर्ट की फोटो कॉपी उस उपदेश कर्ता को दे देते हैं कि देखो मेरे शरीर की घड़ी तो यही बताती है कि बारह बजे के पहले उठना तुम्हारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इसलिए मैं सुबह की झंझट नहीं पालता, बेहतरीन बारह बजे तक सोता हूं और फिर उठता हूं अपने को तो लगता है कि अगर ये रिपोर्ट सार्वजनिक हो गई तो सुबह-सुबह जितने लोग मॉर्निंग वॉक पर जाते हैं वे भी पहले अपने शरीर की घड़ी का टाइम देखेंगे कि उनको कितने बजे उठना चाहिए और उसके हिसाब से ही उठेंगे इस रिपोर्ट से आलसियों की तो बाँछें ही खिल गई है अब उन्हें कोई आलसी नहीं कह सकता जो भी कहेगा वो इस रिपोर्ट का विरोधी होगा यह इन लोगों ने तय कर लिया है।

## रील का चक्कर

आजकल पूरे देश में रील बनाने का पागलपन छाया हुआ है। कोई जंगल में रील बना रहा है, कोई पति-पत्नी रील बना रहे हैं तो कोई अधिकारी अपनी रील बना रहा है और तो और उसको बकायदा यूट्यूब पर अपलोड करके उससे पैसे भी कमा रहे हैं । अब देखो ना पुलिस प्रशिक्षण केंद्र के छह नव आरक्षकों ने एक रील बना ली और उसको वायरल भी कर दिया इस रील में वे बस यही तो कह रहे हैं कि शक्ल अच्छी नहीं हुआ तो क्या हुआ सरकारी नौकरी तो है, पैसा नहीं है तो क्या हुआ मंथली तो आता है इसको लेकर ऊपर के अफसर भारी नाराज हो गए आनन फानन में उनको नोटिस दे दिया गया। अपने हिसाब से तो वे सही कह रहे थे आजकल सरकारी नौकरी मिलती कहां है लड़की वाले भी चाहते हैं कि अपनी बिटिया उसी को दें जो सरकारी नौकरी में हो, दूसरी बात उन्होंने पैसा नहीं है तो क्या हुआ मंथली तो आती हैकहा ये भी एक सच्चाई तो है कम से कम पुलिस डिपार्टमेंट पर तो ये बात सही उतरती है और वैसे पुलिस डिपार्टमेंट हो या और कोई सरकारी डिपार्टमेंट सब में मंथली सिस्टम तो जारी है वैसे हो सकता है कि उन्होंने तनख्वाह के बारे में कहा हो लेकिन कहते हैं चोर की दाढ़ी में तिनका ऊपर के अफसरों को लगा कि ये उपरी इनकम के बारे में बात कर रहे हैं सो बेचारों को नोटिस दे दिया अब वे नोटिस का उत्तर देंगे क्या देंगे यह नहीं पता लेकिन आजकल रील सब पर भारी हो रही है इसमें कोई दो मत नहीं हैं।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

आपको मेरी सुंदरता ज्यादा अच्छी लगती है या मेरे संस्कार.. श्रीमती जी ने श्रीमान जी से पूछा

मुझे तो तुम्हारी ये मजाक करने की आदत बहुत अच्छी लगती है...!श्रीमान जी ने उत्तर दिया

# जंग की आग में खाड़ी देश

## ईरान द्वारा खाड़ी देशों के हवाई अड्डों और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया गया

नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर किए हमले के बाद अब यह पूरे खाड़ी देशों में फेल गया है। शनिवार को इजरायल-अमेरिका द्वारा की गई सैन्य अभियान में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद, ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए दुबई, अबू धाबी, दोहा और मनामा समेत कई जगहों पर भी मिसाइल दागनी शुरू कर दी। ईरान द्वारा किए गए पलटवार का आलम यह है कि कतर और बहरीन की राजधानियों के साथ-साथ संयुक्त अरब अमीरात के सबसे अधिक आबादी वाले शहरों में भी विस्फोटों की आवाजें गूंज रही हैं। सोमवार को इजरायली सेना ने नए मिसाइलों के आने की पुष्टि की। जिसके बाद न केवल तेल अवीव में हवाई हमले के सायरन बजे, बल्कि खाड़ी देशों के नागरिक बुनियादी ढांचों, हवाई अड्डों और अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर भी भारी गोलाबारी और ड्रोन हमले देखे गए।



ईरान की राजधानी तेहरान पर हुए हमले के तीसरे दिन, तेल अवीव और यरुशलम के ऊपर कई मिसाइलों को रोका गया। वहीं, इराक में एरबिल हवाई अड्डा जहां अमेरिकी नेतृत्व वाले गठबंधन के सैनिक तैनात हैं और एक बड़ा अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर भी स्थित है। वहां, बार-बार ड्रोन आ रहा जिसे रोका जा रहा है। कुवैत में भी अमेरिकी दुतावास के पास धुएं के गुबार उठते देखा गया। ईराक में जहां अमेरिका के कई सैन्य अड्डे स्थित हैं, नागरिक बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। रविवार को बहरीन की राजधानी मनामा में हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला हुआ, जिससे मामूली नुकसान हुआ। ईरान के हमले में जो सबसे अधिक प्रभावित हुआ है, वह संयुक्त अरब अमीरात (श्व) है। जहां ड्रोन द्वारा गिराए गए मलबे से दुबई के रिहायशी इलाकों में दो लोग घायल हो गए। शनिवार को ईरानी हमलों के कारण पाम सीफ्रंट डेवलपमेंट और बुर्ज अल अरब होटल जैसी इमारतों में आग लग गई। वहीं, अबू धाबी के हवाई अड्डे पर के पास हुए हमले में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए, जबकि एक अन्य व्यक्ति की दिन में पहले मलबे गिरने से मौत हो गई।

**पीछे नहीं हटने वाला ईरान**- गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि ईरान अब घुटने पर आ गया है और बातचीत के लिए तैयार है। लेकिन ईरान के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारीजियानी ने कहा, हम संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बातचीत नहीं करेंगे।

# खामेनेई की मौत के बाद कराची में विरोध प्रदर्शन में 23 लोग मरे, कई घायल

इस्लामाबाद, (वार्ता)

अमेरिका और इजरायल के संयुक्त मिसाइल हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद पाकिस्तान के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान कम से कम 23 लोगों की मौत हो गयी और अनेक घायल हो गये। रिपोर्टों के अनुसार, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़पों में 10 लोगों की मौत हुई, जबकि गिलगित-बाल्टिस्तान के स्कर्दू में 11 लोगों की जान गयी। राजधानी इस्लामाबाद में दो लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अमेरिका-इजरायल के संयुक्त हमले में श्री खामेनेई की हत्या की पुष्टि के बाद विरोध प्रदर्शन भड़क उठे। विभिन्न संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का आह्वान किया था। कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका मुर्दाबाद और इजरायल मुर्दाबाद के नारे लगाए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिये गोलीबारी की और आंसू गैस के गोले छोड़े। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य द्वार के बाहर एक वाहन को आग लगा दी तथा पुलिस चौकी और कई मोटरसाइकिलों को तोड़ दिया। पुलिस ने आंसू गैस और फायरिंग के जरिए भीड़ को तितर-बितर करने की कोशिश की। पुलिस सर्जन डॉ. समीया तारिक ने बताया कि कराची में 10 लोगों की मौत हुई और 96 लोग घायल हुए हैं। आठ शव अस्पताल लाए गये, जबकि दो अन्य ने उपचार के दौरान दम तोड़ा।

चिकित्सा रिपोर्टों के अनुसार, कई घायलों को पत्थरबाजी और लाठीचार्ज से चोटें आईं, जबकि 26 लोगों को गोली लगने की पुष्टि हुई है। पांच पुलिसकर्मी और तीन अन्य व्यक्ति भी घायल हुए। सभी अस्पतालों में आपातकाल घोषित किया गया। स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में आग लगा दी है।

## लारीजानी ने अमेरिका के साथ बातचीत से इनकार किया

**तेहरान, (वार्ता)।** ईरान के सुरक्षा प्रमुख अली लारीजानी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ किसी भी नयी बातचीत से इनकार कर दिया है। इससे ईरान, अमेरिका और इज़रायल के बीच पूरे पश्चिम एशिया में सैन्य टकराव बढ़ने के साथ ही बयानबाजी और बढ़ गयी है। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव श्री लारीजानी ने पर्दे के पीछे गोपनीय बातचीत की खबरों को खारिज कर दिया है और अमेरिकी राष्ट्रपति पर आरोप लगाया कि उन्होंने भ्रम वाली हरकतें करके इस इलाके को अस्थिरता में धकेल दिया है। सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि श्री ट्रंप ने अपने अमेरिका पहले नारे को इज़रायल पहले में बदल दिया है और इज़रायल की इच्छाओं के लिए अमेरिकी सैनिकों की कुर्बानी दे दी है।

## अब तक किसी परमाणु रिएक्टर पर हमला नहीं, लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव का खतरा बरकरार : आईएईए

वियना, (वार्ता)

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने कहा है कि अब तक ईरान के किसी भी परमाणु ठिकाने पर हमला नहीं हुआ है, लेकिन रेडियोधर्मिता रिसाव की संभावना को टाला नहीं जा सकता। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने ईरान और पश्चिम एशिया में जारी सैन्य हमलों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए सभी पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और परमाणु प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह के सशस्त्र हमले से बचने की अपील की है। श्री ग्रोसी ने कहा कि आईएईए स्थिति की निगरानी जारी रखेगा और यदि परमाणु सुरक्षा में कोई उल्लंघन होता है तो सदस्य देशों को तत्काल तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। उन्होंने आगाह किया कि यदि रेडियोधर्मिता रिसाव होता है तो बड़े शहरों को खाली कराने की नौबत आ सकती है। श्री ग्रोसी ने कहा कि एजेंसी ने अपने अधिकार क्षेत्र के अनुरूप संभावित रेडियोधर्मिता रिसाव आपात स्थिति की आशंका को ध्यान में रखते हुए तत्काल कार्रवाई की है। आईएईए का इंसिडेंट एंड इमरजेंसी सेंटर सक्रिय है और एक समर्पित टीम स्थिति का आकलन कर रही है, हालांकि संघर्ष के कारण संचार में बाधाएं आ रही हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय सुरक्षा निगरानी नेटवर्क को सतर्क कर दिया गया है और अब तक ईरान से सटे देशों में पृष्ठभूमि स्तर से अधिक विकिरण दर्ज नहीं हुआ है। ईरान में परमाणु प्रतिष्ठानों की स्थिति पर उन्होंने कहा कि अब तक बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र, तेहरान अनुसंधान रिएक्टर या अन्य परमाणु ईंधन चक्र सुविधाओं के क्षतिग्रस्त होने का कोई संकेत नहीं मिला है।

## कुवैत का दावा- कई अमेरिकी फाइटर जेट क्रैश, ईरानी ड्रोन ने सऊदी में तेल रिफाइनरी को बनाया निशाना

कुवैत के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि देश में कई स् वॉरप्लेन क्रैश हुए हैं, सभी क्रू मेंबर बच गए हैं। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि आज सुबह कई अमेरिकन फाइटर एयरक्राफ्ट क्रैश हुए, जिससे कन्फर्म हुआ कि उनके क्रू मेंबर बिना किसी नुकसान के बच गए। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया, संबंधित अधिकारियों ने तुरंत सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, जिससे क्रू मेंबर को निकाला गया और उनकी हेल्थ चेक करने और जरूरी मेडिकल केयर देने के लिए हॉस्पिटल में ट्रांसफर किया गया।

सऊदी अरब का कहना है कि उसने अपनी रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी को निशाना बनाने वाले ड्रोन को रोक लिया है। सऊदी सेना के एक प्रवक्ता ने सरकारी सऊदी प्रेस एजेंसी पर इस बात की जानकारी दी। सऊदी अरब की रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सोमवार को रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी पर ड्रोन से हमला हुआ, अधिकारियों ने सीमा पार से आने वाले एयरक्राफ्ट को मार गिराया। दम्मम के पास स्थित रास तनुरा ऑयल रिफाइनरी की क्षमता हर दिन आधे मिलियन बैरल से ज्यादा कच्चे तेल की है।

अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान पर हमला कर रहे हैं, लेकिन इन हमलों में ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर कोई असर नहीं पड़ा है। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी ने ईरान पर हाल के स् और इजराइली मिलिट्री हमलों से रेडियोलॉजिकल असर का कोई सबूत नहीं बताया है। ईरान में हुए हमलों से इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ईरानी न्यूक्लियर प्लांट को कोई नुकसान हुआ है या उन पर सीधा हमला हुआ है। हिजबुल्लाह ने ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत का बदला लेने के लिए इजरायल पर रॉकेट से हमला किया था। इस हमले के बाद इजरायल ने कहा कि अभी सभी ऑप्शन खुले हैं।

## ओमान पर हमला हमारी मर्जी से नहीं हुआ,आईआरजीसी अब स्वतंत्र है, ईरान के विदेश मंत्री का बड़ा बयान



ईरान के विदेश मंत्री ने कहा है कि अमेरिका और इजरायल के खिलाफ जवाबी हमले को लीड कर रही एलीट फोर्स इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स अकेले काम कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ओमान पर हमला हमारी पसंद नहीं थी। ईरानी क्रांति के बाद मई 1979 में रूहोल्लाह खुमैनी ने आईआरजीसी बनाया था। यह पारंपरिक ईरानी सेना से अलग है। रिपोर्ट के मुताबिक, 1979 में सरकार बदलने के बाद ईरान के रूलिंग मौलवियों ने एक नया संविधान पेश किया, जिसमें ईरान की सीमाओं की रक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक रेगुलर मिलिट्री और ईरान में इस्लामिक सिस्टम की रक्षा के लिए एक अलग रिवोल्यूशनरी गार्ड का इंतजाम किया गया। ईरान के सुप्रीम लीडर को रिपोर्ट करता है और यह पद अयातुल्ला अली खामेनेई के पास था। हालांकि, अब खामेनेई की अमेरिकी-इजरायली हमले में मौत हो चुकी है। इसका मतलब है कि आईआरजीसी अब बिना हेड के है और अकेले काम कर रहा है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अल जजीरा के साथ एक इंटरव्यू के दौरान एक चौंकाने वाली बात कही। ओमान पोर्ट को टारगेट करके किए गए स्ट्राइक के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने जवाब दिया, ओमान में जो हुआ, वह हमारी मर्जी नहीं थी। हमने अपनी आर्म्ड फोर्सेज को पहले ही बता दिया है कि वे जो टारगेट चुनें, उन्हें लेकर सावधान रहें। फिर उन्होंने कहा, असल में हमारी मिलिट्री यूनिट्स अब असल में इंडिपेंडेंट हैं और किसी तरह अलग-थलग हैं। वे पहले से दिए गए इंस्ट्रक्शन्स के आधार पर काम कर रही हैं। यह बयान अहम है। इसका मतलब है कि आईआरजीसी ईरानी सरकार के आदेश पर काम नहीं कर रहा है, बल्कि खामेनेई ने अपनी हत्या से पहले जो निर्देश दिए थे, उनके अनुसार काम कर रहा है।

## विश्वगुरु मोदी को ईरान और इजरायल के बीच रोकनी चाहिए जंग : संजय राउत

मुंबई, (वार्ता)



शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वह अपनी विश्वगुरु की छवि का इस्तेमाल ईरान और अमेरिकी-इजरायली युद्ध को रोकने के लिए करें। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने सोमवार को मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच लड़ाई रोकने का दावा कर सकते हैं, तो श्री मोदी को पश्चिम एशिया संकट में दखल देने के लिए अपनी वैश्विक छवि का इस्तेमाल क्यों नहीं करना चाहिए।

श्री राउत ने कहा, अगर राष्ट्रपति ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच जंग रोक सकते हैं, तो मोदी जी को बड़े नेता और विश्वगुरु होने के नाते ईरान और इजरायल के बीच जंग रोकनी चाहिये। उन्हें ऐसा वैश्विक नेता माना गया है जैसे उनसे पहले विश्व में कोई इस प्रकार का नेता नहीं था, इसलिए उन्हें आगे आकर अपने दोस्तों से कहना चाहिए कि अब बहुत हो गया और जंग रुकनी चाहिए।

श्री राउत ने भारत से ईरान के सर्वोच नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर आधिकारिक शोक जताने की भी अपील की। उन्होंने उन्हें भारत का सचा दोस्त बताया, जिन्होंने पाकिस्तान के साथ लड़ाई सहित पिछले संकटों के दौरान देश का साथ दिया था।उन्होंने पूछा, जब ऐसे नेता की हत्या होती है, तो भारत के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को दुख जताना चाहिए। वे किससे डरते हैं, इजरायल से या राष्ट्रपति ट्रंप से?

उन्होंने कहा, ईरान के सर्वोच नेता अयातुल्ला खामेनेई इजरायल को छोड़कर पूरी दुनिया में एक सम्मानित हस्ती थे। वह भारत के सचे दोस्त थे और दोनों देशों के बीच पारंपरिक दोस्ती रही है। संकट के समय चाहे भारत-पाकिस्तान युद्ध हो या कश्मीर का मुद्दा, ईरान हमेशा भारत के साथ खड़ा रहा है। ऐसे नेता की जब हत्या होती है, तो भारत को आधिकारिक रूप से दुख जताना चाहिए। गौरतलब है कि अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच लड़ाई ने दुनियाभर में अनिश्चितता पैदा कर दी है, जिसमें लंबे समय तक चलने वाले सैन्य टकराव के डर से समुद्री व्यापार, विमानन उद्योग और तेल के बाजार और अन्य क्षेत्रों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं।

## विदेश में रहने वाले प्रत्येक कन्नड़ भाषी लोगों की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,(वार्ता)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोमवार को कहा कि विदेश में रहने वाले प्रत्येक कन्नड़ भाषी लोगों की सुरक्षा एवं कल्याण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में व्याप्त तनाव की स्थिति पर बारीकी से नजर रखे हुए हैं। हवाई क्षेत्र में व्यवधान एवं उड़ानों के रद्द होने से लगभग 100 कन्नड़ भाषी संयुक्त अरब अमीरात, विशेष रूप से दुबई में फंसे हुए हैं और नौ लोग बहरीन में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की टीमें लगातार उनसे संपर्क में हैं ताकि प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा कि स्थिति से निपटने के लिए राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र और सभी जिला आपातकालीन संचालन केंद्र 24 घंटे कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार विदेश मंत्रालय, नागरिक उड्डयन मंत्रालय और प्रभावित क्षेत्रों में स्थित भारतीय दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों के साथ निरंतर समन्वय कर रही है।

## वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में भारत का एक महत्वपूर्ण स्थान : प्रधान

नयी दिल्ली,(वार्ता)



शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के लिये अपार अवसर प्रदान करता है।

श्री प्रधान ने सोमवार को आयोजित स्टडी इन इंडिया एडु-डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026 को संबोधित किया। इस सम्मेलन में उच शिक्षा में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर विचार-विमर्श करने के लिए 50 से अधिक देशों के राजदूत, उचायुक्त, राजनयिक मिशनों के प्रतिनिधि और मंत्रालय के अधिकारी एकत्रित हुए। इस दौरान श्री प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत भारत की शिक्षा प्रणाली में हुए बदलावों के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है, जो स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक होगा। इस संदर्भ में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण स्थान बना हुआ है, जो सीखने, अनुसंधान करने, नवाचार करने और उसे लागू करने के अपार अवसर प्रदान करता है।

शिक्षा मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी ताकत उसका जीवंत ज्ञान तंत्र, जनसांख्यिकीय लाभांश और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि नयी शिक्षा नीति 2020 और स्टडी इन इंडिया पहल के माध्यम से देश छात्रों, शोधकर्ताओं और संस्थानों के लिए वैश्विक अवसरों का विस्तार कर रहा है।

उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर से लेकर सतत ऊर्जा तक, भारत एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार के रूप में उभर रहा है, जो सहयोग, क्षमता निर्माण और साझा ज्ञान पर आधारित वैश्विक दक्षिण मॉडल को आगे बढ़ा रहा है।

उन्होंने कहा कि अनिश्चितता और तेजी से बदलती दुनिया में शिक्षा ही समाजों के बीच सबसे मजबूत सेतु है और भारत सहयोगी देशों के साथ ज्ञान के मजबूत सेतु बनाने का प्रयास कर रहा है।

## गोड्डा जिले में बैंक आफ इंडिया में लूट का प्रयास, बैंक के गार्ड को मारी गोली

**गोड्डा, (वार्ता)।** झारखंड के गोड्डा जिला के महागामा सब्डिविजन के मुख्य केंचुआ चौक स्थित बैंक आफ इंडिया में आज तीन की संख्या में हेलमेट पहन कर अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया। बैंक के गार्ड 50 वर्षीय बिनोद कुमार ने अपराधी को हेलमेट उतारने के लिए बोला। इसपर अपराधी ने हेलमेट नहीं उतारने की बात कही। अपराधी और गार्ड के बीच हाथापाही होने लगा और गार्ड ने एक अपराधी को पटक दिया। दूसरे अपराधी ने गार्ड को धक्का दे कर गिरा दिया और गार्ड पर फायरिंग कर दिया। जिससे गार्ड के कंधे पर गोली लग गयी। महागामा थाना प्रभारी के साथ एस डीपीओ चन्द्रशेखर आजाद ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दिया है। बैंक के आस पास के सीसीटीवी कैमरे से अपराधी को पता लगाने की कोशिश की जा रही है। अपराधी और गार्ड के बीच उठा पटक से लोगों की भीड़ जमा होने लगी। अपराधी भीड़ को देखते हुए दो फायरिंग कर के मोटर साइकिल पर सवार हो कर फरार हो गये।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

## तुम्बाड 2 में नजर आएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म 'तुम्बाड 2' में नजर आएंगे। तुम्बाड के अगले अध्याय को एक नई और दमदार ताकत मिल गई है। नवाजुद्दीन सिद्दीकी तुम्बाड 2 में नज़र आएंगे। नवाजुद्दीन इस सीक्वल की कहानी में ज़बरदस्त गहराई लाएंगे। हालाँकि उनके किरदार के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया गया है, लेकिन माना जा रहा है कि वह फिल्म की कहानी में एक बहुत ज़रूरी रोल निभाएंगे, जो दर्शकों को मनोवैज्ञानिक रूप से झकझोर देगा और उनके नैतिक मूल्यों को चुनौती देगा।

नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, मैं तुम्बाड की ऑरिजिनैलिटी और उसकी माहौल बनाने वाली कहानी का हमेशा से मुरीद रहा हूँ। जब सोहम ने मुझे सीक्वल का विज़न बताया, तो मुझे कहानी पसंद आई और मैं इस सफ़र में उनके साथ जुड़ गया। इतने बड़े प्रोजेक्ट पर सोहम शाह और पेन स्टूडियो के साथ काम करना वाकई एक्साइटिंग है। मैं जो किरदार निभा रहा हूँ, उसमें कई परतें हैं, और मैं इतनी पैशनेट टीम के साथ इस इम्मर्सिव यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के लिए उत्सुक हूँ।

सोहम शाह ने कहा , नवाज़ सर को तुम्बाड 2 में लाना हमारे लिए बहुत एक्साइटिंग है। वह ऐसे एक्टर हैं जो हर रोल में गजब की शिद्दत और असलियत लाते हैं। वो जो किरदार निभाएंगे, वो सीक्वल के इमोशनल और साइकोलॉजिकल माहौल को बड़ा करने में बहुत अहम है। नवाज़ सर के आने से, हमें लगता है कि कहानी गहराई और असर के मामले में एक अलग ही लेवल पर पहुंच जाएगी। निर्माता डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) ने कहा,पेन स्टूडियोज में हम बेहतरीन कंटेंट दिखाने के लिए कमिटेड हैं और इसलिए तुम्बाड 2 के साथ हम सिनेमैटिक एक्सपीरियंस को और भी बड़े लेवल पर ले जा रहे हैं। नवाजुद्दीन सिद्दीकी को साथ लाना उस विज़न के साथ बिल्कुल सही बैठता है। उनकी कला, वर्सेटिलिटी और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस फिल्म को काफी ऊंचा उठा देगी। फिल्म तुम्बाड 2 को सोहम शाह फिल्म्स के बैनर तले सोहम शाह लीड कर रहे हैं, और इसमें पेन स्टूडियोज की साझेदारी है, जिसके प्रमुख डॉ. जयंतीलाल गड़ा हैं।



## पुरी जगन्नाथ की अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करेंगी संयुक्ता

दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री संयुक्ता फिल्मकार पुरी जगन्नाथ की अगली फिल्म में तब्बू के साथ काम करती नजर आयेंगी। संयुक्ता ने हाल ही में तब्बू के साथ काम करने का अनुभव साझा किया और ऑन स्क्रीन केमिस्ट्री की एक झलक भी दी। बड़े पैमाने पर बनी इस फिल्म में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं, संयुक्ता फीमेल लीड के रूप में दिखेंगी और तब्बू एक बेहद अहम और इंटेंस किरदार में नज़र आएंगी, जिसकी इंडस्ट्री में खूब चर्चा है। इस फिल्म का निर्माण चार्मिंमे कौर और पुरी जगन्नाथ ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट्स के तहत किया है। शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म तेलुगु, तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज़ की तैयारी में है। हाल ही की बातचीत में संयुक्ता ने तब्बू की तारीफ की है। उन्होंने कहा, वह कुछ अलग ही हैं। जिस अंदाज़ और एनर्जी के साथ वह सेट पर आती हैं, वह बेहद खूबसूरत है। उन्होंने कंदुकोंडेन कंदुकोंडेन जैसी शानदार फिल्म की है, जो मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। उसमें वह कमाल लगी थीं और आज भी उतनी ही ग्रेसफुल हैं। जब मैंने उन्हें सेट पर आते देखा तो मैं बस उन्हें देखती रह गई। मुझे पता ही नहीं था कि वह हैदराबाद से हैं। जब उन्होंने शहर के लोगों से बात की तो उनकी हैदराबादी हिंदी सुनकर मुझे बड़ी प्यारी लगी। हमारे बहुत ज्यादा सीन साथ में नहीं थे, लेकिन उनके साथ काम करना एक यादगार अनुभव रहा।

## प्राइम वीडियो की 'सूबेदार' में बबली दीदी के रूप में मोना सिंह का नया अंदाज



अभिनेत्री मोना सिंह प्राइम वीडियो की फिल्म 'सूबेदार' में बबली दीदी के दमदार किरदार में नजर आयेगी। प्राइम वीडियो की फिल्म सूबेदार ने एक ऐसा कास्टिंग सरप्राइज दिया है जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। बबली दीदी के रूप में, मोना सिंह एक ऐसी महिला का किरदार निभा रही हैं जिसे अपराध विरासत में मिला है। वह जेल के पीछे से अवैध रेत खनन के कई घाट चलाती हैं और सूबेदार अर्जुन मौर्य (अनिल कपूर) को लगातार अपनी उंगलियों पर नचाती हैं। ताकतवर, अनप्रिडिक्टेबल और देसी मिट्टी की हकीकत से जुड़ी, यह मोना सिंह का वो अवतार है जो दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा। यह कहना गलत नहीं होगा कि 2026 के किसी भी कयास में इस ट्विस्ट की भविष्यवाणी नहीं की जा सकती थी। मोना सिंह ने बताया, मुझे सुरेश (त्रिवेणी) का फोन आया, वो मेरे अछे दोस्त हैं। उन्होंने मुझसे कहा, 'मोना, मैं तुम्हें एक ऐसा रोल ऑफर कर रहा हूं जो तुमने पहले कभी नहीं किया है।' उन्होंने मुझे स्क्रिप्ट सुनाई और मेरे किरदार के बारे में बताया, तो मेरा रिएक्शन था 'अरे बाप रे! यह क्या दे दिया मुझे?' मैंने ऐसा पहले कभी नहीं किया था। मोना सिंह ने कहा, मुझे लगता है कि सुरेश के साथ काम करने का यह सबसे अछा हिस्सा है, और यह हमारा पहला कोलैबोरेशन है। अपने किरदार बबली दीदी के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, वह सरप्राइज से भरी हुई है और थोड़ी मनमौजी है। वह बहुत ही अनप्रिडिक्टेबल (जिसका अंदाजा न लगाया जा सके) है और अपनी कमियों को लेकर उसे कोई पछतावा नहीं है। यही बात मुझे इस किरदार के बारे में सबसे अछी लगी। मोना सिंह ने कहा, एक हार्टलैंड (देसी) डायलेक्ट (बोली) भी पकड़ना है और आप गुंडी दीदी भी बनी हुई हो। पूरा सैंड माफिया आप चला रही हैं। और मैंने सूबेदार जी (अनिल कपूर) को पूरी पिक्चर में दुखी कर रखा है। दीदी की वजह से बहुत एक्शन हो रहा है। तो यह चुनौतीपूर्ण था। बेशक, हर एक्टर को चैलेंज पसंद आता है और मुझे सबसे ज़्यादा पसंद आता है। ऐसी चीज़ें करना जो मुझे चुनौती दें, हैरान करें, जिसकी वजह से मेरी रातों की नींद उड़ जाए... मैंने यह सब महसूस किया इस रोल को निभाते वक्त और बहुत मजे किए। सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्देशित, और विक्रम मल्होत्रा, अनिल कपूर और सुरेश त्रिवेणी द्वारा निर्मित, सूबेदार ओपनिंग इमेज फिल्म्स की प्रोडक्शन है, जो अनिल कपूर फिल्म एंड कम्युनिकेशन नेटवर्क के सहयोग से बनी है। सुरेश त्रिवेणी और प्रवल चंद्रशेखर द्वारा लिखित, इस दमदार और इमोशनल एक्शन-ड्रामा में अनिल कपूर और राधिका मदान लीड रोल में हैं। इनके साथ ही सौरभ शुक्ला, आदित्य रावल, फैसल मलिक, मोना सिंह और खुशबू सुंदर भी अहम भूमिकाओं में हैं। सूबेदार का प्रीमियर 05 मार्च को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में प्राइम वीडियो पर भारत और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में होगा।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समय सीमा की बैठक

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।




कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने पात्र बालिकाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने होलिका दहन में पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए गौ-काष्ठ के उपयोग की तैयारियों की समीक्षा की। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. सुनील कुमार बृजपुरिया ने बताया कि जिले की सभी गौशालाओं में गोबर के कंडे उपलब्ध हैं। साथ ही जिले की चार गौशालाएं जहां से नागरिक गौ-काष्ठ भी प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि विकासखंड नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली गौशाला बहोरीपार के श्री अजय दादा पटेल का मोबाइल नंबर 7974516006 व श्री नवनीत उमरे का मोबाइल नंबर 9752392958, आदर्श गौशाला केंद्रीय जेल नरसिंहपुर के विद्या मिश्रा के मोबाइल नंबर 7024549115, करेली विकासखंड अंतर्गत आने वाली केरपानी की गौशाला में श्री पालिमकर महाराज के मोबाइल नंबर 7517811650 और गाडरवारा विकासखंड अंतर्गत आने वाली दयोदय गौशाला के श्री राजीव जैन के मोबाइल नंबर 9425419699 व श्री राजकुमार जैन के मोबाइल नंबर 9424327956 पर सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले की इन गौशालाओं में कंडे उपलब्ध हैं, जिनमें नरसिंहपुर विकासखंड अंतर्गत आने वाली गौशाला ग्राम तिदंनी, नयागांव, बम्होरी, नयाखेड़ा, खमरिया, पाठा, सहजपुरा, बहोरीपार, केंद्रीय जेल नरसिंहपुर व अमोदा, करेली विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम देवरीकला, ग्वारीकला, गिधवानी, रातीकरार कला, बरमान कला, उमरिया, विकासखंड चावरपाठा के अंतर्गत ग्राम पीपरवानी, बिलहरा, चावरपाठा, सगौरिया, करहैया (बारहा), उमरपानी, डोभी, टेकापार, खुलरी, हीरापुर, बम्हनी, विकासखंड चीचली के अंतर्गत आने वाली ग्राम शाहपुर, कुडारी, प्रेमपुर, बाम्हनवाडा, नयाखेड़ा, साईंखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पचामा, बसुरिया, कीरखड़ा, निवारी, भटेरा, संदूक, डुंगरिया, रमपुरा, झाझनखेड़ा, निमावर, बगदरा, गोटेगांव अंतर्गत आने वाली ग्राम गौरतला, श्रीनगर, कछवा बाबली, लाठगांव, बेलखेड़ी शेड, बगासपुर, बरहटा, झोतेश्वर, गुरुकृपा गौ सेवा समिति, करेली के अंतर्गत आने वाले ग्राम दिलहरी व केरपानी और गाडरवारा अंतर्गत आने वाली गौशाला दयोदय गौशाला गाडरवारा शामिल हैं। जिला प्रशासन ने सभी जिलेवासियों से आग्रह किया है कि वे आज ही अपनी नजदीकी गौशाला से संपर्क करें। इसके साथ ही ऐसे पशुपालक जिनके यहां कंडे बनाए जाते हैं, उनसे भी कंडों के लिए संपर्क कर आप होलिका दहन में उपयोग कर सकते हैं। इस पावन पर्व को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मनाएं। बैठक में कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम अंतर्गत लंबित प्रकरणों की स्थिति, संकल्प से समाधान अभियान, सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण, विभिन्न पेंशन प्रकरणों तथा गिरदावरी कार्य की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने लंबित प्रकरणों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में फॉर्मर रजिस्ट्री, टीएल पत्रकों, ऋण संबंधी योजनाओं, गौशालाओं के संचालन, कर्मयोगी आईजीओटी पोर्टल पर प्रशिक्षण की प्रगति तथा वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित किए जाने की कार्यवाही की भी समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा संचालित कार्यों, शासकीय प्रयोजन के लिए भूमि आवंटन प्रकरणों तथा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति पर भी चर्चा की गई।



# लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती शुक्ला शौर्य चक्र से सम्मानित

## कलेक्टर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया सम्मानित

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला सैनिक बोर्ड श्रीमती रजनी सिंह ने लेफ्टिनेंट कर्नल श्री नीतेश भारती शुक्ला को भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त शौर्य चक्र सम्मान पर पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रदेश शासन द्वारा उन्हें 50 लाख रुपये की अनुदान राशि भी प्रदान की गई है। आप गाडरवारा निवासी शिक्षक श्री मनमोहन शुक्ला और श्रीमती ममता शुक्ला के पुत्र हैं। उल्लेखनीय है कि लेफ्टिनेंट कर्नल नीतेश भारती ने 14 जुलाई 2024 को नियंत्रण रेखा क्षेत्र में आतंकवादियों की घुसपैठ रोकने के लिए अदम्य साहस, वीरता और उत्कृष्ट नेतृत्व का परिचय दिया। खुफिया सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में लगाए गए घात दस्ते ने तीन आतंकवादियों को मार गिराया। बिना किसी हानि के ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उनके इस अदम्य साहस, नेतृत्व और वीरता के लिए उन्हें शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया है। राज्य शासन एवं जिला प्रशासन को गर्व है कि नरसिंहपुर जिले के वीर सपूत ने राष्ट्र की सुरक्षा में अपना अमूल्य योगदान दिया है।

## जिले में सोमवार को हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं सम्पन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत सोमवार 2 मार्च जिले में बनाए गए कुल 213 परीक्षा केन्द्रों पर हाई स्कूल की और 5 परीक्षा केन्द्रों पर हायर सेकेंडरी स्कूल की परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि हाई स्कूल की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 14 हजार 597 परीक्षार्थियों में से 14 हजार 384 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 213 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह हायर सेकेंडरी स्कूल की समाजशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में पंजीकृत कुल 268 परीक्षार्थियों में से 263 परीक्षार्थी शामिल हुए।




# ईएमबीईडी प्रोजेक्ट अंतर्गत मलेरिया नियंत्रण के लिए 56 स्वयं सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशन में फेमिली हेल्थ इंडिया द्वारा संचालित मच्छर जनित स्थानिक बीमारियों (ईएमबीईडी) प्रोजेक्ट अंतर्गत जिले में चार दिवसीय कम्युनिटी वॉलेंटियर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण जिले के उन ग्रामों के लिए आयोजित किया गया, जहां मलेरिया के मामले दर्ज किए गए हैं। इन सभी ग्रामों में कम्युनिटी लीड वॉलेंटियर मॉडल के माध्यम से कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम से एक स्वयंसेवक का चयन किया गया है। चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 56 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण करेली में दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मलेरिया से बचाव, स्त्रोत नियंत्रण, बीसीसी एवं आईईसी गतिविधियों तथा समुदाय स्तर पर जागरूकता बढ़ाने पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी श्री राजकिशोर पटेल एवं सहायक मलेरिया अधिकारी श्री जगदीश धुर्वे व मलेरिया निरीक्षक श्री यशवंत शर्मा ने मलेरिया की रोकथाम, पहचान एवं उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि समय पर पहचान, लार्वा सर्वेक्षण, स्वच्छता एवं जागरूकता के माध्यम से मच्छर जनित बीमारियों को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। प्रशिक्षण में डिस्ट्रिक्ट को- ऑर्डिनेटर ईएमबीईडी प्रोजेक्टर श्री रामकृष्ण जाट ने स्वयं सेवकों को ग्राम स्तर पर सक्रिय सहभागिता, नियमित मॉनिटरिंग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

उल्लेखनीय है कि ईएमबीईडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले के मलेरिया एवं डेंगू प्रभावित ग्रामों में स्वयं सेवकों का चयन कर उन्हें सशक्त बनाया जा रहा है। चयनित स्वयं सेवक अपने- अपने ग्रामों में मलेरिया नियंत्रण, स्वच्छता अभियान, स्त्रोत नाशक कार्य एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का संचालन करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समुदाय की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों के उन्मूलन की दिशा में ठोस कदम उठाना तथा स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों को और अधिक सशक्त बनाना है।

# स्वर्ण कर्णिका नारी शक्ति क्लब के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

स्वर्ण कर्णिका नारी शक्ति क्लब के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होटल सावित्री सिगनेचर में मनाया गया । कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन किया गया, उपरांत बिटिया शार्वी सोनी,और शौर्या सोनी द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, समाज के सभी क्षेत्रों में अपनी विशेष पहचान बनाने वाली सभी मातृ-शक्तियों का सम्मान किया गया, इसके बाद हमारे इतिहास की वीरांगनाओं के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की गई,कार्यक्रम में अतिथि के रूप में ट्रैफिक पुलिस टी आई, ममता तिवारी , वन विभाग से सुनीता पटैल,संध्या कोठारी , ज्योति चौहान , विवेक पांडेय , कुसुम साहू , एडवोकेट जया शर्मा , एडवोकेट रेखा पटेल , डॉक्टर राज



श्री, स्कूल संचालिका भारती ठाकुर , स्वाति जायसवाल , योग शिक्षिका भारती कौरव,सुनीता राजपूत, नीरा बुधौलिया जी, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निशा सोनी जी, प्रबीणा गोस्वामी , सम्मिलित हुई, सभी अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधिकार एवं शिक्षा , समाज में आई कुरुतियों को मिटाने का संकल्प लिया, क्लब संस्थापिका श्रीमती अर्चना सुरेंद्र सोनी एवं क्लब-अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोनी ने भी नारी शक्ति पर अपने-अपने विचार व्यक्त किये.....नृत्य नाटिका में क्लब संचालिका श्रद्धा सोनी झलकारी बाई बनी, क्लब सचिव विभा सोनी जी रानी कमलावती , कोषाध्यक्ष रानू अवधिया रानी दुर्गावती, प्रियंका कमलेश रानी अवंतीबाई, अर्चना अखिलेश एक ग्रहणी के रूप में वीरांगना,प्रियंका दीपेंद्र लक्ष्मी बाई बनी।

सभी मातृ शक्तियों द्वारा बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मिलकर महिला दिवस मनाया,कार्यक्रम में डा.गौरीश सोनी और टीना सोनी ने बहुत ही सफल संचालन किया, ....सभी क्लब सदस्य रश्मि जी, कल्पना जी, स्वेता जी अभिलाषा जी, पिंकी जी, संध्या जी, शिखा जी, आशा जी, दीप्ति जी, डा.प्रीति जी, आरती जी, चांदनी जी,काजल जी वंदना सोनी, प्रीति सोनी,सोनल सोनी, लता सोनी आदि मातृ शक्तियों की उपस्थिति रही।

# पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान को लेकर भाजपा की जिला कार्यशाला संपन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जिला कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष पं.रामस्नेही पाठक की अध्यक्षता में व जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व मंत्री शरद जैन, तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल, प्रशिक्षण अभियान जिला संयोजक श्रीमती संध्या कोठारी, जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, राहुल कौरव, राजाराम कस्तवार, जयप्रकाश वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कार्यशाला के मुख्य उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा




एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो राजनैतिक कार्य करने के साथ ही दीनदयाल जी की वैचारिक विचारधारा अंत्योदय से समाज का सर्वांगीण विकास को लेकर आगे बढ़ रही है इस विचारधारा को फलीभूत एवं सयाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा को पहुचाने हेतु कार्यकर्ता का प्रशिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है इस हेतु इस कार्यशाला का आयोजन किया गया है। भाजपा ही एक मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जहा प्रतिदिन प्रतिक्षण कार्यकर्ता को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है अत: आप सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारीगण पूर्ण मनोयोग से इस प्रशिक्षण महाभियान में अपनी सहभागिता करते हुए दीनदयाल जी के विचारो को आत्मसाद करे व इस अभियान को बूथ स्तर तक पहुचाए ।प्रशिक्षण महाभियान की जिला संयोजक श्रीमती संध्या कोठारी ने प्रशिक्षण में शामिल किए गए नवाचारों और अभियान के दूरगामी लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके उपरांत जिला महामंत्री सुरेन्द्र मोहन नेमा ने पंच परिवर्तन विषय पर अपना सारगर्भित उद्बोधन दिया और कार्यकर्ताओं को वैचारिक स्पष्टता के साथ आगे बढ़ने का आहवाहन किया। नव नियुक्त जिला संगठन प्रभारी व पूर्व मंत्री शरद जैन ने समापन सत्र को संबोधति करते हुए कहा कि देश में अनेको राजनैतिक दल व अनेको विचारधाराएं है परंतु भाजपा इन सभी राजनैतिक दलो से अलग नजर आती है क्योंकि हम व्यक्ति आधारित राजनैतिक दल नही बल्कि विचारधारा आधारित दल है। हमारी निष्ठा व्यक्ति के प्रति नही विचारों के प्रति है। यह विचारधारा हमें हमारे पितृपुरूष पं.दीनदयाल उपाध्याय जी व श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने बताई है हम उसे ही लेकर आगे बढ़ रहे है । श्रद्धेय दीनदयाल जी ने जो वैचारिक बीज जनसंध के रूप में स्थापित किया था वह आज भाजपा के विशाल वट वृक्ष के रूप में स्थापित है ।

हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बनती है कि इस विचारधारा को समाज के हर व्यक्ति तक पहुचाकर पार्टी का विस्तार करे इस हेतु यह कार्यशाला आयोजित की गई है अंत में उन्होने कार्यशाला की सफलता पर संतोष व्यक्त किया ।कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री राहुल कौरव द्वारा किया गया साथ ही उन्होने एक विस्तृत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण अभियान के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यो और उनकी रूपरेखा को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया।



# आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर का रंगोत्सव होली मिलन समारोह संपन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** फागुन के महीने में आनंदम म्यूजिकल ग्रुप नरसिंहपुर के द्वारा होली मिलन समारोह का कार्यक्रम अभिनंदन गार्डन में सनातन संस्कृति परम्परा के अनुसार मां वीणा वादिनी के पूजन से शुरू हुआ। कार्यक्रम शुभारंभ अनिल नेमा के द्वारा गणेश वंदना हुआ। निरंतरता के क्रम में होली के पारंपरिक एवं सुमधुर गीतों की प्रस्तुति हमारी मातृ शक्ति श्रीमती भारती कौरव, नीलू बर्डिया, प्रीतिनेमा, मनीषा ठाकुर, नमिता कौरव, कुमारी रौनक प्रजापति एवं इसी क्रम में हमारे भाई श्री विजय पटेल, माधव शेन्द्रे, मुकेश शर्मा , , सूरज ठाकुर, बृजेश विश्वकर्मा, सुभाष सराठे, मनोज नेमा, राजेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता ने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी ।सभी ने फूलों की होली भी खेली। कार्यक्रम में अमितेंद्र नारोलिया, लक्ष्मीकांत धाकड़, प्रवीण ब्यौहार , विवेक पटेल बिशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# सर्व सनातन समाज ने सौंपा ज्ञापन



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सनातन धर्म प्रेमियों ने सनातन धर्म के प्रमुख गुरू स्वामी अविमुकतेश्वरानंदन जी महाराज के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों के विरोध में शक्तिधाम मंदिर परिसर में एकत्रित होकर जुलूस की शक्ल में अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार दिल्ली के नाम एक ज्ञापन एस डी एम कलावती ब्यारे को सौपा ।

सनातन धर्म के प्रमुख और आदिशंकराचार्य की विरासत को आगे बढ़ाने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज के खिलाफ षडयंत्र पूर्वक उनकी और सनातन धर्म की छवि को खराब करने के उद्देश्य से तथाकथित व्यक्ति द्वारा निराधार आरोप लगाकर उनकी और सनातन धर्म की छवि को धूमिल करने का घिनौना षडयंत्र रचा गया है । सभी सनातनधर्मी इससे बहुत आहत और दु:खी हैं । अनुरोध करते हैं कि आप अपने अधिकारों का प्रयोग कर सनातन धर्म के खिलाफ रचे जा रहे इस षडयंत्र और षडयंत्रकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही करने का आदेश प्रदान करें । ज्ञापन देने पहुचे सनातन धर्म प्रेमियों ने नारे लगाते हुए विरोध जताया ।

इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल, महेश अधरुज, रविशेखर जायसवाल, कुशलेन्द्र श्रीवास्तव ,डॉक्टर उमाशंकर दुबे, सतीश सैनी, राजीव दुबे, मुकेश बसेड़िया, बसंत तपा, दिग्विजय सिंह, सर्वेश्वर पांडे, अभिषेक पटैल, अजय राठौर, अन्नू शर्मा, शैलेश तिवारी, अजय राठौर, अवधेश रुसिया, संगीता जायसवाल, संजय कौरव, मनीष कौरव राहुल राय संगीता जायसवाल , गुड्डा मालपानी, अवधेश पांडे सहित अनेको सनातन धर्म प्रेमी उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

अग्रवाल समाज का होली मिलन समारोह प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के मुख्य अतिथि उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि शिवाकांत मिश्रा का स्वागत शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया । नगर पालिका के अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा रवि खजांची जिला महासभा अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष अग्रवाल समाज गाडरवारा ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेंद्र खजांची महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया अग्रवाल मिलन



बंसल अग्रवाल युवा परिषद समाज के वरिष्ठ गोपाल गुप्ता रमेश अग्रवाल ने महाराजा श्री अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन कर कार्यक्रम शुभारंभ हुआ सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत भाषण सुप्रिया अग्रवाल अध्यक्ष महिला मंडल दिया गया जिसमें उन्होंने नगर गाडरवारा में एक चौक महाराजा अग्रसेन जी के नाम से करने पर नगर पालिका अध्यक्ष का धन्यवाद किया रमेश अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। महासभा के जिला अध्यक्ष रवि खजांची वर्तमान में जारी सामाजिक गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी पदाधिकारी की प्रशंसा की नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में महिला शशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अग्रवाल समाज के द्वारा किए गए आयोजनों की सराहना करते हर संभव सहयोग देने बात कही सभी का खजांची आलोक अग्रवाल खजांची मुकेश अग्रवाल सौरभ बंसल ने तिलक लगाकर वा पुष्प वर्षा की कार्यक्रम के अंत में आभार नवल किशोर अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया कार्यक्रम का संचालन समाज के उपाध्यक्ष अरविंद अग्रवाल ने किया ।समाज के बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष की उपस्थिति रही।

# महापौर ने शहरवासियों को दी होली की हार्दिक शुभकामनाएं

**हर्षोल्लास, जिम्मेदारी और प्राकृतिक रंगों के उपयोग के साथ उत्सव मनाने की अपील**

कटनी (स्वतंत्रमत)

रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित की हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेमए सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक है। यह पर्व भारतीय संस्कृति की उस महान परंपरा को दर्शाता है, जहां विविधता में एकता और परस्पर सम्मान की भावना सर्वोपरि रहती है। होली हमें पुरानी कटुताओं को भुलाकर नई ऊर्जा, नए उत्साह और नई सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। महापौर ने कहा कि होली का रंग तभी सच्चा माना जाएगा, जब समाज के प्रत्येक वर्ग के चेहरे पर मुस्कान हो। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से अपील की कि वे उत्सव को गरिमा और मर्यादा के साथ मनाएं तथा ऐसे किसी भी आचरण से बचें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। उन्होंने कहा कि त्योहार आपसी संबंधों को मजबूत करने का अवसर होते हैं, इसलिए हमें प्रेम और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि होली के अवसर पर जल संरक्षण का विशेष ध्यान रखें, प्राकृतिक एवं सुरक्षित रंगों का प्रयोग करें तथा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली



गतिविधियों से दूर रहें। साथ ही उन्होंने नगरवासियों से नगर निगम की स्वच्छता व्यवस्था में सहयोग करने, सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखने और जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देने की अपील की। महापौर ने जानकारी दी कि होली पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तत्परता के साथ कार्य कर रहा है ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी सुरक्षित एवं आनंदमय वातावरण में उत्सव मना सकें। अपने संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि होली का पर्व हमें बुराई पर अच्छाई की विजय, सकारात्मक सोच और सामाजिक एकजुटता का संदेश देता है। यह अवसर है जब हम समाज में भाईचारे, सहयोग और विश्वास की भावना को और अधिक सुदृढ़ करें। अंत में महापौर ने कामना की कि रंगों का यह महापर्व प्रत्येक परिवार के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नगरवासी एकता, सौहार्द और जिम्मेदारी के साथ होली मनाकर हमारे शहर को विकास, स्वच्छता और प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## छात्राओं ने सिखाए प्राकृतिक रंग बनाने के तरीके



शासकीय कन्या महाविद्यालय में होली के अवसर पर एक सुंदर और पर्यावरण- अनुकूल आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में इको क्लब तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं ने हर्बल कलर (प्राकृतिक रंग) की प्रदर्शनी एवं स्टॉल लगाया। इस प्रदर्शनी में छात्राओं ने सभी से अपील की कि होली पर रासायनिक रंगों के बजाय प्राकृतिक वस्तुओं से बने रंगों का उपयोग करें। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं द्वारा तैयार किए गए प्राकृतिक रंगों की खूब सराहना की। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रंग त्वचा के लिए लाभदायक होते हैं, जबकि रासायनिक रंग त्वचा, आँखों और बालों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. कुमुद श्रीवास्तव ने भी छात्राओं का मार्गदर्शन किया और उनके प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने रंग बनाने में उपयोग किए गए पदार्थों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी छात्राओं से हर्बल कलर बनाने की विधि जानी। छात्राओं ने बताया कि उन्होंने निम्नलिखित प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग कर रंग तैयार किए। पालक, गाजर, हल्दी, बेसन, चंदन, पलाश, गुलाब, गेंदा, जैस्मिन, चावल, मैदा, चुकंदर, संतरे के छिलके, अपराजिता के फूल, गुड़हल के फूल आदि। इको क्लब प्रभारी डॉ. रीना मिश्रा ने छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की और भविष्य में इसे लघु उद्योग के रूप में विकसित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने दोहराया कि हर्बल कलर त्वचा, आँखों या बालों को कोई नुकसान नहीं पहुँचाते, जबकि बाजार के सस्ते रासायनिक रंग शरीर को प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष हानि पहुँचाते हैं। इस अवसर पर डॉ. विमला मिंज, डॉ. अमिताभ पांडे, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, शिल्पी सिंह, मिथिलेश्वरी, डॉ. प्रतिमा सिंह, डॉ. आशुतोष नारायण द्विवेदी, डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव, डॉ. सोनिया कश्यप, डॉ. अनिल कुमार द्विवेदी, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. फूलचंद कोरी, सृष्टि श्रीवास्तव, श्वेता कोरी, आरती वर्मा, मीनाक्षी वर्मा, पूजा सिंह राजपूत, विनीत सोनी, अंजनेय तिवारी सहित समस्त स्टाफ और छात्राएँ उपस्थित रहीं। यह आयोजन प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसका उद्देश्य सभी को प्रकृति से जुड़ने और पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश देना है।

## जरूरतमंदों के साथ मनाई रंगों की होली, विद्या लोक वेलफेयर फाउंडेशन की सराहनीय पहल



विद्या लोक वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जरूरतमंद लोगों के साथ होली का पर्व सामाजिक समरसता और सेवा भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों एवं परिवारों को गुलाल, पिचकारी, रंग तथा मिठाइयों का वितरण किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता स्पष्ट दिखाई दी। संस्था के अध्यक्ष अर्जित खरे ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और समानता का प्रतीक है तथा संस्था का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना है। इस अवसर पर रोहित साहू, विपांशु पटेल, माही तिवारी, दशमीत सिंह, भानु श्रीवास्तव, दीपक कुशवाहा, अमन सुहाने, शुभम, राज दुबे, आस्था प्यासी, हर्ष चौधरी, हर्षिता शुक्ला, अभय पांडेय, सुमित, धीरज, मयंक त्रिसोलिया, दीपू, प्रयाग तिवारी एवं विकल्प खरे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था द्वारा यह संकल्प भी दोहराया गया कि भविष्य में भी जरूरतमंदों के साथ इसी प्रकार सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।


## होली के रंग जरूरतमंद बच्चों के संग



कटनी ब्लड डोनर एंड वेलफेयर सोसाइटी की महिलाओं की टीम ने होलिका दहन के पावन पर्व पर जरूरतमंद बच्चों के साथ होली मनाई। यह कार्यक्रम कुठाला थाने के पीछे एक बस्ती में रह रहे बच्चों के साथ आयोजित किया गया था। सर्वप्रथम बच्चों के साथ होली खेली गई और उन्हें बधाई दी गई। इसके बाद बच्चों को तिलक लगाकर उनका मुंह मिठाई खिलाकर मीठा किया गया। बच्चों को चिप्स, नमकीन, बिस्किट आदि के पैकेट दिए गए। इस अवसर पर बच्चों के साथ गाना, डांस, पोयम, चुटकुले, मस्ती मजाक, खेल कुंद, हंसी खुशी के साथ होली का पर्व मनाया गया। अंत में बच्चों को होली से संबंधित सामग्री पिचकारी, गुलाल टोपी, रंग, फुगे आदि चीजे वितरित की गईं। कार्यक्रम में महिला विंग की अध्यक्ष मंजू शर्मा, पुष्पा ठाकुर, शिखा खंपारिया, रश्मि अग्रवाल, मनीषा पुरवार, संजना पांडे, श्रुति सेठिया, पूजा खम्परिया, अनीता ठाकुर, ममता ठाकुर, नेहा साहू, भारती मुरोतियां, प्रीति चतुर्वेदी, प्रिया अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## नंदीश्वर दीप महामण्डल विधान का समापन

### श्रीजी की निकाली गई भव्य शोभायात्रा





**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. जैन पंचायती बड़ा मंदिर में श्री 1008 नंदीश्वर दीप महामण्डल विधान के समापन अवसर पर धर्मप्रभावना हेतु श्रीजी की भव्य शोभायात्रा महावीर चैक से प्रारंभ होकर सराफा बाजार, कपड़ा बाजार, सुभाष चैक, मेन रोड़, जयदयाल रोड़, साधूराम हाईस्कूल के सामने से होते हुये कीर्ति स्तंभ के सामने समाप्त हुई। यात्रा में आगें धार्मिक धुन बजाते हुये बैण्ड, जय जयकार के नारे लगाते धर्मानुरागी बन्धु एवं रथ पर सवार श्रीजी के साथ पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, कोषाध्यक्ष मनीष जैन बड्डे, मंत्री-अजीत सिंघई, उपाध्यक्ष-सुकमाल जैन, सहमंत्री, मनीष जैन बर्तन, अनिल सिंघई, धन्यकुमार सत्कार, बल्ली जैन, सत्येन्द्र जैन सिहुड़ी, मनोज जैन, प्रकाश डेहरिया, पं. विकास जैन, संतोष जैन के साथ धर्मानुरागी बन्धु एवं माताओं बहनों ने शामिल होकर पुण्य लाभ लिया।

# कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का हुआ आयोजन

**छात्र/छात्राओं ने विज्ञान के आधुनिक पहलुओं पर डाली रोशनी**

कटनी (स्वतंत्रमत)

चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के तत्वाधान में नई बस्ती स्थित कटनी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स ऑटोनॉमस कॉलेज कटनी कम्प्यूटर एण्ड साईस विभाग द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. जय चड्डा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के कम्प्यूटर एण्ड साईस विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष एवं आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, भोपाल में अन्वेषक आशीष माथुर जी रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जय चड्डा द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजन एवं वंदन के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया। विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्राओं आलिया परवीन एवं महक नागवानी ने **"Women In Science: Catalysing Viksit Bharat"** विषय पर पी.पी.टी. के



माध्यम से प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। छात्र आदित्य नायक ने रमन प्रभाव की बारीकियों को समझाया तथा छात्र सिद्धांत नामदेव एवं उज्जवल सिंह ने खगोलीय घटनाओं पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में छात्रा शिवानी सोनी एवं तनीषा सोनी ने भविष्य की तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर पी.पी.टी. के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। इनके अतिरिक्त अभय गुप्ता, प्रियंका बैरागी, खुशी नागदेव एवं यशिका शर्मा द्वारा विज्ञान के महत्व पर आधारित एक ज्ञानवर्धक नाटक प्रस्तुत किया गया तथा छात्रा नैन्सी ने भी विषय पर अपना ओजस्वी भाषण दिया। मुख्य अतिथि आशीष माथुर द्वारा विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जय घड्डा द्वारा अपने उद्‌बोधन में छात्र/छात्राओं के प्रयासों की सराहना की और उन्हें निरंतर सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में कम्प्यूटर एण्ड साईस विभाग विभागाध्यक्ष आराधना अग्रहरी द्वारा मुख्य अतिथि, प्राचार्य और सभी सहयोगियों का आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापिका रोहिणी सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में चड्डा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर देवाशीष चड्डा, कला विभाग विभागाध्यक्ष कार्यक्रम स्वात्ति छिरौल्या, वाणिज्य विभाग विभागाध्यक्ष शरद निरंकारी, कम्प्यूटर एवं विज्ञान विभाग विभागाध्यक्ष आराधना अग्रहरि, सहायक प्राध्यापक रीतेश निगम, अतुल जैन, सहायक प्राध्यापिका ऋचा डेंगरे, समीप श्रीवास्तव, रवि यादव, सहायक प्राध्यापक मुकेश गुप्ता, गगन गुप्ता, सहायक प्राध्यापिका प्रियंका गुप्ता, शिवानी मलिक, सहायक प्राध्यापक शैलेज तिवारी, पवन केवट, प्रदीप श्रीवास्तव, मनोज मिश्रा, पवन सौंधिया, वैशाली सिंह, सोनिया रावत, सोनिका रैकवार, सृष्टि जैन, बीरेन्द्र कुशवाहा, अन्य सहायक स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

## आवारा कुत्ते के काटने से 16 वर्षीय किशोर की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम



कटनी (स्वतंत्रमत)

थाना बाकल के अंतर्गत ग्राम रक्सेहा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक आवारा कुत्ते के हमले का शिकार हुए 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रक्सेहा निवासी छोटे सिंह गोड़ पिता पुरुषोत्तम सिंह गोड़ को बीते 13 फरवरी को दोपहर करीब 12:52 बजे एक कुत्ते ने काट लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे बेहतर उपचार के लिए जबलपुर के मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लगभग 15 दिनों तक चले इलाज के बाद, किशोर की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और बीते रविवार 1 मार्च की रात करीब 08:40 बजे उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल की सूचना पर थाना बाकल के सै. 135 अशोक तिवारी द्वारा मामले की जानकारी दर्ज कराई गई है। बाकल पुलिस ने इस मामले में मर्ग क्रमांक 06/26 दर्ज किया है। पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 194 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्टर ने होली पर किया शुष्क दिवस घोषित

**3 मार्च की रात्रि 11:30 बजे से 4 मार्च को संपूर्ण दिवस पर समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानें, रेस्तरां, बार व वाईन शॉप रहेंगे बंद**



कटनी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने होली पर्व के परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था की दृष्टि से मंगलवार 3 मार्च की रात्रि 11:30 बजे से बुधवार 4 मार्च (धुरेडी जिस दिन रंग खेला जावेगा) को संपूर्ण दिवस हेतु शुष्क दिवस घोषित किया है। इस अवधि में जिले की समस्त कम्पोजिट मदिरा दुकानें, एफ.एल.- 2 रेस्तरा बार, एफ.एल.- 3 होटल बार, एफ.एल.- 4 क्लब बार एवं वाईन शॉप परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे। कलेक्टर ने आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को आंशिक शुष्क दिवस घोषणा संबंधी आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इस अवधि के दौरान जिले में अवैध रूप से मदिरा के आयात-निर्यात, परिवहन, विनिर्माण, संग्रहण, कब्जा एवं विक्रय इत्यादि पर रोक लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# चित्रगुप्त मंदिर में गूंजी महाआरती, पूर्व सांसद का भव्य नागरिक अभिनंदन

**कायस्थ समाज ने दिखाई एकजुटता : संगठन की शक्ति से होगा सर्वांगीण विकासः आलोक संजर**

कटनी (स्वतंत्रमत)

भोपाल के पूर्व सांसद आलोक संजर, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष देव आशीष श्रीवास्तव के प्रथम नगर आगमन पर कटनी का कायस्थ समाज उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। कटनी की सीमा में प्रवेश करते ही पीरबाबा क्षेत्र में समाजजनों ने अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे पूरे मार्ग पर जय चित्रगुप्त के जयघोष गूंज उठे।

### सामाजिक मुद्दों और युवाओं की भागीदारी पर चर्चा

स्वागत कार्यक्रम के उपरांत अतिथि गण लखेरा स्थित शैलेष श्रीवास्तव के निवास पर पहुंचे। यहाँ आयोजित गोष्ठी में भोजन के साथ समाज के प्रबुद्धजनों के बीच सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान समाज के ज्वलंत मुद्दों और विशेषकर युवाओं को



सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने पर बल दिया गया। अपने संबोधन में पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा, समाज को सशक्त बनाने के लिए युवाओं के जोश और बुजुर्गों के अनुभव के समन्वय की आवश्यकता है। जब हम संगठित होकर प्रयास करेंगे, तभी सर्वांगीण विकास संभव होगा।

भक्तिमय वातावरण में महाआरती

चित्रगुप्त कायस्थ सभा के तत्वावधान में चांडक चौक स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भव्य स्वागत समारोह एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शंखध्वनि और मंत्रोच्चार के बीच अतिथियों, वरिष्ठों और युवाओं ने भगवान चित्रगुप्त की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव ने अतिथियों को मंदिर के गौरवशाली इतिहास और समाज की आगामी जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

### वरिष्ठों का सम्मान एवं विमर्श

कार्यक्रम के अगले चरण में पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव, अनु श्रीवास्तव के निवास पर समाज के बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यहाँ पर हजारी लाल निगम, उमा निगम, श्याम बिहारी श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, सुरेश खरे, ऊषा श्रीवास्तव, शकुंलता श्रीवास्तव, गिरीश खरे, आर एम खरे, प्रकाश श्रीवास्तव, सुशील श्रीवास्तव, पूर्णिमा बख्शी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, लता खरे, अनिल खरे, जय कुमार बख्शी, प्रीती खरे का शाल एवं श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान समाज के उत्थान को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श हुआ।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में जिलाध्यक्ष अनादी निगम, कार्यवाहक अध्यक्ष पंकज निगम, सचिव हेमंत श्रीवास्तव, महिला इकाई अध्यक्षा प्रीति श्रीवास्तव, युवा इकाई अध्यक्ष समीप श्रीवास्तव, मोहनलाल खरे, अजय खरे प्रदेश मंत्री रवि खरे, राकेश श्रीवास्तव, रवि बक्शी, सुनील उपाध्याय, डॉ. अमित खरे, मनोज निगम अम्मू वर्मा, अनिल श्रीवास्तव, प्रियांशु श्रीवास्तव भोपाल, प्रदीप श्रीवास्तव, अमोघ श्रीवास्तव, अनिल खरे, अनूप बाला श्रीवास्तव, बंटी खरे, मनोज निगम, दिनेश वर्मा, नीति वर्मा, इंदु निगम, पवन श्रीवास्तव, अजीत निगम, आशु वर्मा, प्रवीण सक्सेना, शरद खरे, सुनील निगम, गुमास्ता सहित जिले भर से बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे। पूरे नगर भ्रमण के दौरान कायस्थ समाज ने अपनी एकजुटता का प्रभावी प्रदर्शन किया।

# पाक की वर्ल्डकप टीम के प्लेयर्स पर 50-50 लाख का जुर्माना

## टीम के खराब प्रदर्शन से पीसीबी नाराज बोला- हारने की सजा मिलनी चाहिए

इस्लामाबाद (वार्ता)।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों पर 50 लाख पाकिस्तानी रूपये (लगभग 18000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया है। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में सुपर आठ स्टेज के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गया और लगातार चौथी बार आईसीसी पुरुष टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया। पाकिस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। क्रिकइनफो की रिपोर्ट के अनुसार जुर्माना डिसिप्लिनरी कारणों से नहीं है, बल्कि खास तौर पर बोर्ड के अनुसार टूर्नामेंट में खराब प्रदर्शन के लिए लगाया गया है। उन्हें बताया गया था कि अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचता है तो जुर्माना माफ किया जा सकता है। हालांकि, मौजूदा पीसीब प्रबंधन के पास बड़े टूर्नामेंट में निराशा के बाद सजा देने का यह तरीका है। पांच महीने पहले, एशिया कप फाइनल में भारत से मिली करीबी हार के बाद, पीसीबी ने खिलाड़ियों को दिए गए सभी नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) को कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया था। हालांकि यह निलंबन जल्द ही हटा लिया गया क्योंकि कुछ टॉप खिलाड़ी



बीबीएल के लिए ऑस्ट्रेलिया चले गए।

### भारत के मैच के बाद लगा दिया था जुर्माना

पाकिस्तानी फैंस के साथ बोर्ड अधिकारी भी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद ही हर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर 50 लाख रुपये का जुर्माना लगा दिया गया था। बोर्ड ने कहा कि अगर अच्छे प्रदर्शन पर इनाम मिलता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलेगी। भारत से हार के तुरंत बाद टीम को यह फैसला बता दिया गया था।

### नेशनल प्लेयर्स को हर महीने लाखों रुपए मिलते हैं

पाकिस्तान में नेशनल टीम का हिस्सा प्लेयर्स को 4 कैटेगरी में सैलरी मिलती है। ए कैटगरी में करीब 65 लाख, बी कैटेगरी में 45 लाख, सी कैटेगरी में 20 लाख और डी कैटेगरी में 12.50 लाख रुपए हर महीने मिलते हैं। हालांकि, जुलाई 2025 से जून 2026 के पिछले कॉन्ट्रैक्ट में बोर्ड ने किसी भी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा। यानी जुर्माने के बाद बी कैटेगरी प्लेयर्स की करीब एक महीने की सैलरी कट जाएगी। वहीं सी और डी कैटेगरी के प्लेयर्स को 2 से 3 महीने की सैलरी जुर्माने में देनी पड़ेगी।

### श्रीलंका पर जीत के बावजूद बाहर हुआ पाकिस्तान

पाकिस्तान ने ग्रुप स्टेज के पहले मैच में नीदरलैंड के खिलाफ मुश्किल से जीत दर्ज की। इसके बाद यूएसए को हराया। श्रीलंका की परिस्थितियों और स्पिन गेंदबाजों के दम पर भारत के खिलाफ बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, लेकिन टीम 61 रन से हार गई। पाकिस्तान फिर नामीबिया को आखिरी मैच हराकर सुपर-8 स्टेज में पहुंचा। सुपर-8 स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश में धुल गया। इंग्लैंड ने करीबी मुकाबला हरा दिया। इसके बाद सेमीफाइनल की उम्मीदें दूसरे मैचों के नतीजों पर टिक गईं। श्रीलंका पर करीबी जीत के बावजूद रन रेट खराब रहा। इस कारण न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गया और पाकिस्तान बाहर हो गया।

### स्पिनर उस्मान तारीक ने 10 विकेट लिए

पाकिस्तान के लिए साहिबजादा फरहान ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 383 रन बनाए। सईम अयूब, सलमान अली आगा, बाबर आजम और उस्मान खान 100 रन भी नहीं बना सके। स्पिनर उस्मान तारीक ने 10 विकेट लिए, जबकि बाकी गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा।



## ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन जीता कांस्य पदक

**तिराना (अल्बानिया) (वार्ता)।** भारतीय पहलवान ललित ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट के आखिरी दिन ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इसी के साथ टूर्नामेंट में भारत के पदकों की संख्या सात हो गई। रविवार को खेले गये मुकाबले में 23 साल के भारतीय पहलवान, जिन्होंने 2023 में अंडर 23 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था, ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू रैंकिंग सीरीज प्रतियोगिता में अपना पहला पोडियम कजाकिस्तान के आर्सेन जुमा पर 9-0 से जीत के साथ पक्का किया, जो पिछले साल अंडर 20 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता थे। इससे पहले ड्रॉ में, ललित ने क्वार्टर-फाइनल में अल्बानिया के एंडी मुका पर 8-0 की टेक्निकल सुपीरियोरिटी से जीत दर्ज की थी। फिर उन्हें सेमी-फाइनल में अजरबैजान के राशद मम्मादोव ने 6-5 से हराया। भारत के विश्वजीत मोरे ने भी ग्रीको-रोमन 55 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा लिया, लेकिन कजाकिस्तान के मार्लन मुकाशेव से कांस्य पदक मुकाबला हार गए।

# देशभर में आठ मार्च को होगी एथलेटिक्स लीग



**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्पोर्ट्स में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदार की एक अनोखी पहल के तहत आठ मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय के अस्मिता कार्यक्रम के तहत देशभर में 250 जगहों पर एथलेटिक्स लीग का आयोजन किया जायेगा। खेल राज्य मंत्री रक्षा निखिल खडसे ने आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एथलेटिक्स लीग की घोषणा करते हुए कहा, पूरे देश में हमारी युवा महिलाओं को जोड़ने का इससे बेहतर मौका नहीं हो सकता और अस्मिता प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने से बेहतर टूल और क्या हो सकता है, जो पहले से ही पूरे देश में प्रसिद्ध हो रहा है।

श्रीमती खडसे ने कहा कि देश भर में 250 जगहों पर स्पर्धाएं होंगी, जिनमें अंडर-13, 13से 18 प्लस साल और 18 प्लस वर्ग के एथलेटिक्स (100मी, 200मी, 400मी) स्पर्धा करेंगे। हर जगह पांच तकीनीकी अधिकारी , 10 वॉलंटियर, एक प्रतियोगिता मैनेजर, एक पास्ट चैंपियन एथलीट (पीसीए) और डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर तैनात होंगे। उम्मीद है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के लिए एक ही दिन में रिकॉर्ड 2,50,000 महिलाएं हिस्सा लेंगी। यह पहल माय भारत, खेलो इंडिया सेंटर्स (केआईसी), साई इकोसिस्टम और एनसीओई, स्टेट और डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स एसोसिएशन के साथ-साथ डिस्ट्रिक्ट यूथ ऑफिसर्स (डीवाईओ) के सहयोग से लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, लीग 30 से ज़्यादा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में ऑर्गनाइज़ की जाएगी, जिसमें नॉर्थ-ईस्ट के राज्य भी शामिल हैं। इसका मकसद गांवों और छोटे शहरों की अधिक से अधिक लड़कियों को स्पोर्ट्स को करियर के तौर पर अपनाने के लिए बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा हमें यह समझना होगा कि तैयारी जिला स्तर से शुरू होती है। ओलंपिक गेम्स मेजबानी करने के लिए ना सिर्फ ढांचे, ब्लकि भारत के हर जिले में ट्रेंड ह्यूमन रिसोर्स की जरूरत होती है। इसके लिए मान्यता प्राप्त तकनीकी अधिकारियों, श्रेष्ठ प्रबंधन की जरूरत होती है। यह अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पहल उसी तैयारी का हिस्सा है।



### डेनमार्क में लगभग एक करोड़ आठ लाख में नीलाम हुआ पहले ओलंपिक का पदक

**कोपेनहेगन (वार्ता)।** डेनमार्क में एक नीलामी में आधुनिक ओलंपिक खेलों के पहले मेडल को लगभग एक करोड़ आठ लाख रुपये यूरो में बेचा गया है। ब्रून रासमुसेन आर्ट्स ऑक्शनियर्स द्वारा आयोजित नीलामी में इस पदक को बिक्री के लिए रखा गया था, जो 1896 में एथेंस में आयोजित दुनिया के पहले आधुनिक ओलंपिक खेलों में प्रदान किया गया था। उन खेलों में, पहले स्थान पर आने वाले विजेताओं को रजत पदक (सिल्वर मेडल) दिए गए थे, जबकि दूसरे स्थान पर रहने वालों को कांस्य पदक (ब्रोंज मेडल) प्रदान किए गए थे। स्वर्ण पदक बाद के ओलंपिक खेलों में दिया जाने लगा था। प्रसिद्ध फ्रांसीसी कलाकार जूल्स-क्लेमेंट चैपलैन द्वारा उकेरा गया यह पदक शास्त्रीय प्रतीकों से समृद्ध है।

# मैंने विराट और रोहित को खेलते देख मैच फिनिश करना सीखा : संजू सैमसन

कोलकाता (वार्ता)।

वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के सुपर-आठ के अहम मुकाबले में नाबाद 97 रनों पारी खेलकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले संजू सैमसन ने कहा कि मैंने विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ियों को खेलता देख मैच को फिनिश करना सीखा है। मुझे इस दिन का इंतजार था। सैमसन ने प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार लेने के बाद कहा, यह मेरे लिए मुकम्मल दुनिया मिलने का समान है।

जिस दिन से मैंने खेलना शुरू किया मैंने सपना देखा था कि भारत के लिए खेलूंगा। मुझे लगता है कि मैं इसी दिन का इंतजार था। मैं ईश्वर का बहुत शुक्रगुजार हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले 10-12 साल से आईपीएल खेल रहा हूं और पिछले 10 साल से भारत के लिए खेल रहा हूं। मैं डगआउट में बैठकर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे महान खिलाड़ियों को खेलते देखा है और इस दौरान मैंने बहुत कुछ सीखा है। मैंने शायद 50 या 60 मैच ही खेले होंगे लेकिन



100 के करीब मुकाबले मैंने बाहर बैठकर देखे होंगे और मैंने इस दौरान यह देखा है कि कैसे इस खेल के महान खिलाड़ी गेम को फिनिश करते हैं।

सैमसन ने कहा, मैरी यह यात्रा बेहद खास और उतार-चढ़ाव भरी रही है। मैंने बहुत समय स्वयं पर संदेह करते बिताया है, यह सोचते हुए कि क्या मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। लेकिन मैंने स्वयं पर भरोसा करना जारी रखा और मैं ईश्वर का शुक्रगुजार हूं जो उन्होंने आज मेरे ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखा। पिछले मैच में हम पहले बल्लेबाजी कर रहे थे इसलिए वहां बड़ा स्कोर खड़ा करना जरूरी था। लेकिन यह मैच पूरी तरह से अलग था।

मुझे नहीं लगता था कि मैं इस तरह की कोई विशेष चीज कर पाऊंगा लेकिन मैं अपनी भूमिका पर ध्यान केंद्रित कर रहा था और मैंने साझेदारियां बनाने पर ध्यान दिया। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़े दिनों में से एक है। भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा, मैं हमेशा से कहते आया हूं कि अच्छे लोगों के साथ हमेशा अच्छा होता है, जो इंतजार करते हैं और जिनके पास धैर्य होता है। अभी उनसे (सैमसन) मिलने पर भी मैंने उन्हें यही कहा। लेकिन यह सब उनके कठिन परिश्रम का नतीजा है। जब वह नहीं खेल रहे थे तो वह बहुत मेहनत कर रहा था। और उन्हें सही मौके पर इसका फल मिला।

# शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट

## सेंसेक्स छह महीने के निचले स्तर पर

**मुंबई (वार्ता)।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनैतिक संकट के कारण घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को बड़ी गिरावट देखी गयी और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स छह महीने के निचले स्तर पर बंद हुआ। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त सैन्य अभियान में 28 फरवरी को ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में संकट गहरा गया है। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों वाले कई देशों पर हमले किये हैं। इसका असर सोमवार को बाजार खुलते ही दिखा। सेंसेक्स 1,048.34 अंक (1.29 प्रतिशत) लुढ़ककर 80,238.85 अंक पर बंद हुआ जो 02 सितंबर 2025 के बाद का निचला स्तर है। सुबह सूचकांक 2,743.46 अंक नीचे 78,543.73 अंक पर खुला था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 312.95 अंक यानी 1.24 प्रतिशत उतरकर इस साल 01 फरवरी के बाद के निचले स्तर



24,865.70 अंक पर रहा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.46 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.75 फीसदी की गिरावट में बंद हुआ। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स सूचकांक 25 से ऊपर पहुंच गया जो भारी अनिश्चितता को दिखाता है। धातु और फार्मा को छोड़कर अन्य सेक्टरों में गिरावट रही। निफ्टी ऑटो 2.20 प्रतिशत गिर गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और तेल एवं गैस सेक्टरों के सूचकांक भी दो प्रतिशत से ज्यादा टूटे। बैंकिंग, आईटी, मीडिया, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट में रहे।

एनएसई में जिन 3,296 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 2,580 के शेयर लाल निशान में और 639 के हरे निशान में बंद हुए। अन्य 67 कंपनियों के शेयर दिनभर के उतार-चढ़ाव के बाद अंत में अपरिवर्तित रहे।


# सोना 7,300, चांदी 12,300 रुपये चमकी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर जारी भू-राजनैतिक संकट के बीच सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक का उछाल आया। मल्टी कॅमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना आज 7,384 रुपये (4.56 प्रतिशत) चढ़कर 1,69,488 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। चांदी भी 11,109 रुपये (3.93 प्रतिशत) महंगी हुई और 2,93,753 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी। पश्चिम एशिया संकट के सशंकित निवेशकों ने सुरक्षित निवेश के



लिए पीली धातु का रुख किया है। इससे विदेशों में भी सोने के दान बढ़े हैं। वैश्विक स्तर पर सोना आज 3.13 फीसदी मजबूत हुआ और 5,412 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। चांदी 0.96 प्रतिशत चढ़कर 94.18 डॉलर प्रति औंस पर रही। पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर निवेशकों ने शेयर बाजारों को छोड़कर कीमती धातुओं में निवेश का रास्ता चुना है। मांग बढ़ने से सोने की कीमत भी बढ़ी है।

## सुनील भारती मित्तल को जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



**नयी दिल्ली, (वार्ता)** भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को दूरसंचार क्षेत्र में उनके वैश्विक स्तर पर योगदान के लिए ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) ने बार्सिलोना में एक वैश्विक कार्यक्रम के दौरान लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। सोमवार को कंपनी की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री मित्तल को यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिदृश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है।

### रुपया 41 पैसे लुढ़का

**मुंबई (वार्ता)।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 41.25 पैसे टूट गया और कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 91.4925 रुपये का बोला गया। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 16.50 पैसे गिरकर 91.08 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी।

रुपये में आज शुरू से ही गिरावट रही। यह 15.50 पैसे की गिरावट में 91.2350 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। एक समय यह 91.65 रुपये प्रति डॉलर तक टूट गया था। दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर सूचकाकं में 0.9 प्रतिशत की तेजी से रुपये पर दबाव रहा। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में 10 प्रतिशत की उछाल से भी भारतीय मुद्रा कमजोर हुई है।

# ईपीएफ पर ब्याज दर 8.25 प्रतिशत बनी रहेगी

## निष्क्रिय खातों के स्वचालित निपटान की पायलट योजना मंजूर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** निजी क्षेत्र के कर्मचारियों के भविष्य निधि योजना कोष का प्रबंधन करने वाले श्रम मंत्रालय के कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) खातों में जमा राशि पर चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बनाये रखने की सिफारिश की है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भी ईपीएफ पर ब्याज इतना ही रखा गया था। ब्याज दर की इस सिफारिश को वित्त मंत्रालय की औपचारिक स्वीकृति के बाद लागू किया जाएगा। श्रम मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी मंडल की सोमवार को हुई 239वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में 1,000 रुपये या उससे कम की जमा राशियों वाले निष्क्रिय ईपीएफ खातों में दावा निपटान की स्वतः संचालित व्यवस्था के लिए एक पायलट परियोजना शुरू करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। इसमें लगभग कुल 5.68 करोड़ रुपये के 1.33 लाख से ज़्यादा खातों के स्वचालित निपटान को शामिल किया जाएगा। ईपीएफओ बोर्ड ने कर्मचारियों के हितों की रक्षा और विवादों के तेजी से समाधान के लिए छूट वाले नियोक्ता प्रतिष्ठानों के लिए अभयदान-योजना को भी मंजूरी दी है। श्री मांडविया की अध्यक्षता में बैठक में ईपीएफओ की वाइस चेयरमैन तथा श्रम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे, को-वाइस-चेयरपर्सन और श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की सचिव वंदना गुरनानी और सदस्य सचिव एवं केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त रमेश कृष्णमूर्ति शामिल हुए। ईपीएफओ पिछले कई साल से एक्सचेंज ट्रेड कोषों और दूसरे



प्रकार के निवेश में प्रतिफल अच्छा रहने से आठ प्रतिशत वार्षिक से ज़्यादा की दर से ब्याज देता आ रहा है। ईपीएफओ न्यासी मंडल ने आयकर छूट वाले मान्यता प्राप्त ऐसे भविष्य निधि न्यासों से उठने वाले अनुपालन से जुड़े मुद्दों को हल करने के लिए एक बार की क्षमादान योजना को मंजूरी दी है, जिन्हें अभी तक ईपीएफ एवं अन्य प्रावधान अधिनियम, 1952 के तहत कवर नहीं किया गया है या छूट नहीं दी गयी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह क्षमादान वित्त अधिनियम, 2026 के नियमों को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। प्रस्तावित स्कीम का मकसद तय छह महीने के समय में प्रतिष्ठानों और ट्रस्टों को नियमों के अनुपालन का अवसर देना है, ताकि कर्मचारियों के हितों की रक्षा हो। इसके तहत ऐसे प्रतिष्ठानों का दंड-ब्याज और जुर्माना माफ किया जा सकेगा, जिन्होंने पहले ही कर्मचारियों को कानून संगत योजना के बराबर या उससे बेहतर लाभ दे चुके हैं। इस क्षमादान तय शर्तों के तहत पिछली तारीख से लागू होगी। इसमें यह तय किया गया है कि सभी पात्र कर्मचारियों को कानूनी फायदे मिलें। संगठन ने ईपीएफ छूट पर नयी आसान प्रक्रिया (एसओपी) को भी मंजूरी दी है और वर्तमान मौजूदा चार एसओपी और छूट नियमावलियों को एक ही नियमावली में समाहित कर दिया गया, ताकि अनुपालना में आसानी हो। ईएपीएफओ न्यासी मंडल ने सामाजिक सुरक्षा संहित, 2020 के साथ तालमेल बिठाने के लिए नयी सामाजिक सुरक्षा स्कीमों को अधिसूचित करने को मंजूरी भी दी है। इस बैठक में न्यासी मंडल ने ईपीएफओ की 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट को भी मंजूरी दी और उसे संसद में प्रस्तुत करने की सिफारिश की। रिपोर्ट में साल 2024-25 के दौरान ईपीएफ कवरेज में बढ़ोतरी, काम-काज में डिजिटलीकरण की विभिन्न पहलों, सेवा देने में सुधार तथा संगठन के कार्य-निष्पादन की जानकारियां दी गयी हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2024-25 के दौरान, ईपीएफओ ने परिचालन में मजबूत प्रदर्शन किया और अच्छी वित्तीय उपलब्धियां दर्ज कीं। आलोच्य वर्ष के दौरान ईपीएफओ के कोष में कुल योगदान 3,35,628.81 करोड़ रुपये का योगदान हुआ।

इस दौरान 2,86,894 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया और 1,22,89,244 नये ईपीएफ अंशधारक जोड़े गये। वर्ष के दौर संगठन ने 81,48,490 पेंशनधारकों को सेवायें दी और 6,01,59,608 दवों का निपटना किया, जिसमें 69,983 दावे कर्मचारियों की जमा से जुड़ी पेंशन योजना (ईडीएलआई) संबंधी दावे थे। साल के दौरान कुल 17,33,046 शिकायतों का निपटारा किया गया और 39,74,501 कॉल पर गौर किया गया।

# जल संसाधन विभाग में 'परसेंटेज' राज

## कांग्रेस ने फिक्स टेंडर मॉडल का किया सनसनीखेज खुलासा



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक एवं प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज ने आज पत्रकार वार्ता में जल संसाधन विभाग में व्याप्त गंभीर अनियमितताओं, कथित कमीशन तंत्र और टेंडर प्रक्रिया में सुनियोजित पैटर्न को उजागर किया। उक्त पत्रकार वार्ता में प्रदेश प्रवक्ता जितेंद्र मिश्रा, अपराजिता पांडे, संतोष परिहार, अमित तावडे, विवेक त्रिपाठी, प्रवीण धौलपुरे, शहरयार खान उपस्थित रहे। कांग्रेस द्वारा अध्ययन किए गए आधिकारिक निविदा दस्तावेजों से जो तथ्य सामने आए हैं, वे अत्यंत चिंताजनक हैं। श्री नायक ने कहा विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़े टेंडरों में पहले से परसेंटेज तय किए जाने की व्यवस्था की जाती है। आरोप हैं कि- एक प्रभावशाली बिचौलिया तंत्र के माध्यम से विभागीय स्तर पर उच्च स्तर पर फिक्स प्रतिशत कमीशन के आधार पर टेंडर की साठगांठ होती है समन्वय/प्रबंधन स्तर पर भी अतिरिक्त प्रतिशत लिया जाता है यदि कथित हिसाब पूरा न पहुँचे तो टेंडर प्रक्रिया बाधित कर दी जाती है प्रश्न यह है कि क्या यही कारण है कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से जल संसाधन विभाग में बड़े नए टेंडर नहीं लगे? नौशाद कौन है? वह कोई सरकारी कर्मचारी नहीं है, फिर भी विभागीय निर्णयों में उसकी भूमिका क्यों दिखाई देती है? नौशाद का जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट से क्या संबंध है? मोंटेना नमक कंपनी को कमलनाथ सरकार ने ब्लैकलिस्ट किया था, वह अलग-अलग नामों से फिर टेंडर प्रक्रिया में कैसे शामिल हो रही है? क्या यह सही है कि वही गिनी-चुनी कंपनियाँ बनकर टेंडर प्रक्रिया में बार-बार शामिल होती हैं? क्या नौशाद के बेटे की हर टेंडर में जगदीश गुप्ता के साथ साझेदारी है? राजू मोंटाना (मोंटेना कंपनी, हैदराबाद निवासी) का इस पूरे नेटवर्क में क्या रोल है? क्या दुबई में कोई साझा व्यवसाय या आर्थिक लेनदेन संचालित हो रहा है? राजू मोंटेना मध्य प्रदेश शासन में इतना प्रभावशाली क्यों है?

***टेंडरों में बार-बार सामने आने वाली वही कंपनियाँ***- अनेक जिलों – खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, डिंडोरी, बड़वानी, हरदा, रीवा, मंदसौर, सीहोर, मंडला, खंडवा आदि – के बड़े सिंचाई एवं लिफ्ट इरिगेशन प्रोजेक्ट्स में निम्न कंपनियाँ लगातार साथ-साथ बोली लगाती दिखाई देती हैं हर बार क्रम बदलता है – कभी कोई एलबी , कभी वही कंपनी एल सी या एलएम । क्या यह वास्तविक प्रतिस्पर्धा है या पूर्व-निर्धारित रोटेशन?

***सीमित प्रतिस्पर्धा, पूर्व-निर्धारित परिणाम***- कई टेंडरों में मात्र 2 या 3 कंपनियाँ ही भाग लेती दिखाई देती हैं। कुछ मामलों में वही दो कंपनियाँ बार-बार आमने-सामने। क्या टेंडर शर्तें इस प्रकार बनाई गईं कि सीमित कंपनियाँ ही पात्र रहें? क्या पहले से तय होता है कि किसे टेंडर दिया जाएगा और बाकी केवल औपचारिकता निभाते हैं?

***फर्जी बिलिंग और गुणवत्ता से समझौते के आरोप***- उन्होंने आगे कहा कांग्रेस के संज्ञान में गंभीर शिकायतें आई हैं कि साइट पर सामग्री पहुँचे बिना भुगतान निकाल लिए गए। डीआइ पाइप के स्थान पर एचडीपीई पाइप बिछाए जाने की शिकायतें हैं। एलबी घोषित होने के बाद भुगतान में कथित 2प्रतिशत की अनिवार्य कटौती की जाती है। यदि यह सत्य है तो यह केवल वित्तीय भ्रष्टाचार नहीं बल्कि तकनीकी धोखाधड़ी भी है।

***कृषि वर्ष की घोषणा, पर जमीन पर सन्नाटा***- श्री नायक ने कहा प्रदेश सरकार ने बजट में सिंचाई रकबा बढ़ाने का दावा किया कृषि वर्ष घोषित किया। हजारों करोड़ के आवंटन की घोषणा की किन्तु वास्तविकता यह है कि डेढ़ वर्ष से टेंडर प्रक्रिया लगभग ठप है। जब टेंडर ही नहीं लगेंगे तो परियोजनाएँ कैसे बनेंगी? जब परियोजनाएँ नहीं बनेंगी तो किसानों तक पानी कैसे पहुँचेगा? क्या यह किसानों और करदाताओं के साथ छल नहीं है?

***प्रवक्ता राहुल राज का खुलासा***- प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता राहुल राज ने आज पत्रकार वार्ता में वर्ष 2023-24 के टेंडरों से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज सार्वजनिक किए। उन्होंने आरोप लगाया कि डेढ़ वर्ष से टेंडर प्रक्रिया पर लगी रोक से पहले भी चुनिंदा कंपनियों के बीच सुनियोजित नेक्सस बनाकर टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित किया गया।

***दस्तावेजों के आधार पर प्रमुख प्रश्न***- पूर्व-निर्धारित साठगांठ -सार्वजनिक दस्तावेज दर्शाते हैं कि 2023-24 के टेंडरों में गिनी-चुनी कंपनियों ने आपसी तालमेल से बनकर प्रतिस्पर्धा का केवल दिखावा किया। एक-दूसरे के समर्थन में बोली- कई परियोजनाओं में वही कंपनियां अलग-अलग भूमिकाओं में एक-दूसरे के समर्थन में टेंडर डालती रहीं, जिससे वास्तविक प्रतिस्पर्धा समाप्त हो गई।

***गुप्ता नेटवर्क पर सवाल***- दस्तावेज संकेत देते हैं कि कुछ आपस में जुड़ी कंपनियां अलग-अलग नामों से बार-बार टेंडर प्रक्रिया में शामिल हुईं। आखिर मनीष गुप्ता और जगदीश पर सरकार इतनी मेहरबान क्यों है? गिनी-चुनी कंपनियों का वर्चस्व- क्या पूरे भारतवर्ष में केवल 11-12 कंपनियां ही बची हैं जिन्हें टेंडर मिलना है? क्या मध्य प्रदेश में अन्य कंपनियां टेंडर नहीं डाल सकतीं? आखिर बाकी योग्य ठेकेदार इस प्रतिस्पर्धा से गायब क्यों हैं?

***युवाओं के रोजगार का क्या हुआ?*** - प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत युवाओं को ठेकेदार बनाकर रोजगार देने की बात कही गई थी – वे युवा कहां हैं? उन्हें अवसर क्यों नहीं मिल रहे? क्या टेंडर प्रक्रिया कुछ चुनिंदा कंपनियों के लिए ही आरक्षित है?

***संदिग्ध परिसरों की जांच की मांग***- राहुल राज ने कहा कि जिन दस्तावेजों से नेक्सस का संकेत मिलता है, उनकी कड़िया गुजराती कालोनी स्थित एक निजी परिसर और अरेरा कॉलोनी स्थित एक बड़ी कंपनी के कार्यालय से जुड़ती प्रतीत होती हैं, जहां कथित रूप से टेंडर की साठगांठ तय होती रही। इन परिसरों की स्वतंत्र फोरेंसिक जांच कराई जानी चाहिए ताकि पूरी मनी ट्रेल सामने आ सके।

***राहुल राज का वक्तव्य***- डेढ़ वर्ष से टेंडर पर रोक लगाने से पहले ही 2023-24 में संगठित साठगांठ का तंत्र सक्रिय था। आज हमने उसके दस्तावेज सार्वजनिक किए हैं। सवाल यह है कि क्या मध्य प्रदेश में प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी गई है? क्या केवल गिनी-चुनी कंपनियों के लिए ही टेंडर प्रक्रिया संचालित हो रही है? यदि सरकार पारदर्शी है तो स्वतंत्र जांच कराए और सच्चाई सामने लाए।

***कांग्रेस की मांग***- 2023-24 के सभी टेंडरों की स्वतंत्र एवं उच्चस्तरीय जांच सार्वजनिक किए गए दस्तावेजों की फोरेंसिक जांच संदिग्ध परिसरों की जांच कर मनी ट्रेल उजागर की जाए टेंडर प्रक्रिया में वास्तविक प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जाए युवाओं को समान अवसर दिया जाए दोषी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई की जाए यह केवल टेंडर का प्रश्न नहीं, बल्कि पारदर्शिता, युवाओं के रोजगार और किसानों के भविष्य का प्रश्न है। प्रदेश कांग्रेस सच्चाई सामने आने तक इस मुद्दे को उठाती रहेगी।

# ग्रामीण प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए दी जाएगी हर संभव मदद : डॉ. यादव



भोपाल (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नागलवाड़ी में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट के अवसर पर बड़वानी जिले के प्रबुद्धजनों से भेंट की। उन्होंने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है। बड़वानी जिले के ग्राम भागसुर की सीमा नरगावे ड्रोन दीदी ने निमाड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने जैविक खेती और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लिया। अब वह अन्य महिलाओं को जैविक खेती करना सिखा रही है। ड्रोन दीदी सीमा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर उसकी आय में वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही उसे एक नई पहचान भी मिली है। सीमा ने बताया कि वह गांव में ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव करती है जिससे घंटों का काम अब मिनिटों में होने लगा है और उसे नियमित रूप से आय भी प्राप्त हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करते हुए हॉकी की नेशनल खिलाड़ी सुश्री स्नेहा मोहनिया ने बताया कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर 2 गोल्ड मेडल और 1 सिल्वर मेडल मिल चुका है। स्नेहा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से बड़वानी में एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एयर राइफल शूटिंग की नेशनल खिलाड़ी जुलवानिया निवासी सुश्री वैष्णवी महुले से भी चर्चा की। उन्होंने सुश्री वैष्णवी को राज्य स्तर की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जुलवानिया में शूटिंग क्लब प्रशिक्षण केंद्र संचालन कर रहे प्रशिक्षक श्री नीरज को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि बालिकाओं की ट्रेनिंग के सराहनीय कार्य के लिए देने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बड़वानी जिले के ग्राम घटवा निवासी उन्नत कृषक महेश पाटीदार ने अपने उत्पाद गुड़ की चाय के बारे में बताया।

## जगह-जगह होली पर हुआ होलिका का दहन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** जिले में होली का पर्व को जगह-जगह विशेष तैयारियां की गई थी। नगर के अनेक चौराहों पर होलिका की मनमोहक सुंदर प्रतिमाओं को स्थापित किया गया। होलिका दहन को लेकर छोटे-छोटे बच्चों में ज्यादा उत्साह देखने को मिला। नगर के हर वार्ड में गली-गली होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही बाजार में भी विशेष भीड़ देखी गई। घंटाघर क्षेत्र के आसपास बड़ी संख्या में सड़क किनारे होलिका बेचने वालों की भीड़ दिखाई दे रही थी। इसके साथ ही रंग-गुलाल एवं बिचकारियों के जगह-जगह ठेले लगे दिखाई दिये। जहां देखो वहां रंग गुलाल खरीदने वालों की भीड़ देखी गई।

# पंजाबी महिला विकास समिति दमोह का रंगारंग होली उत्सव

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** पंजाबी महिला विकास समिति द्वारा होली के पावन अवसर पर एक भव्य एवं उल्लासपूर्ण होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ रंगों के इस पर्व को मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनिया अरोड़ा ने की। मंच का प्रभावशाली एवं सुसंगठित संचालन सुची अरोड़ा द्वारा किया गयाए जबकि संपूर्ण कार्यक्रम की जिम्मेदारी चेयरपर्सन ऋतु दूआ ने कुशलतापूर्वक निभाई। समारोह का मुख्य आकर्षण नन्हे बच्चों द्वारा राधा और कृष्णा के रूप में सजीव प्रस्तुति रही। बच्चों ने मनमोहक वेशभूषा में सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी दर्शकों का दिल जीत लिया। उनकी प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। संगीत की मधुर धुनों पर महिलाओं ने भी जमकर नृत्य किया और सपने में मिलकर आओ जी, खेले होली जैसे गीतों पर पूरे उत्साह के साथ झूम उठीं। श्वेता सरीन ने मनप्रीत और शिल्पा के साथ मिलकर मनोरंजक खेलों का आयोजन किया जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा, जिला रीवा (म.प्र.)

### निविदा सूचना

क्रमांक- 923/ई-टेंडर/जोन क्र. 02/न.पा.नि./2026 — रीवा, दिनांक 02.03.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक तथा NIT क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2026_UAD_486568_1 02.03.2026 (FIRST CALL) 920/02.03.2026 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 07 में क्षीर सागर कॉम्पलेक्स के सामने राहुल अहुजा जी के घर से राजेन्द्र सिंह जी के घर तक नाली निर्माण कार्य । | 1 माह रु. 08.99 लाख | रु.2000.00/- रु.8.990.00/- | 18/3/2026 18:00 बजे तक |
| 2 | 2026_UAD_486569_1 02.03.2026 (FIRST CALL) 921/02.03.2026 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 09 में डॉडव हाउस पुष्पराज सिंह जी के घर से पूर्व निर्मित स्ट्राम वॉटर ड्रेन (नाला) तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य । | 4 माह रु. 43.16 लाख | रु.5000.00/- रु.32,370.00/- | 2/4/2026 18:00 बजे तक |
| 3 | 2026_UAD_486570_1 02.03.2026 (FIRST CALL) 922/02.03.2026 | जोन क्रमांक 02 अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 29 में ललित किशोर शुक्ला जी के घर से हजारी चौराहा तक आरसीसी नाली कर्वड सहित का निर्माण कार्य। | 2 माह रु. 10.77 लाख | रु.2000.00/- रु. 8,078.00 | 2/4/2026 18:00 बजे तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री जोन क्रमांक-02**
**नगर पालिक निगम रीवा (म.प्र.)**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/224 दिनांक 20/2/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरदार बिल्लू सिंह जुनेजा (उर्फ गुरदीप सिंह) पिता स्व. श्री त्रिलोक सिंह जुनेजा ने मकान नं. 893/3 का हिस्सा वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 297 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र. / सं.क्र.11/25-26 दिनांक 25.02.2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राम मनोहर पुरोहित पिता श्रीकांत पुरोहित (2) श्रीमती सविता पुरोहित पिता स्व. धन्नालाल पुरोहित ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम जवाहरलाल नेहरू के भवन क्रमांक एफआर-4 चौथी मंजिल ब्लाक सी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429188 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित चतुर्थ तल एफआर-4 चौथी मंजिल ब्लाक सी सत्यमेव जयते कॉम्पलेक्स तहसील परिसर पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुषमा पांडे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-11 नगर निगम, जबलपुर**

## इत्तिला नामा

**मोहतरम सैय्यद मेराज अहमद इब्न सै. मुशीर अहमद साहब**

(1) साकिन 171 हिन्द फिशरिज बड़ी उमटी मस्जिद के बाजू जबलपुर (म.प्र.)

अस्सलामो अलैकुम !

आप के अहलिया डॉ. फलक रजा बिन्त मरहूम हारून खिज तकी रजा सा.

(2) साकिन 105 नार्थ सिविल लाईन तैय्यब अली रोड़ घण्टा घर जबलपुर (म.प्र.)

ने दारूल कजा मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन बैजनाथ पारा रायपुर (छ.ग.) में अपने कुछ घरेलु मामलात रखें हैं। जिस पर आप को कौंसिलिंग के लिये इत्तेला नामा 04/02/2025 को, और फिर दूसरी बार 13/02/2026 को तीसरा इत्तेला नामा 20/02/2026, को दिया गया। जिस पर आज 25/02/2026 तक आपका कोई माकूल जवाब नहीं आया। और अब चौथा और आखिरी इत्तेला नामा अख्बार के जरिये दिया जा रहा है।

लेहाजा आप 15 दिन के अन्दर आकर मामला हल कर लें ताकि किसी भी फरीक की हक तलफी न हो। और आपसी बैठक से मामला हल हो जाये। वर्ना 15 दिन के बाद यक तरफा फैसला कर दिया जायेगा।

**फकद दुआगो**
**मोहम्मद अली फारूकी**
**काजिए शहर मोहतमिम**
**मदरसा इस्लाहुल मुस्लेमीन व दारूल यतामा रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 7869881817**

## अजब धाम ग्राम पंचायत भवन में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर सम्पन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** बटियागढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अजब धाम में संकल्प से समाधान और राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत भवन में शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और समस्याओं का समाधान किया गया। जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से ष्संकल्प से समाधानष् एवं राजस्व सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समस्याओं को मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए गए। शिविर में राजस्व, पंचायत विभाग से जुड़े प्रकरण, ई केवायसी, पेंशन आदि के आवेदन दिए गए। शिविर में स्वास्थ्य और महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और स्वास्थ्य प्रदर्शनी भी लगाई गई। समाजसेवी श्याम गर्ग ने बताया विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए हैं, सरकार सभी वर्गों का कल्याण कर लाभान्वित कर रही है।

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/254 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व.श्री एम.एस.मोखा ने मकान नं. 1416 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 880 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/250 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व.श्री एम.एस.मोखा ने मकान नं. 1417 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 875+250 व.फु. प्रथम तल 250 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/251 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व.श्री एम.एस.मोखा ने मकान नं. 1415 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 525+375 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/252 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व.श्री एम.एस.मोखा ने मकान नं. 1419,1420 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1250 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/253 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सरबजीत सिंह मोखा पिता स्व.श्री एम.एस.मोखा ने मकान नं. 1418 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1293 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-13 नगर निगम जबलपुर

पत्र क्र. संभा. अधि./13/ मुख्यालय/ 2025/ 26/एम/244 दिनांक 2/3/2026

### भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्रीमती ममता तिवारी पति स्व.श्री चन्द्रशेखर तिवारी (2) श्री चन्द्रभूषण तिवारी पिता स्व. श्री चन्द्रशेखर तिवारी ने मकान नं. 759/3 अ वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान द्वितीय तल 645 व.फु. शपथ पत्र/मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है । जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर कार्यालय संभाग क्रमांक - 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें ।

**राजस्व निरीक्षक संभाग क्रमांक 13 मुख्यालय नगर निगम जबलपुर**

## अमृत रेखा सॉफ्टवेयर के माध्यम से दिया प्रशिक्षण

**दमोह।** जिलें मे पदस्थ नगरीय निकाय एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी दमोह के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अमृत रेखा मोबाईल एप्लीकेशन एवं वेब एप्लीकेशन का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण मध्य प्रदेश इलेक्ट्रोनिक डेवलपमेंट कारपोरेशन भोपाल द्वारा उपलब्ध कराये गए सॉफ्टवेयर अमृत रेखा एप्लीकेशन से किया गया। इसी क्रम में जिला कलेक्ट्रेट दमोह स्थित ई दक्ष केंद्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में पानी की गुणवत्ता, वाटर पाईप लाईन, सीवर पाईप लाईन की जियो टेगिंग एवं पानी की टंकी की सफाई की जियो टेगिंग एवं जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण दिया।

## न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जिला जबलपुर

रा.प्र.क./2474/अ-6/2025-26 — जबलपुर, दिनांक 27.12.26.

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद आमीन उम्र 66 वर्ष पिता स्व. जलील अहमद निवासी- अंसार नगर, गोहलपुर, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड, जबलपुर म.प्र. द्वारा आवेदक के पिता स्वं जलील अहमद के स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि मौजा- गोहलपुर, नं.बं. 601, प.ह.नं. 01, तह. अधारताल जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 287/1/4, रकवा 3.08 हे. में से रकवा 679 वर्गफुट भूमि है। वर्तमान राजस्व अभिलेख में राजकुमारी पिता चमन लाल का नाम दर्ज है। मेरे पिता स्व. जलील अहमद की मृत्यु दिनांक 21/07/1998 एवं मेरी मां स्व. मुबार कुन निशा की मृत्यु वर्ष 1980 को हो चुकी हैं। स्व. जलील अहमद पिता हाजी मुहम्मद इस्हाक की मृत्यु के उपरांत उनके विधिक वारसानों में पुत्र- मोहम्मद अमीन (आवेदक), शकील अहमद, पुत्रियां अफसरी बेगम पति गुलाम अहमद, अखतरी बानो पति मो. इदरीस, कौसर जहा पति शहदात, सरवरी पति बाबू सलाम हैं। इनके अलावा अन्य कोई विधिक वारसान नहीं है। तत्संबंध में फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वो अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 13.3.26 तक कार्यालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल महोदय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 27/2/2026
पेशी दिनांक- 13/3/2026

**नायब तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

### भवन नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्रमांक MIG MA 37 श्री पुरुषोत्तम दास सेन पिता स्व. श्री मोतीलाल सेन को आंवटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15.03.2013 को निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री पुरुषोत्तम दास सेन पिता स्व. श्री मोतीलाल सेन का निधन दिनांक 21.05.2024 को हो गया है। आवंटी द्वारा मण्डल के साथ निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख में श्री मनोज सेन पिता स्व. श्री पुरुषोत्तम दास सेन एवं श्री दीपक सेन पिता स्व. श्री पुरुषोत्तम दास सेन को नामिनी नियुक्त किया गया है। श्री मनोज सेन पिता स्व. श्री पुरुषोत्तम दास सेन एवं श्री दीपक सेन पिता स्व. श्री पुरुषोत्तम दास सेन के द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र एवं शपथपत्र अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त भवन के नामांतरण हेतु आवेदन / दस्तावेज इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

### भवन लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि धनवंतरी नगर जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक HIG 544 श्री दिनेश कुमार कौशल पिता श्री एस. एस. डी. कौशल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.07.1989 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री दिनेश कुमार कौशल पिता श्री एस. एस. डी. कौशल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 28.11.2025 के माध्यम से श्री नीलेश कुमार शर्मा पिता श्री रघुनाथ शर्मा एवं श्री राजेश शर्मा श्री रघुनाथ प्रसाद शर्मा को विक्रय किया है। अतः श्री नीलेश कुमार शर्मा पिता श्री रघुनाथ शर्मा एवं श्री राजेश शर्मा श्री रघुनाथ प्रसाद शर्मा द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं । यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ( भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 10 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते है । निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल

भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

### भूखंड लीज हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखंड क्रं. 469 श्री अशोक कुमार सोनी पिता श्री बालकृष्ण सोनी के नाम आंवटित है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 10.12.1991 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड श्री अशोक कुमार सोनी पिता श्री बालकृष्ण सोनी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 22/11/2001 के माध्यम से श्रीमती शकुन बाई जैन पति श्री संतोष कुमार जैन एवं श्री शैलेन्द्र कुमार जैन पिता श्री संतोष कुमार जैन को विक्रय किया है। अत श्रीमती शकुन बाई जैन एवं श्री शैलेन्द्र कुमार जैन द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तातरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये है। यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / (भवन / भूखण्ड) बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपति प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी जिस पर किसी की कोई आपति दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

### लोककर्म विभाग

### तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-948 Date 2/3/2026 2026_UAD_486159_1 | वार्ड क्रं. 72 के अंतर्गत कचनार सिटी आजाद पार्क के पास प्रोफेसर कोस्ट के निवास स्थान से श्री खरे निवास स्थान तक एम-30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (अध्यक्ष अनुशंसा) | 2 माह रु. 05.08 लाख | 2,000/- 5083/- | 16/3/2026 |
| 2 | PRO-948 Date 2/3/2026 2026_UAD_486159_2 | वार्ड क्रं. 75 के अंतर्गत चमन के घर से अरविंद कुमार वरूण के घर तक एम-30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह रु. 10.82 लाख | 2,000/- 8115/- | 16/3/2026 |
| 3 | PRO-948 Date 2/3/2026 2026_UAD_486159_3 | वार्ड क्रं. 75 के अंतर्गत देवेन्द्र गोटिया के घर से निहाल मिश्रा के घर तक एम-30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह रु. 05.76 लाख | 2,000/- 5763/- | 16/3/2026 |
| 4 | PRO-948 Date 2/3/2026 2026_UAD_486159_4 | वार्ड क्रं. 75 के अंतर्गत अजय विश्वकर्मा के घर से बाला ठाकुर के घर तक एम-30 सीसी सड़क निर्माण कार्य (पार्षद अनुशंसा) | 2 माह रु. 08.71 लाख | 2,000/- 8710/- | 16/3/2026 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptender gov.in की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग) नगर निगम जबलपुर**

# पद का दुरुपयोग कर दुकानों के आवंटन पर किया भारी भ्रष्टाचार

## ईओडब्ल्यू ने लखनादौन के पूर्व सीएमओ सहित 29 पर दर्ज किया मामला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

सिवनी जिले की लखनादौन नगर पालिका में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां तत्कालीन सीएमओ सहित उप निरीक्षक, प्रेसिडेंट इन काउंसिल समेत 23 लोगों ने मिलकर दुकानों के आवंटन में भारी भ्रष्टाचार किया। जिसकी शिकायत के बाद ईओडब्ल्यू ने जांच करते हुए एफआईआर दर्ज की है। दरअसल शहर के आदर्श नगर निवासी रविंदर सिंह आनंद की शिकायत पर यह कार्यवाही हुई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी में पदस्थ रहे सीएमओ एवं अध्यक्ष ने मिलीभगत करते हुए न सिर्फ पद का दुरुपयोग किया, बल्कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में निर्मित दुकानों की प्रीमियम राशि लिए बिना ही दुकानों का आवंटन कर दिया। दरअसल नगर परिषद लखनादौन ने 8 शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में 75 दुकानें निर्मित कराईं, जिसके बाद उनकी नीलामी के लिए निविदा की कार्यवाही की गई। सभी दुकानों की उच्चतम बोलियों को स्वीकृति प्रदान की गई थी। नीलामी के दौरान ही दुकानों के आरक्षण का नियम भी लागू किया गया था। आरक्षण रोस्टर में प्रत्येक कॉम्प्लेक्स में कौन-से नंबर की दुकान आरक्षित होगी, यह निर्धारित किया गया था।




### राशि जमा कराए बिना दे दिया कब्जा

नियमों के अनुसार 21 दिन के भीतर नीलामी की 25 प्रतिशत राशि जमा की जानी थी और शेष राशि निविदा की अंतिम स्वीकृति के संबंध में लिखित सूचना प्राप्त होने की तिथि से 120 दिन के अंदर जमा की जानी चाहिए थी। परिषद को संबंधित हितग्राही से एक अनुबंध तैयार किया जाना था, जिसमें नगर परिषद द्वारा दुकान का प्रति माह लिया जाने वाला किराया भी उल्लेखित होता है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों ने दुकानदारों से मिलीभगत कर बिना अनुबंध किए एवं नीलामी की बोली की पूरी राशि जमा कराए बिना ही दुकानदारों को दुकानों का कब्जा दे दिया। सत्यापन में यह भी पाया गया कि 32 दुकानों में से 13 दुकानदारों ने नीलामी की राशि लगभग 79,82,500 रुपए जमा ही नहीं की है और परिषद से अनुबंध किए बिना ही दुकानें संचालित कर रहे हैं। इन दुकानदारों से नियमानुसार किराये की राशि भी वसूल नहीं की गई है, जो लगभग 2 लाख 88 हजार रुपए होती है।

### अगल-बगल की दुकानें दिलाकर दिया लाभ

दुकानदार वैभव दुबे ने कॉम्प्लेक्स ए की दुकान नंबर 9 को नीलामी में उच्चतम बोली लगाकर प्राप्त किया था। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित दुकान नंबर 7 प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था।नियमों के अनुसार, यदि किसी आरक्षित दुकान की नीलामी तीन बार में भी नहीं हो पाती है, तो परिषद उस आरक्षित दुकान को अनारक्षित घोषित कर पुन: नीलामी की कार्यवाही कर सकती है। वैभव दुबे के आवेदन पर नगर परिषद लखनादौन की प्रेसिडेंट इन काउंसिल की बैठक में मात्र प्रस्ताव पारित कर, उनके आवेदन के आधार पर उन्हें दुकान क्र. 9 की नीलामी में प्राप्त राशि पर ही आरक्षित दुकान क्र. 7 आवंटित करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। बिना पुन: नीलामी कराए ही दुकान आवंटित कर दी गई, जबकि दुकान नंबर 6 उनकी पत्नी के नाम से प्राप्त हुई थी। इस प्रकार श्री वैभव दुबे को अगल-बगल की दुकानें प्राप्त करने में अवैध लाभ दिया गया।

### इन लोगों पर दर्ज हुआ मामला

शिकायत के बाद जांच करते हुए सोमवार को ईओडब्ल्यू ने नगर पालिका परिषद लखनादौन के तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी गजेंद्र पांडे, गीता वाल्मीकि तथा राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षक रवि झारिया द्वारा दुकानदारों भागचंद्र अहिरवार, तेजस्व जैन, शैलेन्द्र उर्फ सोनू यादव, सीमा गोल्हानी, संगीता गोल्हानी, बुलबुल जैन, खूबचंद चौकसे, सतीश उइके, देवेंद्र राय श्रीवास्तव, सतेंद्र विश्वकर्मा, गणेश पटेल, विकास नामदेव एवं शिवप्रसाद गोल्हानी से मिलीभगत कर अपने पद का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज किया है। लोकसेवक होने के नाते उन्हें न्यस्त संपत्ति का बेईमानी से दुरुपयोग कर दुकानदारों से नीलामी की राशि वसूल किए बिना एवं अनुबंध किए बिना ही दुकानों का कब्जा दे दिया गया, जिनमें वर्तमान में दुकानें संचालित हो रही हैं। इससे शासन को लगभग 83 लाख रुपए की क्षति हुई है।

# एलपीजी से चलने वाले वाहन नहीं ले जा सकेंगे स्कूली बच्चे

## कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध, एक अप्रैल से आदेश लागू



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने आदेश जारी कर जिले में एक अप्रैल के से एलपीजी से चलने वाले वाहनों से स्कूली छात्र-छात्राओं के परिवहन को प्रतिबंधित कर दिया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि एक अप्रैल के बाद यदि कहीं एलपीजी से संचालित वाहनों से स्कूली बच्चों का परिवहन पाया जाता है तो उसे इस आदेश का उल्लंघन माना जायेगा तथा संबंधित विद्यालय और वाहन स्वामी पर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिला दंडाधिकारी ने आदेश में सभी स्कूलों के प्रबंधन को प्रतिबंध की निर्धारित तिथि से पूर्व एलपीजी से संचालित वाहनों के स्थान पर वैधानिक रूप से अनुमन्य एवं फिटनेस प्रमाणित वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी है।

***नियम का पालन कराएंगे एसडीएम***- उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को स्कूली वाहनों का सत्यापन करने और एलपीजी से संचालित वाहनों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये हैं। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने की जिम्मेदारी दी है। इसके साथ ही पुलिस अधिकारियों को विद्यालयीन समय के दौरान स्कूली वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण करने कहा है। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रतिबंधात्मक आदेश से सभी स्कूलों को अवगत कराने तथा स्कूलों के प्रबंधन को आदेश का समयबद्ध पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं।

## प्रमोद कुमार खत्री ने संभाला पमरे महाप्रबंधक का पदभार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियर्स (आईआरएसईई) वर्ष -1990 बैच की वरिष्ठ रेल अधिकारी प्रमोद कुमार खत्री ने रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार 28 फरवरी 2026 को सेवानिवृत हुई पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के स्थान पर रविवार 01 मार्च को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण किया है। महाप्रबन्धक का कार्यभार ग्रहण करने से पहले श्री खत्री को अपर महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेल एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स जैसे महत्वपूर्ण पदों के कार्य का अनुभव प्राप्त है। साथ ही रेल परिचालन, प्लानिंग, डिजाइन और नियंत्रण, रख-रखाव, निर्माण और विभिन्न परियोजनाओं में समृद्ध अनुभव भी प्राप्त है। उन्होंने रेलवे के कामकाजी बुनियादी ढांचे के विकास, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इलेक्ट्रिकल, आईटी आधुनिकीकरण, व्यवसाय विकास और सतर्कता, संरक्षा आदि विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है। रेल सेवा के दौरान उनके कार्य और नेतृत्व को विभिन्न मंचों पर सराहा गया भी किया गया है।

## ई-रिक्शा चालक को चप्पलों से पीटा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



गोराबाजार क्षेत्र में रविवार शाम मारपीट की एक घटना सामने आई है। यहां एक कार चालक ने मामूली टक्कर के बाद ई-रिक्शा चालक की चप्पलों से जमकर पिटाई कर दी। घटना का वीडियो पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, जो सोमवार को सोशल मीडिया पर सामने आया है। जानकारी के मुताबिक रविवार शाम एक सफेद कार गोराबाजार इलाके से गुजर रही थी। इसी दौरान सामने से बस आने पर कार चालक ने अचानक वाहन को किनारे खड़ा कर दिया। पीछे से आ रहा ई-रिक्शा कार से टकरा गया। टक्कर के बाद कार चालक गाड़ी से नीचे उतरा और ई-रिक्शा चालक पर भड़क गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा चालक लगातार माफी मांगते हुए कह रहा था कि उसकी कोई गलती नहीं है, लेकिन कार चालक ने उसकी एक न सुनी और चप्पलों से उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान ई-रिक्शा चालक के चेहरे पर चोट आई है। मौके पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर किसी तरह विवाद को शांत कराया, जिसके बाद दोनों पक्ष अपने-अपने रास्ते चले गए। मामला फिलहाल थाने तक नहीं पहुंचा है। पुलिस का कहना है कि यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## स्कूल में लगी टीवी उड़ा ले गए चोर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में सुभाष उपाध्याय उम्र 65 वर्ष निवासी प्रज्ञा कालोनी सहजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह सहजपुर में आईडियल पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल सहजपुर में एकाउंटेंट के पद पर पदस्थ है। पिछले दिनों स्कूल बंद कर अपने घर चला गया था। स्कूल आकर देखा स्कूल के रूम नम्बर 63 में लगी सेनसुई कम्पनी की 42 इंच वाली एलसीडी कीमती लगभग 30 हजार रूपये की गायब थी। स्कूल में लगे सीसीटीवी चैक करने पर कोई अज्ञात व्यक्ति स्कूल में पीछे के रास्ते से प्रवेश कर स्कूल में घुसकर रूम नम्बर 63 में लगी एलसीडी चुराकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दूसरे शहरों से आ रहे मावे की खाद्य अधिकारियों ने की जांच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने चलाये जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के संयुक्त जांच दलों ने जिले के विभिन्न स्थानों पर मावा परिवहन तथा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान आईएसबीटी, शहपुरा बस स्टैण्ड तथा रेल्वे स्टेशन पर प्रदेश के उत्तरी क्षेत्र की ओर से आने वाली बसों तथा ट्रेनों के पार्सल का निरीक्षण किया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवेंद्र दुबे के अनुसार निरीक्षण के दौरान कार्यपालिक दंडाधिकारी मौसमी केवट के नेतृत्व में शहपुरा स्थित कान्हा डेयरी पर फैट स्प्रेड का विक्रय कवर को हटाकर बटर के रूप में होना पाये जाने पर लगभग 10 किलोग्राम विनष्ट कराया गया। इसी प्रतिष्ठान पर मसालों के 20 एक्सपायर्ड पैकेट विनष्ट कराये गये। इसके अलावा तिलवारा स्थित नर्मदा डेयरी से मावा एवं पनीर, यादव कॉलोनी स्थित गुप्ता कैटरर्स से मावा और रजवाड़ी स्वीट्स, त्रिमूर्तिनगर स्थित मावा निर्माण इकाई कपिला डेयरी से मावा और पनीर, गोरखपुर स्थित केसरवानी स्वीट्स से नमकीन एवं पेडा, बीकानेर स्वीट्स से दूध बर्फी और नमकीन, सदर बाजार स्थित प्रेम स्वीट्स से मलाई कतली और नमकीन, राजभोग स्वीट्स से नमकीन और भाखरवडी तथा मालवीय चौक स्थित हीरा स्वीट्स से ड्राई कचौडी के नमूने परीक्षण हेतु लिये गये।

## बीच बाजार खड़ा कर रखा था वाहन, पुलिस ने किया जब्त

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शहपुरा थाने में साप्ताहिक बाजार यातायात व्यवस्था के दौरान दोपहर को श्रृद्धा स्टोर्स झंडा चौक शहपुरा से वाहन का चालक ब्रजेश सिंह ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 1 शहपुरा का अपना पिकअप वाहन बीच रोड़ में खड़ी कर मार्ग अवरूद्ध किया गया था। जिससे आने जाने वालों को परेशानी हो रही थी। वाहनों की लम्बी कतार लगी थी। मौके पर पहुंची पुलि ने वाहन चालक ब्रजेश सिंह ठाकुर से वाहन जब्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही की।

## नॉन इंटरलॉकिंग का चलेगा कार्य 2 जोड़ी ट्रेनें रहेंगी प्रभावित



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के गोंदिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म-4 पर वॉशेबल एप्रॉन अधोसंरचनात्मक कार्य हेतु नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए प्रस्तावित ब्लॉक के कारण कुछ ट्रेनें निरस्त, मार्ग परिवर्तित एवं शॉर्ट टर्मिनेट/ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में आगमी 2 मई से 18 मई तक रीवा से चलने वाली गाड़ी संख्या 11754 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन एक्सप्रेस ट्रेन 08 ट्रिप वाया जबलपुर-नैनपुर-छिंदवाड़ा होकर गंतव्य को जाएगी चलेगी। 3 मई से 19 मई तक नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 11753 नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन 08 ट्रिप वाया छिंदवाड़ा-नैनपुर-जबलपुर होकर गंतव्य को जाएगी चलेगी। गाड़ी संख्या 51707 जबलपुर-गोंदिया पैसेंजर ट्रेन दिनांक 3 से 22 मई तक बिरसोला स्टेशन पर शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा बिरसोला से गोंदिया के मध्य निरस्त रहेगी। गाड़ी संख्या 51708 गोंदिया-जबलपुर पैसेंजर ट्रेन 3 से 22 मई 2026 तक बिरसोला रेलवे स्टेशन से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा गोंदिया से बिरसोला के मध्य निरस्त रहेगी।

# फर्जीवाड़ा कर जालसाजों ने रेलवे में हासिल की नौकरी

## बायोमैट्रिक जांच में हुआ खुलासा

## सीबीआई ने आरोपियों को बिहार से किया गिरफ्तार भेजे गए जेल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

रेलवे में फर्जीवाड़ा और जालसाजी करते हुए नौकरी पाने वाले दो युवकों को सीबीआई की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बिहार के मुंगेर जिले के रहने वाले हैं। युवकों के बीच नौकरी को लेकर 6 लाख रुपए का सौदा हुआ था। सीबीआई ने धोखाधड़ी और जालसाजी करने वाले दोनों आरोपियों को बिहार से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।



***ये है पूरा मामला***- भारतीय रेलवे में 2024 में अलग-अलग पदों के लिए लगभग 8 हजार से अधिक भर्तियां निकली थी। इसमें देश भर से अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इसमें टेक्नीशियन का पद भी था। मुंगेर निवासी मुकेश कुमार ने इस पोस्ट के लिए फार्म भरा। मुकेश ने पड़ोस के ही रंजीत कुमार जो कि कोचिंग पढ़ाया करता है, उससे संपर्क किया। मुकेश ने डील की कि उसकी नौकरी लग जाती है, तो 6 लाख रुपए नकद देगा। मुकेश ने रंजीत कुमार से परीक्षा में बैठने से लेकर नौकरी लग जाने तक के लिए 6 लाख रुपए देने की बात कही। वह लालच में आ गया और मुकेश के स्थान पर बैठने के लिए तैयार हो गया। अप्रैल 2024 में फार्म भरा गया। जहां दिसंबर में पटना सीबीटी में परीक्षा हुई। एग्जाम पास करन के बाद दस्तावेज सत्यापन और मेडिकल के लिए भोपाल बुलाया गया। यहां पर भी रंजीत कुमार, मुकेश बनकर पहुंचा। मेडिकल कोटा अस्पताल में हुआ। जुलाई 2025 में पैनल बैठी। जहां मुकेश का सिलेक्शन हो गया।

### सालभर के अंदर होता है बायोमैट्रिक सत्यापन

मुकेश की टेक्नीशियन के पद पर नौकरी लग चुकी थी। सितंबर 2025 में उसकी ज्वाइनिंग हो गई। इस दौरान मुकेश कुमार ने दमोह, सागर और जबलपुर में काम किया। अक्टूबर 2025 में ट्रेनिंग के लिए मुकेश कुमार को प्रयागराज भेज दिया गया। रेलवे में नियम है कि नई भर्ती वाले कर्मचारियों का एक साल के भीतर बायोमैट्रिक के जरिए सत्यापन होता है। 14 नवंबर 2025 को जब टेस्ट हुआ तो उसमें मुकेश के अंगूठे और चेहरे का मिलान नहीं हो पाया और वह फेल हो गया। इसके बाद बिना जबलपुर में रुके मुकेश वहां से गायब हो गया और सीधे बिहार आ गया। जबलपुर मंडल की ओर से इस फर्जीवाड़े में सीबीआई को लिखित में शिकायत दी गई, जिसके बाद 2 दिसंबर 2025 को मुकेश कुमार के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।

### गूगल से तैयार की थी फोटो

नौकरी के इस फर्जीवाड़े में सीबीआई को सबसे चौंकाने वाली जानकारी तब हाथ लगी, जब फॉर्म में लगी फोटो देखी। पूछताछ के दौरान रंजीत ने बताया कि जो फोटो लगाई गई थी, उसे गूगल से तैयार किया था, जिसमें रंजीत-मुकेश की मिक्सिंग की थी। प्लान था कि अगर पहचान में आते तो कह सकते थे कि ये पुरानी फोटो है और पहले इसी तरह से नजर आते थे। सीबीआई ने जांच में पाया कि मुंगेर निवासी मुकेश कुमार की कोचिंग चलती है, जहां वह कई लोगों को पढ़ाया करता है। सीबीआई अब यह भी जांच कर रही है, कि क्या मुकेश कुमार ने किसी और शख्स की भी परीक्षा में बैठकर मदद करते हुए नौकरी लगवाई है।

# एचपीवी टीकाकरण अभियान को बनाएं प्रभावी: कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित विभिन्न समस्याओं की विभागवार समीक्षा कर कमियों की पूर्ति करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही कहा कि होली पर्व के दौरान दुग्धी संबंधी उत्पादों की जांच करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जितने भी होली जलाने के स्थान हैं उनका नि:शुल्क पंजीयन करें और उनमें गौकाष्ट का उपयोग करें। उन्हों ने पीएम स्वनिधि प्रधानमंत्री जन मन योजना, किसानों की ई-केवायसी, पहली कक्षा में प्रवेश उत्स वए वन ग्राम, राजस्व ग्राम, स्वंरोजगार योजनाओं का संचालन के संबंध में विशेष चर्चा कर आवश्यकक निर्देश दिये। इसके अलावा सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा भी की। उन्हों ने कहा कि प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय सीमा में करना सुनिश्चित कर आपेक्षित प्रगति लाएं। कलेक्टर श्री सिंह ने एचपी वेक्सीनेशन के संबंध में जानकारी देकर कहा कि इसके लिए एक राष्ट्रव्यापी मुफ्त टीकाकरण अभियान शुरू किया है।

सर्वाइकल कैंसर जैसे बीमारियों के बचाव के लिए 14-15 वर्ष की किशोरियों को सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में यह टीका मुफ्त लगाया जा रहा है। अभी जिले में 13 सेंटर बनाये गये हैं और अगले हफ्ते 33 सेंटर बनाये जायेंगे।








हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**